www.epaper.azadsipahi.in

13 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 86



जोशीमठ में होटल मलारी इन गिराने की कार्रवाई शुरू, प्रदर्शनकारियों को हटाया गया







### राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चल रहा नक्सलियों के खिलाफ अभियान

# चाईबासा में जवान घायल, बूढ़ा पहाड़ में आइइडी बरामद और बुढ़मू में मुठभेड़

- चाईबासा में लगातार दूसरे दिन भी आइइडी ब्लास्ट, तीन जवान हुए घायल
- रांची के बुढ़मू इलाके से रायफल और अन्य समान बरामद
- बूढ़ा पहाड़ के लाटू जंगल से सात आइइडी बरामद किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/चाईबासा/बुढ़मू।** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में नक्सलियों की कमर टूट गयी है। कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों के बड़े कैंप और ठिकानों पर अब सुरक्षा बलों का कब्जा कर लिया है। कई नक्सली सुरक्षित ठिकानों की तलाश में भटक रहे हैं। उन्होंने बचाव के लिए जगह-जगह लैंड माइंस बिछा रखा है। नतीजतन इसकी चपेट में पुलिस के जवान भी आ रहे हैं। इसी क्रम में चाईबासा में लगातार दूसरे दिन आइआइडी ब्लास्ट में तीन जवान चपेट में आ गये। तीनों जवानों को इलाज के लिए तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया।

उधर, रांची के बुढ़मू में सर्च के दौरान रायफल और अन्य सामान बरामद हुए, तो बूढ़ा पहाड़ के लाटू जंगल से सात आइइडी बरामद किया गया।



## चाइबासा से तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

चाईबासा। चाईबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित तुम्बाहाका में गुरुवार को एक बार फिर आइइडी के चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गये। घायल जवान कोबरा बटालियन के हैं। इससे पहले बुधवार को आइआइडी ब्लॉस्ट में पांच जवान घायल हुए थे। कई दिनों से चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान जवान आइइडी की चपेट में आये। तीनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। जानकारी के अनुसार घायल हुए जवानों में संतोष सिंह, सौरव कुमार और अमरेश सिंह शामिल हैं।

## बुढ़मू के जंगल में टीपीसी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़

बुढ़मू। रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र की जंगल में गुरुवार को पुलिस और टीपीसी उग्रवादी संगठन बीच मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। हालांकि पुलिस ने मौके से राइफल समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। अपराधियों के खिलाफ सर्च अभियान जारी रखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जिले के एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि टीपीसी उग्रवादी बुढ़मू इलाके के चेनगढ़ा के लुकैया जंगल में जमा होकर बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जिसके बाद खलारी डीएसपी अनिमेश नैथानी के नेतृत्व में एसएसपी के स्पेशल दस्ता, बुढ़मू थाना, ठाकुरगांव थाना और पिठोरिया थाना पुलिस की टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने सर्च अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गयी। पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी भाग गये। बताया जाता है कुछ उग्रवादी को गोली लगने की आशंका है।

## बूढ़ा पहाड़ के लाटू जंगल में सर्च अभियान

गारू। बारेसाढ़ थाना अंतर्गत नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ से सटे टोंगारी जंगल मे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों द्वारा लगाया गया सात लैंड माइन्स बरामद किया, इसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। बूढ़ा पहाड़ मे जिला पुलिस और सीआरपीएफ 112 बटालियन के संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सफलता मिली। इस संबंध में 112वीं बटालियन के प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि डी कम्पनी के एसएटी बीडीडीएस, डॉग स्क्वायड और सिविल पुलिस प्रतिनिधि के साथ ने अभियान चलाया गया। इसमे ढुंगारी पहाड़ी पर दो अगल-अलग जगह से सात आइइडी बम बरामद किया गया। माओवादियों ने बम को मिट्टी में दबा रखा था। उन्होंने बताया कि अभियान में 112 बटालियन के नरेन्द्र कुमार सारण, द्वितीय कमान अधिकारी, सहायक कमांडेंट राकेश कुमार शामिल थे।

# घर में घुस कर आर्मी जवान को मार डाला



- चार -पांच अज्ञात अपराधियों ने घर में घुस कर आर्मी जवान को मार डाला, पत्नी को किया बेहोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के खोरा जामटोली में बुधवार की देर रात चार से पांच की संख्या में आये अज्ञात अपराधियों ने आर्मी जवान परना उरांव की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। इस हमले में बीच-बचाव कर रही आर्मी जवान की पत्नी बुद्धेश्वरी देवी भी घायल हो गयी है। बुद्धेश्वरी देवी का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार आर्मी जवान परना उरांव दिल्ली में पोस्टेड है। वह 5 जनवरी को छुट्टी पर आया था। पति-पत्नी अपने तीन साल के बच्चे के साथ बुधवार की रात्रि भोजन कर रहे थे। तभी हमलावरों ने महिला बुद्धेश्वरी देवी के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गयी। जब उसे होश आया तो देखा कि उनका पति घायल हालत में छटपटा रहा है। इसके बाद गांव के बगल के ही अपने रिश्तेदार को फोन किया और रात में ही सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने परना उरांव को मृत घोषित कर दिया।

# शरद यादव का निधन

### बेटी ने सोशल मीडिया में लिखा- पापा नहीं रहे



**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी ने दी। उनकी बेटी सुभाषिनी शरद यादव ने फेसबुक पोस्ट के जरिये की पुष्टि। उन्होंने 75 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके शरद यादव का निधन गुरुग्राम के फोर्टिस हॉस्पिटल में हुआ। शरद यादव अटल बिहारी वाजपेई सरकार में केंद्रीय मंत्री थे।

**गुरुग्राम के अस्पताल में शरद यादव ने ली आखिरी सांस :** बता दें कि शरद यादव की बेटी सुभाषिनी यादव ने इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात करीब 9.30 बजे फोर्टिस अस्पताल में शरद यादव का निधन हुआ है। जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन के बाद पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गयी है।

### तृणमूल विधायक जाकिर हुसैन के यहां आयकर छापा

# घर और कारखाने में छापे के दौरान 16 करोड़ रुपये मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेताओं की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बार राज्य के पूर्व मंत्री व मुर्शिदाबाद के जंगीपुर से तृणमूल विधायक जाकिर हुसैन के घर व कारखाने पर आयकर विभाग ने छापामारी की। इस दौरान हुसैन के घर, आफिस, गोदाम, फैक्ट्री से 11 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। आयकर विभाग ने जंगीपुर के अलावा दिल्ली और कोलकाता में भी अभियान चलाया है। अभी तक कुल 16 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। आयकर विभाग के सूत्रों ने कहा कि 11 करोड़ रुपये में से नौ करोड़ रुपये उनके आवास से बरामद किए गये, जबकि बाकी दो करोड़ रुपये एक बीड़ी और चावल फैक्ट्री से मिले हैं। हालांकि नकद बरामदगी पर तृणमूल विधायक ने कहा कि यह रुपये कारखानों के श्रमिकों का वेतन देने के लिए रखे गये थे। उनके मेरे परिसर में आने पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन कार्रवाई का तरीका अलग हो सकता था। मैं कोई अपराधी नहीं हूं। मैं एक व्यापारी होने के साथ-साथ एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी हूं। यह मुझे परेशान करने और सार्वजनिक रूप से मेरी छवि खराब करने के अलावा और कुछ नहीं है। मैं पिछले 23 वर्षों से नियमित और ईमानदार करदाता हूं। इस बीच भारी मात्रा में नकदी के अलावा आयकर विभाग ने जिन जगहों पर छापामारी की, वहां से कई कागज और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज भी जब्त किये। आयकर विभाग ने नकद बरामदगी के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को भी सूचित कर दिया है।



# आज कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी से इडी करेगी पूछताछ

### विधायक कैश कांड मामले में इडी ने भेजा था समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पैसा लेकर सरकार गिराने की साजिश रचने के आरोपी जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी से शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) पूछताछ करेगी। उनसे पूछा जाएगा कि कोलकाता पुलिस ने जो 49 लाख रुपये बरामद किये थे, वह पैसा किसका था? कहां से कहां जाना था? साथ ही वे अगर किसी भाजपा नेता के संपर्क में थे वह कौन है? मालूम हो कि बीते साल जुलाई माह में कोलकाता पुलिस ने कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को पैसे के साथ गिरफ्तार किया था। तीनों विधायक जेल में भी रहे थे। अभी जमानत पर हैं। इस मामले में अरगोड़ा थाना में बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें सरकार गिराने की साजिश की बात थी। कोलकाता सीआइडी ने इस केस को टेकओवर कर लिया था। अब इस मामले की जांच इडी कर रही है। इडी पिछले दिनों अनूप सिंह से पूछताछ कर चुकी है। इसी कड़ी में 13 जनवरी को इरफान अंसारी, 16 जनवरी को राजेश कच्छप और 17 को नमन विक्सल कोंगाड़ी से पूछताछ की जायेगी।



### हुबली में युवा महोत्सव के उद्घाटन, रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन किया स्वीकार

# युवाओं की उड़ान के लिए रनवे तैयार : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुबली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के हुबली में 12 जनवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। हुबली में युवा महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'उठो, जागो और लक्ष्य से पहले मत रुको'- विवेकानंद जी का यह उद्घोष भारत के युवाओं का जीवन मंत्र है। कर्नाटक से स्वामी विवेकानंद के जुड़ाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अपने जीवनकाल में कर्नाटक की बहुत यात्राएं की थी। इन यात्राओं ने उनके जीवन में बहुत मदद की थी। मैसूर के महाराजा ने स्वामी जी की शिकागो यात्रा में उनकी बहुत मदद की थी।

**युवा शक्ति का दोहन करने के लिए विचारों से युवा होना होगा :** पीएम मोदी ने कहा कि युवा शक्ति का दोहन करने के लिए हमें अपने विचारों से युवा होना होगा। युवा होना हमारे प्रयासों में गतिशील होना है। युवा होना हमारे परिप्रेक्ष्य में मनोरम होना है। युवा होना व्यावहारिक होना है। अगर दुनिया समाधान के लिए हमारी ओर देखती है, तो यह हमारी अमृत पीढ़ी के समर्पण के कारण है। युवा शक्ति भारत की यात्रा की प्रेरक शक्ति है। अगले 25 साल राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।



**बीते 8-9 सालों में रखी गयी है मजबूत बुनियाद :** पीएम मोदी ने कहा कि हर मिशन के लिए बुनियाद की जरूरत होती है, चाहे अर्थव्यवस्था हो या शिक्षा, खेल हो या स्टार्ट अप, कौशल विकास हो या डिजिटलाइजेशन हर क्षेत्र में एक मजबूत बुनियाद पिछले 8-9 साल में रखी गयी है। आपकी उड़ान के लिए रनवे तैयार है।

**हमारा लक्ष्य भारत को शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में ले जाना**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य इसे दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में ले जाना है। देश की यह आर्थिक वृद्धि हमारे युवाओं के लिए अपार अवसर लाएगी। पीएम ने कहा कि आज हम कृषि में अग्रणी वैश्विक शक्ति हैं। कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन से एक नई क्रांति आने वाली है। यह युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा, नई ऊंचाइयों को छूने का एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि खेलों में भी भारत बड़ी वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई चूक :** हुबली में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना भी देखने में आई। रोड शो के दौरान एक शख्स अचानक उनके वाहन के नजदीक पहुंच गया और उन्हें माला पहनाने की कोशिश की। हालांकि सतर्कता बरतते हुए पीएम की सुरक्षा में तैनात जवान उसे किनारे खींच ले गये।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



# रांची को जाम मुक्त बनाने के लिए अब शुरू हुआ गंभीर प्रयास

## पांच ओवरब्रिज बन जाने से लोगों को कई सुविधाएं होंगी : योजनाएं तो कई बार बनीं, पर पहली बार जमीन पर दिख रहा है काम

झारखंड की राजधानी रांची, जो कभी हिल स्टेशन के रूप में प्रसिद्ध थी, इन दिनों भयानक प्रदूषण की चपेट में है। इसकी मुख्य वजह यहां होनेवाला ट्रैफिक जाम है, जिसके निदान के लिए पिछले 22 साल में योजनाएं तो कई बार बनायी गयीं, लेकिन उन योजनाओं को कभी लागू नहीं किया गया। लेकिन अब पहली बार ऐसा लग रहा है कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए गंभीर हुई है और तमाम अवरोधों-विरोधों के बावजूद रांची शहर में पांच ओवरब्रिज के निर्माण का काम जमीन पर दिखने लगा है। करीब दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद रांची शहर को न केवल ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जायेगी, बल्कि आम लोगों को कई तरह की सुविधाएं भी हासिल हो जायेंगी। इससे रांची का शहरी जीवन स्तर भी सुधरेगा और आर्थिक बचत भी होगी। इन पांच ओवरब्रिज में कांटाटोली ओवरब्रिज, सिरमटोली-मेकन चौक केबल स्टे ब्रिज, चुटिया का रेलवे ओवरब्रिज, रातू रोड-सहजानंद चौक ओवरब्रिज और पिस्का मोड़-राजभवन एलीवेटेड रोड शामिल हैं। इन पांच परियोजनाओं की कुल लंबाई करीब 12.5 किलोमीटर है। इन पांच परियोजनाओं के पूरा होने के बाद रांची के लोग ही नहीं, यहां आनेवाले बाहर के लोग भी सकून महसूस करेंगे, इस बात में कोई संदेह नहीं है। रांची शहर की इन पांच महत्वपूर्ण परियोजनाओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि यदि किसी समस्या का समाधान करने के लिए 60 मिनट का समय दिया जाये, तो 55 मिनट तक समस्या का अध्ययन करो, समाधान बाकी पांच मिनट में निकल जायेगा। लेकिन झारखंड में इसका ठीक उल्टा होता रहा है। यहां किसी समस्या के बारे में महज पांच मिनट सोचा जाता है और बाकी 55 मिनट उसके समाधान पर खर्च कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां की कोई भी समस्या आज तक पूरी तरह हल नहीं हो सकी है, लेकिन सरकार के खजाने से करोड़ों-अरबों का खर्च हो गया।

अब झारखंड की राजधानी रांची में जाम की समस्या को ही लें। इस समस्या से निजात पाने के लिए पिछले 22 वर्ष में कई योजनाएं बनीं, परामर्शी कंपनियां नियुक्त की गयीं, उन्हें करोड़ों की फीस दी गयी, उन कंपनियों ने रिपोर्ट भी बनायी, लेकिन रांची शहर की यह समस्या आज भी विकराल रूप में सामने है। हाल ही में एक ग्लोबल संस्था 'बेटर लीविंग' ने रांची के शहरी जीवन स्तर को केवल ट्रैफिक जाम के कारण राज्यों की राजधानियों में सबसे निचले पायदान पर रखा था। संस्था ने कहा था कि रांची में ट्रैफिक जाम के कारण जहां प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, वहीं ईंधन की खपत और दूसरे आर्थिक नुकसान की वजह से लोग चिड़चिड़े होने लगे हैं। संस्था का यह निष्कर्ष बहुत हद तक सही भी लगता है। यहां पिछले 15 वर्षों में कागज पर 10 से अधिक सड़क और फ्लाइओवर बन गये, लेकिन धरातल पर एक सड़क तक चौड़ी नहीं हुई, क्योंकि सरकार बदलने के साथ अफसर बदलते रहे और उनकी प्राथमिकताएं भी। हर सरकार ने पिछली सरकार में बनी योजनाओं को डंप करके नयी योजनाओं पर काम शुरू कराया। इसका नतीजा यह हुआ कि न कोई योजना शुरू हुई और न कोई लाभ हुआ। शहर में वाहनों की संख्या बेहिसाब बढ़ गयी, लेकिन सड़कें वैसी की वैसी ही रहीं।



### अब जमीन पर दिख रही है कोशिश

लेकिन 22 वर्षों में पहली बार रांची शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए सरकार और प्रशासन गंभीरता से प्रयास कर रहा है। खास बात यह है कि यह कोशिश जमीन पर दिखने लगी है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि अब अधिकारियों ने समस्या का मूल कारण समझ लिया है। उन्हें पता चल गया है कि योजनाएं बनाने से काम नहीं चल सकता, उन्हें लागू करने का भी ब्लूप्रिंट तैयार होना चाहिए। इसलिए अब रांची शहर में पांच नये ओवरब्रिज के निर्माण का काम जोर-शोर से जारी है। इनमें कांटाटोली ओवरब्रिज, सिरमटोली-मेकन चौक केबल स्टे ब्रिज, चुटिया का रेलवे ओवरब्रिज, रातू रोड-सहजानंद चौक ओवरब्रिज और पिस्का मोड़-राजभवन एलीवेटेड रोड शामिल हैं।

### 224 करोड़ में बन रहा कांटाटोली ओवरब्रिज

कांटाटोली चौक पर बननेवाले ओवरब्रिज पर 224 करोड़ रुपये खर्च होंगे। करीब ढाई किलोमीटर लंबे इस ओवरब्रिज का एक हिस्सा कोकर शांति नगर में होगा, तो दूसरा हिस्सा बहु बाजार के पास। इस ओवरब्रिज के लिए कुल 42 पिलर बनाये जाने हैं, जिनमें से 10 बन कर तैयार हैं। 2024 में इसके चालू हो जाने की संभावना है। इस परियोजना के रास्ते में आनेवाली तमाम बाधाओं को दूर कर दिया गया है।

### एक किमी लंबा होगा चुटिया ओवरब्रिज

चुटिया पावर हाउस के पास करीब 64 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले रेलवे ओवरब्रिज का आधा खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। यह ओवरब्रिज एक किलोमीटर लंबा होगा और करीब दो लाख लोग इससे लाभान्वित होंगे। इस ओवरब्रिज के लिए जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। इस परियोजना के दो साल में पूरा होने की उम्मीद है।

### सिरमटोली-मेकॉन चौक केबल स्टे ब्रिज पर खर्च होंगे 337 करोड़

रांची शहर के लिए सबसे उपयोगी साबित होनेवाला है सिरमटोली-मेकॉन चौक के बीच बन रहा केबल स्टे ब्रिज, जो मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी-लिंक की तर्ज पर बन रहा है। कुल 2.34 किलोमीटर लंबा यह स्टे ब्रिज रांची में अभी सबसे पुराने ओवरब्रिज को राहत देगा। इस पर 337 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे और इसका निर्माण भी तेजी से चल रहा है। इसके 2024 में पूरा होने की उम्मीद है।

### डबल डेकर होगा रातू रोड-हरमू ओवरब्रिज

रातू रोड से हरमू के सहजानंद चौक तक बनने वाला ओवरब्रिज रांची का एक माइलस्टोन होगा। करीब तीन किलोमीटर लंबा यह ओवरब्रिज डबल डेकर होगा और बिरसा मुंडा राजपथ पर ट्रैफिक के लोड को कम करेगा। खास बात यह है कि इस परियोजना के लिए कोई जमीन अधिग्रहण नहीं होगा। इस पूरी परियोजना पर करीब पांच सौ करोड़ खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस परियोजना का डीपीआर तैयार किया जा रहा है।

### रातू रोड एलीवेटेड रोड पर 900 करोड़ खर्च होंगे

इन चार परियोजनाओं के अलावा रातू रोड एलीवेटेड रोड परियोजना रांची शहर के लिए वरदान साबित होनेवाली है। करीब साढ़े तीन किमी लंबी यह सड़क पिस्का मोड़ से शुरू होकर राजभवन तक जायेगी। इस परियोजना पर नौ सौ करोड़ खर्च होने का अनुमान है। यह परियोजना पुरानी है, लेकिन विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों के विरोध के कारण इस पर काम शुरू नहीं हुआ था। वर्तमान सरकार ने इस परियोजना पर काम शुरू कर साबित कर दिया है कि वह रांची शहर की इस प्रमुख परियोजना को पूरा करने की दिशा में गंभीर हैाानकारों का कहना है कि इन सभी परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर रांची में जाम की समस्या पूरी तरह खत्म हो जायेगी, जिस तरह बिहार की राजधानी पटना में हुई। रांची शहर की इस समस्या को खत्म करने की दिशा में पहली बार कोई सरकार गंभीरता से काम कर रही है, तो इसकी तारीफ तो होनी ही चाहिए।

---

## सरायकेला में भीषण सड़क हादसा

# पिकअप वैन पलटने से सात मजदूरों की मौत, आठ घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के खैरबनी गांव के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है। इसमें सात मजदूरों की मौत हो गयी है, जबकि आठ मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। यह हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। अनियंत्रित होकर पिकअप वैन के पलटने से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी।



### 20 मजदूर थे सवार

बताया जा रहा है कि पिकअप वैन में करीब 20 मजदूर सवार थे, जो चाइबासा से जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पिकअप वैन राजनगर थाना क्षेत्र के खैरबनी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिसमें आठ मजदूर घायल हो गये हैं। घायल मजदूरों में कई की स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। सभी को इलाज के लिए राजनगर सामुदायिक केंद्र लाया गया। मजदूरों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल राजनगर थाना पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दु:ख



**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला-खरसांवा में हुए सड़क हादसे में मारे गये सात लोगों के प्रति दु:ख जताया है। उन्होंने कहा है कि हादसे में मारे गये लोगों की मौत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की घड़ी सहने की शक्ति दे।**

# आदिवासियों के विकास के लिए विकास भारती ने मॉडल विकसित किया: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए विकास भारती ने एक मॉडल विकसित किया है। इसमें स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, आय-सृजन, वन एवं जल संसाधन का संरक्षण, ग्रामीण तकनीक और सामाजिक विवेक को समाहित किया गया है। बैस गुरुवार को विकास भारती संस्था की ओर से आयोजित शिल्पी मेला-सह-प्रदर्शनी के समापन और 40 दिन में 40 स्थान पर 40 कार्यक्रम के उद्घाटन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य परोपकार के मार्ग पर चलते रहें और लोक-कल्याण का कार्य करते रहें, यही मेरी कामना है।




उन्होंने कहा कि आज हमारे राष्ट्र के पास एक विशाल मानव संपदा है, जिसमें अधिक संख्या युवाओं की है। इस युवा आबादी में निहित प्रतिभा को विकसित कर उनके कौशल विकास पर ध्यान देकर आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि समाज में जागरुकता की दिशा में संस्था के हर कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करें। राज्य में मौजूद सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए संस्था को और सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है। जनजातीय समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता के आदि के साथ सरकार द्वारा उनके लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि संस्था को अपने कार्यों से राज्य में पलायन जैसी गंभीर समस्या के निदान के लिए अपनी कोशिश की गति में और तेजी लानी होगी। राज्य के लोगों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उनके हुनर को पहचान कर उसे प्रोत्साहित करने की। मेरा विश्वास है कि विकास भारती इस दिशा में गंभीरतापूर्वक काम कर अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इस मौके पर विकास भारती के संस्थापक और पदमश्री अशोक भगत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# गुमला और पलामू में 21.65 करोड़ गबन मामले की सीआइडी जांच पूरी

### अभियुक्तों को सजा के बिंदु पर जल्द सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुमला और पलामू में 21.65 करोड़ गबन मामले की सीआईडी जांच पूरी हो चुकी है। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों की सजा के बिंदुओं पर जल्द ही सुनवाई होगी। सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अनिल पालटा ने 13 मई 2020 को पलामू के विशेष भू-अर्जन उत्तरी कोयल परियोजना मेदिनीनगर से 12.60 करोड़ के गबन और गुमला में समेकित जनजाति विकास अभिकरण के 9.05 करोड़ के गबन के मामले में जांच को टेकओवर किया था।

**जाली आरटीजीएस आवेदन पत्र के माध्यम से फर्जी निकासी की गयी थी :** करोड़ों के गबन मामले के मुख्य अभियुक्त निर्भय कुमार उर्फ विवेक सिंह को सीआइडी ने बिहार के जमुई जिले के खैरमा गांव से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि निर्भय कुमार ने अपराधियों की मिलीभगत से एसबीआइ गुमला के आइटीडीए सरकारी खाते से 27 सितंबर 2019 को फर्जी चेक के माध्यम से 9.16 करोड़ और भू अर्जन कार्यालय पलामू के डाल्टनगंज एसबीआइ खाते से 12.60 करोड़ रुपये की सरकारी राशि की अवैध निकासी की थी। जिन फर्जी चेक और जाली आरटीजीएस आवेदन पत्र के माध्यम से फर्जी निकासी की गयी थी, वह गिरफ्तार अभियुक्त निर्भय के द्वारा लिखा और तैयार किया गया था। निर्भय ने अपने बयान में इसे स्वीकार किया था। इस मामले में अन्य अभियुक्तों को सीआइडी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी, जिनमें साजन उर्फ मनीष, गणेश लोहरा, पंकज तिग्गा, मो. इकबाल अंसारी, मनीष पांडेय और राजकुमार तिवारी शामिल हैं।

**गुमला में फर्जी चेक के माध्यम से हुई थी 9.05 करोड़ की निकासी :** समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला के अपर परियोजना निदेशक ने 10 अक्टूबर 2019 को गुमला थाना में कांड संख्या 324 /19 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला के खाता से एसबीआइ गुमला से जारी चेक पर फर्जी तरीके से 9.05 करोड़ रुपये ओडिशा में एक्सिस बैंक के कोटपाद शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया. एक ही व्यक्ति ने दो फर्जी हस्ताक्षर से इस राशि की निकासी की है. यह गलत ढंग से एक सुनियोजित साजिश के तहत किया गया है. दर्ज प्राथमिकी में एसबीआइ की गुमला शाखा में कार्यरत संबंधित कर्मी-पदाधिकारी को आरोपित किया गया था.

**पलामू में भू-अर्जन विभाग में 12.60 करोड़ का हुआ था घोटाला :** पलामू के विशेष भू-अर्जन कार्यालय में पिछले साल 12.60 करोड़ का घोटाला हुआ था। इसमें भू-अर्जन विभाग का नाजिर जेल भेजा गया था। इस पूरे प्रकरण में नाजिर रमाशकर सिंह उर्फ रविशंकर, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी बंका राम, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कचहरी शाखा के पूर्व मुख्य प्रबंधक, फर्जी संस्थान शीतल कंस्ट्रक्शन और फर्जी निकासी करने वाले चंदूलाल पटेल समेत सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पलामू के शहर थाना में 25 अक्टूबर 2019 को कांड संख्या 378/19 के सभी अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2018 में विशेष भू-अर्जन विभाग के नाम से एसबीआइ में संचालित खाते के चेक से शीतल कंस्ट्रक्शन ने एक बार में 4 करोड़ 20 लाख की निकासी की थी। संबंधित विभाग के खाते के चेक से चंदूलाल पटेल ने 8 करोड़ 40 लाख की दूसरी फर्जी निकासी की। इस तरह एक दिन में कुल 12 करोड़ 60 लाख की अवैध निकासी की गयी थी। जांच में पाया गया था कि बैंक के फर्जी चेक पर विशेष भू-अर्जन अधिकारी ने राशि निकाली थी।

# उद्यमियों की समस्याओं का हल ढूंढने के लिए उद्योग विभाग तत्पर : वंदना डाडेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उद्योग सचिव वंदना डाडेल ने कहा कि विभाग उद्यमियों की समस्याओं का हल ढूंढने के लिए तत्पर है। बहुत हद तक विभाग कार्यरत है लेकिन चुनौतियां अधिक है, जिनका मिलकर समाधान किया जायेगा। कुछ पॉलिसी में संशोधन की जरूरत है, जिसे किया जायेगा। जमीन संबंधी समस्या के लिए विभाग एक कमेटी बनाकर मामले में चर्चा करेगी। उद्योग सचिव गुरुवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत अन्य औद्योगिक संगठनों के सदस्यों के साथ हुई बैठक में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि चैंबर के सदस्यों से भी आग्रह है कि वे भी इस पर सुझाव विभाग को दें। जमीन लीज के मामले में अन्य राज्यों का दौरा कर मंथन किया जायेगा।

निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सर्टिफिकेट जैसी चीजों के लिए व्यापारियों को बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं है। जरूरत है तो बस विभागीय वेबसाइट के इस्तेमाल की। विभाग के आधिकारिक वेबसाइट में सभी सुविधाएं उपलब्ध है। एक ही लॉग इन आइडी से व्यापारी इसका लाभ ले सकते है। कई मामलों में निवेशकों की ओर से भी लापरवाही दर्ज की जाती है। ऐसे में जरूरी है कि सभी तत्पर रहें। विनोद अग्रवाल ने कहा कि हमारे राज्य के वनोपज की देश भर में मांग है। इमली की पैदावार राज्य में अधिक है लेकिन वैल्यू एडिशन नहीं होने के कारण कम कीमत में ही इमली दक्षिणी राज्यों में भेजी जाती है। इसके अलावा बांस और महुआ जैसे वनोपज पर भी सरकार को ध्यान देना चाहिये, जिससे ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा दिया जा सके। राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने की योजना पर काम करने की बात रखी गयी। व्यापारी अजय भंडारी ने कहा कि राज्य में बड़े उद्योगों को काफी महत्व दिया जाता है लेकिन राज्य के क्षेत्रीय उद्यमी काफी समस्याओं से जूझ रहे हैं। सीएनटी जमीन आवंटन के लिए भी अलग से प्रावधान हैं लेकिन सरकार और विभाग को इस मामले में पहल करने की जरूरत है। कई ऐसे मामले आए हैं जब उद्यमियों को जमीन के कारण किसी दूसरे राज्य में उद्योग लगाना पड़ता है। जमीन ट्रांसफर के लिए बने प्रावधानों में भी सुधार की जरूरत है। कोयला एक ऐसी वस्तु है, जिसका सभी उद्योगों में लगभग इस्तेमाल है लेकिन जेएसएमडीसी से कोयला भी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 °c | 10.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.33 बजे |



### युवा दिवस के मौके पर आजसू ने निकाला उठो, जागो संकल्प मार्च

# झारखंड में युवाओं के सपनों के बनने-बिखरने का खेल जारी, सत्ता न ले धैर्य की परीक्षा: सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** युवा दिवस के मौके पर आजसू की छात्र इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ ने उठो, जागो संकल्प मार्च निकाला। हजारों की संख्या में युवाओं ने अरगोड़ा मैदान से लेकर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पैदल चल कर सरकार का विरोध किया। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि आज आत्ममंथन का दिन है। अतीत के दहलीज से वर्तमान को समझने तथा भविष्य को संवारने का संकल्प लेने का दिन है। व्यवस्था के युवा विरोधी चरित्र के प्रतिकार का दिन है। महापुरुषों, शहीदों एवं आंदोलनकारियों के टुटते सपनों का विश्लेषण का दिन है। आज वे उठो, जागो संकल्प मार्च में युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

**सपनों के बनने बिखरने का खेल जारी :** उन्होंने कहा कि झारखंड में सपनों के बनने बिखरने का खेल बदस्तूर जारी है। युवाओं के सपनों को सीढ़ी बना कर सत्ता शिखर तक पहुंचाना तथा बेरोजगारी की आग में झुलस रहे तथा अपने हक के लिए सड़कों पर उतरे युवाओं पर सत्ता की दमनात्मक कार्रवाई आज झारखंड का एक बेहद अफसोसजनक एवं पीड़ादायक सच है। युवाओं के धैर्य को आज सत्ता ललकार रही है। अपने भविष्य निर्माण में उनके निरंतर प्रयासों को सत्ता लगातार कुचल रही है। युवाओं के दर्द को उसके आंखों में तैर रहे आक्रोश से समझा जा सकता है। झारखंड सरकार के अविवेकपूर्ण तथा भ्रामक नीतियों के कारण राज्य के हजारों युवा सड़कों पर हैं।

**सरकार की गलत नीतियों के शिकार बन रहे युवा :** सरकार की नियोजन नीति पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद सरकार की गलत नीतियों के कारण इन युवाओं के लिए रोजगार के सारे दरवाजे बंद हैं। अनिश्चित भविष्य इन युवाओं को उद्वेलित कर रहा है। यदि युवाओं में व्याप्त इस बेचौनी तथा नैराश्य का शीघ्र समाधान करने में सरकार विफल रही तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। युवाओं के बिखरते उम्मीद टूटते सपने तथा अपमान राज्य में कई प्रकार के बिखराव एवं टकराव को जन्म देगा।

**हजारों युवाओं सरकार की वादा खिलाफी पर आवाज किया बुलंद :** सुदेश महतो ने कहा कि बेहतर झारखंड के निर्माण के लिए युवान्मुखी व्यापक सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक परिवर्तन के लिए नए संकल्प के साथ युवाओं को आगे आने का आज हम अपील करते हैं। बताते चलें कि अखिल झारखंड छात्र संघ के नेतृत्व में आज हजारों झारखंडी नौजवान सड़क पर उतरकर सरकार की वादा खिलाफी और असंवैधानिक नीतियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रथ रवाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रांची समाहरणालय परिसर से गुरुवार को जागरुकता रथ रवाना किया गया। रथ के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी और पालन के प्रति जागरूक किया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी किशोर कौशल, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, अपर समाहर्ता राजेश बरवार, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार चौबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 11-17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके जागरूकता के लिए प्रतिदिन सड़क सुरक्षा समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से भी कई कानून बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि बहुत सारे लोगों को यह जानकारी नहीं है कि इस प्रकार की दुर्घटना होने पर किस तरह से आवेदन करना है और कैसे लाभ प्राप्त करना है, जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को इससे संबंधित जानकारी भी दी जायेगी।

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गोल्डन आवर में सड़क दुर्घटना में प्रभावित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी ना हो, इससे संबंधित सभी थानों को सूचना दी गयी है। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोग अपनी जिम्मेदारी समझें, नियम कानून का पालन करें ताकि सड़क हादसों में कमी आये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। संतोषजनक धन लाभ।

**वृष** चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी। बिजनेस में शुभ परिवर्तन। आर्थिक लाभ।

**मिथुन** समय अनुकूल है। किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।

**कर्क** कार्य में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर विजय। संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**सिंह** आमदनी में वृद्धि होगी। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। मनोकामनाएं पूरी होगी।

**कन्या** आर्थिक लाभ। कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**तुला** धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** बिगड़ा काम बनेगा। व्यवसाय में लाभ। भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**धनु** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय।

**मकर** षड़यंत्र विफल होगा। माता-पिता का सहयोग। रोजी-रोजगार में तरक्की। मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** धन लाभ। मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**मीन** दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान। सुख-सुविधा मिलेगी।

### जेल में बंद भाजपा विधायक ढुल्लू महतो से मिले भाजपा विधायक दल के नेता

# धनबाद में गोली चालन आम बात, सुरक्षा के लिए पहनना होगा जैकेट : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी गुरुवार को धनबाद जेल में बंद बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो से मुलाकात की। बहार निकलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वर्तमान राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ पैसे कमाने में जुटी हुई है। जब से राज्य में झामुमो और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी है तब से धनबाद अपराधियों की नगरी बन गयी है। यहां गोली बम चलना आम बात हो गया है। यहां के लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए अब जैकेट पहन कर चलना होगा। इस सरकार में पुलिसिंग पूरी तरह से फेल हो चुकी है ऐसे सरकार को आने वाले दिन में जनता सबक सिखाने का काम करेंगे।वहीं पारसनाथ मामले में उन्होंने कहा कि सरकार को इसका समाधान करना चाहिए।

**धनबाद स्टेशन पर हुआ स्वागत :** बाबूलाल मरांडी गुरुवार की सुबह रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस से धनबाद पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पर बाबूलाल का स्वागत किया। स्टेशन से निकलने के बाद बाबूलाल सर्किट हाउस पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं और पार्टी के नेताओं से मिले। इसके बाद वे धनबाद जेल ढुल्लू से मिलने गये थे, जहां भाजपा कार्यकर्ता ने उन्हें स्वागत किया। इसके बाद बाबूलाल मरांडी जिला परिसदन पहुंचे। वहां से थोड़ी देर बाद सीधे बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो से मंडल कारा मिलने पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं को कई अहम दिशा निर्देश देते दिखे।

# 18 से होगी सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सातवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पहले यह परीक्षा 16 जनवरी से होने वाली थी। झारखंड में मनाये जाने वाले टुसू पर्व को देखते हुए झारखंड शिक्षा परियोजना ने परीक्षा तिथि में परिवर्तन करते हुए 18 जनवरी से अर्धवार्षिक परीक्षा लेने का फैसला किया है। परीक्षा 18, 19 और 20 जनवरी को ली जायेगी।

**16 जनवरी से राज्यभर में टुसू पर्व मनाया जायेगा :** बता दें कि कक्षा एक से सात तक अर्धवार्षिक परीक्षा 16 से 18 जनवरी तक विद्यालय स्तर पर आयोजित होनी थी। 16 जनवरी से राज्यभर में टुसू पर्व मनाया जायेगा। इसे देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती ने शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को बीते दिन एक पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने टुसू पर्व का हवाला देते हुए परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की थी।

**16 जनवरी को आईखान यात्रा :** झामुमो विधायक ने लिखा था कि कहने को तो मकर पर्व 14 या 15 जनवरी को है, परंतु यह पर्व सप्ताह भर मनाया जाता है। 16 जनवरी को आईखान यात्रा कहा जाता है, जो इस पर्व का एक महत्त्वपूर्ण दिन है। ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

# राज्य सरकार के खिलाफ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने सीएम हेमंत सोरेन के विरोध में हंगामा किया है। अभ्यर्थियों ने नियोजन नीति और परीक्षा में बदलाव के खिलाफ हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि यह फैसला छात्रों के हित में नहीं है। विरोध प्रदर्शन रांची विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी के बाहर किया गया।

**प्रतियोगिता परीक्षाओं में जनजाति और क्षेत्रीय भाषा को हटा दिया गया :** विरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओं में जनजाति और क्षेत्रीय भाषा को हटा दिया गया है। केवल हिंदी और अंग्रेजी में परीक्षा ली जायेगी, जो झारखंडी हित में नहीं है। हम इतने दिनों से जनजाति और क्षेत्रीय भाषा की तैयारी करते आये हैं अब अंग्रेजी में परीक्षा देनी होगी, तो हम कैसे पास कर पायेंगे। ऐसे भी हमारा उम्र बढ़ता चला जा रहा है और सरकार जो भी नियम लागू करती है वह हमारे हित में नहीं होती है, तो फिर इसे लागू क्यों करती है। हमारी सरकार से मांग है कि अभी जो नियम लागू करने जा रही है इस पर फिर से विचार करें और झारखंडी छात्रों के हित में काम करें।

**हाइकोर्ट ने नियोजन नीति को रद्द कर दिया है :** पिछले महीने झारखंड हाइकोर्ट द्वारा झारखंड के नियोजन नीति को रद्द कर दिया गया है, जिसके बाद से छात्र लगातार आंदोलन कर रहे  है। अब नयी नीति की घोषणा की गयी है। इस घोषणा के विरोध में भी छात्र फिर से एकजुट होते नजर आ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

# स्वामी विवेकानंद के दर्शन-विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महान विचारक, दार्शनिक तथा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भी सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी।

## राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया नमन



राज्यपाल रमेश बैस ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया है। साथ ही सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस" की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को कहा कि विश्व में भारतीय संस्कृति को स्थापित करने वाले और युवाओं के प्रेरणास्रोत विवेकानंद के महान विचार एवं आदर्श सभी देशवासियों का सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# हाइकोर्ट में काउंसिल-वकीलों की शुरू हुई कानूनी लड़ाई

## वकीलों को मिले नोटिस पर एचसी ने लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के द्वारा अदालती कार्यवाही में शामिल होने वाले वकीलों के संबंध में जारी किए गए नोटिस पर हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। झारखंड हाइकोर्ट में वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा की अवमाननावाद याचिका पर सुनवाई हुई।

हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रजिस्टार जनरल को केस रजिस्टर करने के साथ एक्टिंग चीफ जस्टिस की अदालत में इस मामले को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। स्टेट बार काउंसिल के द्वारा हड़ताल का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं को किये गये नोटिस पर फिलहाल रोक लग गयी है।

### सरला बिरला में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद और बीके बिरला को भावभीनी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रज्ज्वलित करने के उद्देश्य से प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किए। विद्यालय के पथ-प्रदर्शक श्री बसंत कुमार बिरला की भी जयंती मनायी गयी। युवा दिवस का महत्व बताते हुए स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने अपने युवा प्रेरणा स्त्रोत को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इन महान हस्तियों के द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने स्वामी विवेकानंद और श्री बसंत कुमार बिरला के महान विचारों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

### समय की मांग के अनुरूप व्यवसायिक शिक्षा भी प्राप्त करेंगे सरकारी स्कूल के बच्चे

# प्रशिक्षित हेडमास्टर और टीचर करेंगे बच्चों का मार्गदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राज्य के बच्चों को हर क्षेत्र में कुशल बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कड़ी दर कड़ी जोड़ रहे हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए झारखण्ड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा भी प्राप्त होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। मार्च से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा लैब का शुभारंभ किया जाएगा।

**11 ट्रेड में व्यवसायिक शिक्षा :** सरकारी स्कूल के बच्चों को सरकार कुल 11 ट्रेड में व्यवसायिक प्रशिक्षण कराएगी। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एंड मेडअप एंड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एंड हॉस्पिटालिटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, मल्टीस्किलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, रिटेल और हेल्थकेयर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित ट्रेड से जुड़े राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट के माध्यम से ऑन जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके।

**प्रशिक्षित हेडमास्टर करेंगे बच्चों का मार्गदर्शन :** 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को अन्य राज्यों में संचालित हो रहे ऐसे स्कूलों की व्यवस्था देखने हेतु एक्सपोजर विजिट भी कराये जाने की योजना है। जनवरी माह में प्रधानाध्यापकों में क्षमता वर्धन हेतु आईआईएम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जबकि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षा आवश्यकता आकलन टीएनए हेतु अजीम प्रेमजी फाउंडेशन फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## भाजपा ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी

# 19वीं सदी में भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के राष्ट्रदूत थे स्वामी विवेकानंद : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश मुख्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद जी की चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी गई। उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि स्वामी विवेकानंद 19 वीं सदी में भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के राजदूत थे। एक तरफ अपनी सांस्कृतिक विरासत मूल्यों,आदर्शों पर गर्व करने की प्रेरणा भी दी दूसरी ओर उन्होंने भारत में व्याप्त गरीबी, छुआछूत, जातिभेद आदि विषमताओं को भारत की कमजोरी बताया। उन्होंने महसूस किया था कि भारत की गुलामी का कारण यही विषमताऐं रही थी जिसको दुर करना बेहद जरूरी था। उन्होंने कहा कि वह युवा संन्यासी गुफाओं और जंगलों में तपस्या नहीं किया बल्कि गुलाम भारत में युवाओं को अपनी धर्म,संस्कृति , परंपरा पर गर्व करने का आह्वान किया। वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित प्रथम सर्व धर्म विश्व सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक विरासत,मूल्यों आदर्शों,की सर्व श्रेष्ठता सिद्ध की।



### आज देश के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए: कर्मवीर सिंह

युवाओं को सम्बोधित करते हुए झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी को सच्ची श्रद्धांजलि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल कर ही दी सकती है। देश की युवाशक्ति को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेते हुए राष्ट की समृद्धि में हर संभव योगदान देना चाहिए। अगर आज के युवा उनके विचारों को आत्मसात करें तो यह देश अपने आप ही मजबूत हो जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षित होने का मतलब सिर्फ नौकरी प्राप्त करना या फिर डिग्री लेना नही होता है, बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने जो कहा कि शिक्षित होने का मतलब चरित्र का निर्माण,मानव का निर्माण एवं प्राप्त ज्ञान को आत्मसात करना ही शिक्षित होना होता है। अतः आज के युवा ज्ञानी बने,चरित्रवान बने और अपने अंदर मानव का निर्माण करें।

श्री प्रकाश ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि आज भारत में आध्यात्मिक कर्मकांड से ज्यादा आवश्यक गरीबों,दलितों , आदिवासियों,पिछड़ों की सेवा करना है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास को ले जाना ही स्वामी विवेकानंद जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज भारत में 21 सदी का दूसरा नाम नरेंद्र मोदी है जो स्वामी विवेकानंद (नरेंद्र दत्त)के सपनो को साकार कर रहे हैं। आज सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय दोनो एकसाथ चल रहे। 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी बन रही। भारत तेजी से विकास के पथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा,सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक,अविनेश कुमार सिंह,सूरज शहदेव सहित अन्य शामिल हैं।

## इक्फाई विश्वविद्यालय में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

# स्वयं की शक्ति को पहचानें : स्वामी सच्चिदानंद

### जीवन के बेहतर प्रबंधन के लिए कौशल विकसित करना जरूरी : प्रो ओआरएस राव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती समारोह के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें योगदा सत्संग सोसाइटी के स्वामी सच्चिदानंद और सेवेन पाम्स अस्पताल के अध्यक्ष डॉ आरके राय सम्मानित अतिथि थे। इस आयोजन का विषय पेशेवर सफलता और व्यक्तिगत खुशी के लिए स्व-प्रबंधन था। छात्रों द्वारा इस विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता और एक अनुभव साझा करने का सत्र आयोजित किया गया और मान्यता के पुरस्कार दिए गए। सिमलिया के




मीठा टोली के बिरसा शिशु मंदिर स्कूल के छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओआरएस राव ने कहा कि हम सभी के जीवन में आकांक्षाएं होती हैं। लेकिन हमें सफलता की राह में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है। हमें अपने जीवन का प्रबंधन करने के लिए कौशल विकसित करने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और खुश रह सकें। उनमें आत्मविश्वास, चुनौतियों का सामना करने का साहस और लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता शामिल है। प्रोफेसर राव ने स्वामी विवेकानंद की बातों का जिक्र करते हुए छात्रों को सकारात्मक सोचने की सलाह दी। स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आप स्वयं को प्रबंधित करने से पहले स्वयं की शक्ति को समझें। कृपया बाहरी चीजों और लोगों को अपना जीवन खराब न करने दें। कृपया ध्यान करने के लिए कुछ समय निकालें और अपने आप को प्रतिबिंबित करें, ध्यान लगाने के लिये सुबह जल्दी और बिस्तर पर जाने से पहले होना चाहिए।

डॉ आरके राय ने छात्रों को आत्म-प्रबंधन के लिए 5-चरणीय प्रक्रिया का पालन करने की सलाह दी, जिसमें आत्म-जागरूकता, आत्म-नियमन, सहानुभूति, प्रेरणा और समाजीकरण और भावनाओं को साझा करना शामिल है। प्रोफेसर अरविंद कुमार, रजिस्ट्रार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता सिंह ने किया।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को झारखंड छात्र परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब रांची में किया गया। परिचर्चा में मुख्य रूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी, उपेंद्र रजक, लंकेश सिंह, गोपाल पारीक, राहुल सिन्हा चंकी उपस्थित थे। इस अवसर पर मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिछाया पर पुष्प अर्पित किया। मिश्रा ने झारखंड छात्र परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। झारखंड छात्र परिषद ने कार्यक्रम के दौरान सर्व सहमति से केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की। परिचर्चा में पीयूष आनंद, ज्योति शंकर साहू, टिंकू महतो, नवनीत पांडेय, सत्येंद्र पासवान, शाहिल कुमार ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किये गए संघर्षो के बारे में बताया। परिचर्चा के पश्चात सैकड़ो की संख्या में झारखंड छात्र परिषद के सभी पदाधिकारी और सदस्य ने पदयात्रा कर स्वामी विवेकानंद सरोवर पहुंचे और उनके मूर्ति पर माला चढ़ाकर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर इंदर सिंह, गोपाल पारीक, सुनील रंजन सहाय, सोनू भारद्वाज, विक्की शर्मा, पंचम महतो, अमित कुमार केसरी, अमरदीप साहू, कमलेश दुबे, श्रवण कुमार, पिंटू तिवारी, कैलाश और सदस्य शामिल थे।

# युवा दिवस पर रन फॉर रांची और यूथ आइकॉन अवार्ड का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची ज़िला एथलेटिक्स एसोसिएशन और युवा स्वाभिमान संघ के तत्वावधान में युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर रांची और यूथ आइकॉन अवार्ड का आयोजन बापू वाटिका, मोरबादी में किया गया। मुख्य अथितियों रांची विधायक सीपी सिंह,रांची मेयर आशा लकड़ा, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, रांची एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मुनचुन राय, युवा स्वाभिमान संघ के अध्यक्ष निशांत यादव, ज़िला एथलेटिक्स सचिव प्रभाकर वर्मा, संयोजक प्रह्लाद ने स्वामी विवेकानंदजी को पुष्प चढ़ा कर नमन किया। इसके बाद झंडा दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया गया। 2.50 किलोमीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर राजन कुमार, द्वितीय स्थान पर टिंकु कुमार आर्यन और तृतीय स्थान पर प्रदीप कुमार रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर संघमित्रा द्वितीया में सुशांती कुमारी, तृतीय स्थान पर सबिता टोप्पो रही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुनचुन राय, निशांत यादव, सुजीत सिंह, जग्गू सिंह, प्रभाकर वर्मा, रामप्रसाद, प्रह्लाद जी, राहुल शर्मा ,राकेश कुमार, अमित अग्रवाल, मनीष केसरी, बिट्टू बिट्टू दिव्य परमार, प्रेम सिंह, कौशल चौधरी, सुनील वर्णवाल, कृष्णा विश्वकर्मा, सुभांशु दुबे, अर्पित सिंह, सहित सैंकड़ों युवाओं की प्रमुख भूमिका रही।

# किसान मेला, दौड़ सह स्वास्थ्य शिविर 29 जनवरी को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेवा भारती, रांची के तत्वावधान में एक दिन तीन कार्यक्रम के तहत अनगड़ा प्रखंड के जोन्हा स्थित ग्राम गुड़ीडीह, सेवा धाम में 29 जनवरी को किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर, सेवा समर्पण दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सेवा धाम,जोन्हा में स्थानीय कार्यकताओं की बैठक हुई। स्वास्थ्य शिविर के बारे में आरोग्य सेवा केंद्र प्रभारी जीपी पाण्डेय ने बताया कि उक्त शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को परामर्श दिया जाएगा एवं उचित दवाइयों उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही रांची के मोदी सेवा सदन के सहयोग से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उक्त शिविर में




मरीजों की जांच की व्यवस्था रहेगी।

सेवा भारती, रांची, भाग-5 के सचिव संतोष वर्मा ने बताया कि निर्णायक दौड़ प्रतियोगिता के लिए प्रखंड के 33 गांवों में दौड़ प्रतियोगिता हो रही है।गांव-गांव में किसान मेला के लिए कृषकों से संपर्क किया जा रहा। किसान मेला में कृषकों द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टाल एवं कृषि संस्थानों के कृषि यंत्र व खाद-बीज के स्टाल लगाए जाएंगे। उत्कृष्ट फसल वाले किसानों को संस्था के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में किसान गोष्ठी आयोजित की जायेगी, जहां पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु बैठक में जितेंद्र कुमार, लखन मिश्र, दिनेश कुमार, सोनाराम मुंडा, जीपी पांडेय,जीतु मुंडा, विनय महतो, जयमाला देवी, गोडलीप सोनकर, दीनबंधु साहू आदि उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को दूसरे सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया। भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया है। इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गयी टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था। राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगे जाने पर नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज की थी। बता दें कि राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था, जिसे राहुल गांधी ने निरस्त करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# जैलेंद्र कुमार ने युवा दिवस के मौके पर कंबल का वितरण किया





**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जशपुरिया बीएड कॉलेज बीसा गेतलसूद में गुरुवार को युवा दिवस के मौके पर दो सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कॉलेज के संस्थापक जैलेंद्र कुमार, सेवा मिशन नर्सिंग होम गोंदलीपोखर के अस्पताल के संचालक नरेश साहू, किंगपिन नर्सिंग कॉलेज गोंदलीपोखर के निदेशक अरविंद सिंह परिहार एवं कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार मिश्र ने स्वामी जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। आसपास के गांवों के दो सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा स्वामी जी युगदृष्टा व युगपुरुष थे, जिन्होंने ऐसी विचारधारा देने का काम किया, जिसका उद्देश्य भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है। इस मौके पर मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक शालिनी प्रिया, प्राध्यापक वर्षा रानी, सरिता सिंह, सरिता शर्मा, शशि प्रभा, दुर्गा नायक, संजीव कुमार उपस्थित थे।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में नौ प्रस्ताव हुआ पारित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को रांची स्थित ललगुटवा में हुई। पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्य के अहम मुद्दे जैसे नियोजन नीति, 1932 खतियान मामले पर बातें हुईं। सरकार को इन मुद्दों पर क्या रणनीति होगी और उसमें पार्टी का क्या रोल हो इस पर गंभीरता से चर्चा की गयी। बैठक में कुल नौ राजनीतिक प्रस्ताव पारित की गयी। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि इस बैठक के साथ ही हमलोगों ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में आगे की रणनीति तैयार की जायेगी। प्रदेश नेतृत्व के सहयोग से पार्टी विधानसभा और लोकसभा में मजबूती के साथ अपने जनाधार को मजबूत करेगी। बैठक में राजनीतिक और सांगठनिक चर्चा हुई। सामूहिक तौर पर एक मार्कलाइन तैयार किया है। सरकार में हम शामिल हैं और सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर हमारा दायित्व बन जाता है कि




पार्टी की कार्यप्रणाली से सबों को अवगत करायें। बैठक में यह तय किया गया कि राज्य में फुल प्रूफ नियोजन नीति बनाकर नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज किया जाये। पंचायत सचिव एवं पंचायत सचिव की नियुक्तियों को पूरा किया जाय। बैठक में धर्मकोड का भी मामला सामने आया। उन्होंने कहा कि धर्मकोड को लागू करने के लिए झारखंड विधानसभा से एक प्रस्ताव पारित करके केन्द्र को अनुशंसा भेजा गया था। लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। यह तय किया गया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलकर इस आशय का ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही यह भी तय हुई कि कांग्रेस, आदिवासियों के धार्मिक स्थल तथा गैरमजरूआ खासमहल जमीन संबंधित विसंगतियों का अध्ययन विशेष कमेटी से कराकर रैयतों को समाधान देने का आग्रह मुख्यमंत्री से करेगी। इसके अलावा अन्य प्रस्तावों में मॉब लिंचिंग के अधिनियम में राजभवन द्वारा उल्लेखित त्रुटियों को दूर आगामी सत्र में पुनः उपस्थापित कर एवं पारित कराकर राज्यपाल को अनुमोदन के लिए भेजने, वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के क्रियान्वयन में तेजी लायी जाए और केन्द्र सरकार द्वारा इस अधिनियम में किये गये संशोधन का विरोध करने, आदिवासी हितैषी पेसा कानून (पंचायत के प्रावधान का विस्तार अनुसूचित क्षेत्र में ) 1996 को समुचित क्रियान्वयन हेतु पेसा नियमावली बनाने, प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस योजना में निबंधित परिवारों के लिए 6,32391 आवासों के भौतिक लक्ष्य उपलब्ध कराने सहित अन्य शामिल है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# पारसनाथ पर्वत सबका : जैन समुदाय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पारसनाथ को लेकर चल रहे विवाद के बीच जैन समुदाय लोगों का कहना है कि पारसनाथ पर्वत सबका है। हम स्वामित्व की के बात ही नहीं कर रहे हैं। हम आदिवासियों की भावना का भी कद्र करते हैं। मानते हैं कि आदिवासी समाज का भी यह मरांग बुरु है और हम लोगों का भी तीर्थ स्थल है। इसे पर्यटन क्षेत्र से मुक्त करने की मांग हमारी थी। लेकिन अब राजनीति हो रही है। अहिंसा वादी जैन समाज सिर्फ तीर्थ स्थल की स्वच्छता और सुरक्षा की मांग करता है।

जैन महिला जागृति मंच की कोषाध्यक्ष स्मिता जैन ने कहा, हमने पारसनाथ पर्वत पर कोई दावा नहीं किया है। हमने उसकी सुरक्षा व्यवस्था की मांग सरकार से की थी, क्योंकि हम शाकाहारी लोग हैं। हमारी मांग थी कि वहां मांस, मछली, जूते- चप्पल, मदिरा का उपयोग ना किया जाए। वहां आदिवासियों से कोई जंग नहीं है बल्कि हमसे ज्यादा उनकी आस्था वहां से जुड़ी है। हमें किसी भी प्रकार का लड़ाई - झगड़ा उनसे नहीं है। हम अहिंसा वादी लोग हैं। हम उनकी श्रद्धा का भी उतना ही कद्र है। वहीं समुदाय के अजय जैन ने कहा है कि अब इसमें राजनीति हो रही जैन है। हम स्वामित्व की बात ही नहीं कर रहे हैं। पारसनाथ पर्वत सबका है। सभी पारसनाथ भगवान के उपासक हैं। लेकिन अब हमें इस मुद्दे पर राजनीति दिख रही है। स्वामित्व की बात आ गयी है। हम इसे मानते हैं की आदिवासी समाज का भी यह मरांग बुरु है। आदिवासी समाज का पक्ष हम सही मानते हैं। हमारा पक्ष भी सही है। बस हमारा यही मांग है कि इसे पर्यटन क्षेत्र ना बनाएं। वहां स्वच्छता बरकरार रहे। मांस मदिरा का सेवन न हो।

## श्री हनुमान सेवा संस्थान, रांची की ओर से एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# तरक्की करनी है तो लापरवाही, लालच और प्रमाद से दूर रहें : पं. विजय शंकर मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री हनुमान सेवा संस्थान, रांची की ओर से गुरुवार को हरमू के मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संध्या को हनुमान जी के पूजन के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से आरंभ हुआ। मौके पर पंडित विजय शंकर मेहता ने मेरा परिवार प्रबंधक मैं विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं के संदर्भ में बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते है कि वित्त के बिना कोई साधन नहीं चलता है। इसलिए धन कमाना जरुरी है। धन कमाने के साथ उसका उचित प्रबंधन भी होना चाहिए। धन कमाने में तीन गलतियां कभी नहीं करनी चाहिये। पहला लापरवाही न करें, दूसरा लोभ नहीं करें और तीसरा है प्रमाद न करें। उन्होंने कहा कि हमें शांति की तलाश में कहीं जाने की जरूरत नहीं है। हमें अपने भीतर झांक कर देखने की जरूरत है। खुद को जाने, सभी समस्याओं का निराकरण हमारे अंदर छिपा हुआ है। इसी को आत्म प्रबंधन कहते हैं। शरीर, मन और आत्मा ये तीन चीजें जीवन के लिए जरूरी है। आप आत्मा को स्पर्श करेंगे उसका प्रभाव आपको देखने मिलेगा। तन और मन पर चर्चा की जिसके बारे में बताया। विपरीत परिस्थिति में कैसे जीवन निर्वहन करें। इस पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वामीजी का पूरा जीवन प्रेरणादायी है। उन्होंने दुःख, ऐश्वर्य की खाई को बहुत नजदीक से देखा। स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि वह सौभाग्यशाली है जिसे गुरु का सानिध्य प्राप्त है। सभी अपने-अपने तरीके से भगवान का चयन करता है और उनकी पूजा करता है लेकिन कोई राष्ट्र की पूजा नहीं करता है। खुद का हित को त्याग कर राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान दें। चाहे कोई परिस्थिति हो राष्ट्रहित को न त्यागे। मातृशक्ति का सम्मान करें। साथ ही, उन्होंने कहा कि स्वयं को प्रकाशित कर खुद को उजागर करें। इसके लिए, नींद, भोग विलास को त्यागना होगा। उन्होंने रामायण से जुड़ी रोचक तथ्यों के गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। उनोने हनुमान चालीसा को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हनुमान जी जो भी कार्य करते है, जिससे वह हमेशा अपना सतप्रतिशत देते है, ताकि चूक कहीं भी न हो। करीब दो घंटे के इस आयोजन में श्रोताओं ने व्याख्यान का लाभ लिया। लोगों ने इस प्रकार के आयोजन की प्रशंसा की और आयोजन समिति को धन्यवाद किया। आयोजन समिति के राकेश भास्कर ने स्वागत भाषण में कहा कि रांची में गुरु विजय शंकर मेहता जी का नौवां कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इनके सानिध्य में परिवार प्रबंधकीय गुड़ सिखने को मिलेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्थान के संरक्षक धर्मेंद्र तिवारी ने किया।

### स्वामी विवेकानंद और हनुमान जी से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है : राकेश भास्कर



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर पंडित विजय शंकर मेहता का स्वागत करने वालों में विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा के प्रदीप वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, गुरविंदर सिंह सेठी, किसलय तिवारी, गणेश मिश्रा, जयनंदू, संदीप वर्मा, डॉ श्रवण कुमार सिंह, राजकिशोर सिंह, विमलेश सिंह, नीरज सिंह, रमेश सिंह सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया युवा दिवस



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्र का विकास युवाओं के कंधों पर निर्भर है। युवा अपनी क्षमताओं को पहचान कर देश को विकास पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लें। उक्त बातें प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने गुरुवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल,कांके रोड में युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि विलासितापूर्ण जीवन-यापन के साधनों का जुगाड़ करना युवाओं का लक्ष्य न हो बल्कि मनुष्य,समाज,चरित्र और राष्ट्र निर्माण करना उनका ध्येय हो। इससे पहले प्राचार्या ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत 'तेरी पनाह में हमें रखना,सीखे हम नेक राह पर चलना' शीर्षक प्रार्थना से हुई। छात्रा भूमिका दत्ता ने रोशनी का कोई दरिया तो है गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र शौर्य प्रखर ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो वक्तृता की प्रस्तुति दी। छात्रा वर्षा सोनी ने स्वामी जी के 'पीस' शीर्षक कविता का पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने शिक्षिका डॉ.शिल्पा शाहदेव और ममता कुमारी के मार्गदर्शन में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज जबकि संचालन छात्रा ग्रेसी सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सतीश मिश्रा और मोनिका मुंडू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संजय सेठ ने पहाड़ी क्षेत्र में वज्रपात से बचाव पर अध्ययन कराने का दिया सुझाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की संसदीय समिति की बैठक गुरुवार को दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। बैठक में सुझाव देते हुए सांसद ने कहा कि झारखंड हमेशा वज्रपात जैसी बड़ी प्राकृतिक आपदाओं से जूझता रहता है। हर साल कई लोगों की जान वज्रपात की चपेट में आने से होती है। वज्रपात का पूवार्नुमान हो और कैसे इससे बचा जाए, इन दोनों ही विषय पर गंभीरतापूर्वक काम करने की आवश्यकता है, ताकि झारखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाले जानमाल के नुकसान से बचा जा सके। संजय सेठ ने कहा कि देश में भूकंप आने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसके मुख्य कारण क्या हैं और आमजनों के बीच जागरूकता लाने तथा कैसे इससे बचा जा सकता है, इस विषय पर भी गहन अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने उड्डयन सहित कई अन्य विषयों पर भी सुझाव दिए। कहा कि मंत्रालय कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए कैसे उपयोगी हो सके, इस पर हम सब को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। मंत्रालय अधिक से अधिक आमजनों के लिए काम करे, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिए।

## मेयर की फटकार के बाद भी इंफोर्समेंट टीम कर रही है मनमानी

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम आम लोगों को परेशान कर रही है। मेयर आशा लकड़ा ने इंफोर्समेंट टीम की कारगुजारियों पर कई बार फटकार लगायी है। पर उनकी बातों का कोई असर नहीं हो रहा है। इंफोर्समेंट की टीम के सदस्य मनबढ़ू होकर काम कर रहे हैं। इनसे न सिर्फ ठेला, खोमचा, दुकानदार बल्कि कालोनियों के लोग भी परेशान हैं। मेयर आशा लकड़ा का आरोप है कि टीम नगर निगम के लिए काम नहीं करती है, बल्कि रांची नगर निगम के विभिन्न वार्डों में रहनेवाले लोगों से अवैध वसूली करने में लगे हैं। उन्होंने आम लोगों से रांची नगर निगम में उनतक शिकायत करने की बातें कही हैं। पर टीम के सदस्य इनकी बातों को नहीं मानते हैं। इंफोर्समेंट की टीम का यह दायित्व है कि वह ट्रेड (व्यवसाय) से जुड़े किसी भी गलत कार्यों पर निगरानी रखे। सड़कों पर बिल्डिंग मैटेरियल गिरानेवालों पर कार्रवाई करे। इस संबंध में कई शिकायतें भी नगर निगम तक पहुंची है। पिछले दिनों डोरंडा के रहनेवाले एक स्थानीय नागरिक के साथ बदसलूकी करते हुए इंफोर्समेंट की टीम ने 30 हजार रुपये की वसूली की थी। उन्होंने इस पर कहा था कि इनफोर्समेंट टीम के लोग अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर निकल कर अवैध वसूली कर रहे हैं। उधर उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन को इस संबंध में निर्देश भी दिया गया था कि इंफोर्समेंट टीम के खिलाफ शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाये। इंफोर्समेंट अफसर नीरज कुमार सिंह इसमें सबसे अव्वल बताये जा रहे हैं, जो नगर निगम के जीप में घूम कर आम लोगों को परेशान कर रहे हैं। सूत्रों का भी कहना है कि यह टीम रोजाना के आधार पर अवैध वसूली कर रही है।

## टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा ने पूर्व केंद्रीय महासचिव स्व. रोशन लाल महतो की जयंती मनायी



**रांची (आजाद सिपाही)।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के पूर्व केंद्रीय महासचिव स्व. रोशन लाल महतो की जयंती मनाई गयी। गुरुवार को रांची के कचहरी रोड स्थित होटल गंगा आश्रम में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें स्व रोशन लाल महतो के भाई को सम्मानित किया गया। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर शीतल ओहदार ने कहा कि स्व.रोशन लाल महतो के नहीं रहने से समाज को एक बहुत बड़ा क्षति हुआ है। स्व.रोशन लाल सामाजिक, कर्मठ एवं जुझारू व्यक्ति थे। युवाओं एवं महिलाओं को अपने समाज के अधिकार के प्रति गांव - गांव जाकर जागरूक करने का कार्य करते थे। शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रचार - प्रसार करते थे तथा गरीबों का मसीहा थे। वे जब तक जिंदा रहे समाज के लिए ही अपना जीवन समर्पित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अनिल टाइगर महतो, मोर्चा के प्रधान महासचिव रामपोदो महतो, मोर्चा के महिला केंद्रीय अध्यक्ष सुषमा देवी एवं कुरमी विकास परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने भी स्व.रोशन लाल महतो की असमय मृत्यु समाज को अपार क्षति बताया। इस मौके पर रूपलाल महतो, कैलाश महतो, राजेंद्र महतो, नबुलाल महतो, राम दयाल महतो, हेमंत महतो, सोना लाल महतो, सरस्वती देवी, कलावती देवी, अनीता देवी, अनिल महतो, संजय लाल महतो, बाबूराम महतो, दिनेश महतो, विनय महतो, मोहन महतो ,गौरी महतो ,नंदलाल महतो, राजेश महतो, अजय महतो, महावीर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## टुसू शोभा यात्रा का आयोजन किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज, रांची के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में टुसू शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। टुसु का विधि विधान के अनुसार पूजा पाठ कर कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्षीय उदगार में उन्होंने कहा कि यह टुसु पूर्णरूप से कृषि पर्व है। ग्रामीण क्षेत्र में धान की अंतिम फसल को घर के अंदर रखने साथ ही टुसु पर्व शुरू होती है। उसी समय यह पर्व लोगों के मन में उमंग लेकर आता है। मुख्यअतिथि डॉ वृंदावन महतो, मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची ने कहा कि टुसु मनोरंजन के सांस्कृतिक विरासत का पर्व भी है। इसी पर्व के बाद गुड़पीठा को मेहमान घर पहुंचाने के साथ-साथ शादी विवाह की बात शुरू होती है। टीआरएल के विमागाध्यक्ष डॉ खालिख अहमद ने कहा कि टुसु पर्व का आयोजन पूरे रांची विश्वविद्यालय में पहली बार हो रही है। इस टुसु पर्व के महत्व से विद्यार्थी अवगत होंगे जो पाठ्यक्रम में भी है। पीजी मुंडारी विभागाध्यक्ष श्री नलय रॉय ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि टुसु सुंदर कन्या का प्रतीक माना जाता है परंतु, इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में एकता भाई-भाइचारे का पर्व है। कॉलेज के अखड़ा से टुसु शोभा यात्रा कोकर चौक तक गई और कोकर से कॉलेज अखड़ा में सम्पन हुई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजीत मुंडा ने किया। क्रार्यक्रम में डॉ स्मीता किरण, डॉ रामकुमार, डॉ सुरेश महतो, नीलु कुमारी, डॉ अहिल्या कुमारी, प्रो अमर कुमार, प्रो सरोज कुमारी, प्रो विकास उरांव,डॉ मनीष चन्द्र, प्पप्पु महतो, सुनिल कुमार आदि महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी शामिल थे।

## यंग क्लब सरस्वती पूजा समिति इस वर्ष भी धूमधाम से करेगी सरस्वती पूजा



**रांची (आजाद सिपाही )।** यंग क्लब सरस्वती पूजा समिति नार्थ मार्किट रोड अपर बाजार, ढ़िबरी पटी रांची विगत 5 वर्षो से मां सरस्वती की पूजा करती आ रही है। इस वर्ष भी पूजा समिति हर वर्ष की तरह भव्य पूजा का आयोजन कर रही है। मूर्ति की निर्माण शिल्पयान रमेश के द्वारा की जा रही है। कमिटी के सदस्यः मुख्य संरक्षकः किशोर साह, वरिष्ठ संरक्षक : संजय सेठ, महुआ मांझी, आशा लड़का, संजीव विजयवर्गीय, सुनील यादव मामा, संजीव कुमार साहू, शशांक राज, जितेंदर सिंह। संरक्षकः हिरा पापनेजा, संजय सिंह (लल्लू), मुकेश मुक्ता, नंद किशोर सिंह चंदेल, प्रिंस अजमानी संजय गुप्ता, रामचंद्र जलान, गगन सिंह, सूरज भांग सिंह, अशोक पुरोहित, चेतन शर्मा सचिव :- विवेक झा, प्रवीण पोद्दार, प्रणय पोद्दार,आकाश पंकज,कुणाल यादव,निखिल साहू,अंकित सिंह, अक्षय कुमार सिंह, ऋषभ सिंह, सह सचिव :- सौरव राय अध्यक्ष : नमन भारतीय उपाध्यक्षः अंकित कुमार रजक, अविनाश कुमार, अमित कुमार, चन्दन मिश्रा,रितेश सिन्हा, प्रवीण साहू, पिंटू गुप्ता,माही सिन्हा, कोषाध्यक्षः ऋतिक पपनेजा, महामंत्रीः अनमोल सिंह, पूजा प्रभारीः रविश वर्मा, मंत्रीः निखिल वर्मा, मीडिया प्रभारीः शिव किशोर शर्मा, हर्ष श्रीवास्तव।

## टेंडर हार्ट ने डीएवी हेहल को तीन विकेट से हराया



**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट विद्यालय ने डीएवी हेहल को रांची क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित वेंचर स्किल अंडर-16 इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट के रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से पराजित किया। धुर्वा में आयोजित मैच में डीएवी हेहल की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवर में 189 रन बनाकर ऑलऑउट हो गयी। टेंडर हार्ट की ओर से नितिन शमार्सेज बरदस्त गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर में मात्र 23 रनदेकर 3 विकेट हासिल किया वहीं सचिन, आकाश, रुद्रने 2 -2 विकेट लेकर डीएवी हेहल की पारी समेटने में योगदान किया। डीएवी हेहल की चुनौती का पीछा करते हुए टेंडर हार्ट ने 34.1 ओवर में193 रन बनाकर मैचजीतलिया। टेंडर हार्ट की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आकाश पांडेय ने मात्र 76 गेंदों में 82 रनों की शानदार पारी खेल कर मैन ऑफ द मैच अपने नाम किया। विद्यालय के निदेशक श्री सुधीर तिवारी ने पुरे टीम को बधाई देत हुए अगले चरण के मैचो में भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## 27आइएफएस अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग, कुछ को प्रमोशन भी मिला

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने वन विभाग में कार्यरत 27 आइएफएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है. कुछ अधिकारियों को प्रमोशन भी मिला है. प्रमोशन पाने वाले अफसरों के वेतनमान में वृद्धि की गई है. वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने 12 जनवरी 2023 को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. जारी अधिसूचना में कहा गया है जिन अधिकारियों के स्थान पर किसी पदाधिकारी का पदस्थापन हो गया है, वे मुख्य वन संरक्षक रांची के कार्यालय में योगदान देंगे। **इन अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग:** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शैलजा सिंह को विशेष परियोजना में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार को पे मैट्रिक्स लेवल 15 में प्रोन्नत करते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनाया गया है। डी के सक्सेना को पे मैट्रिक्स लेवल 15 में प्रोन्नति देते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के पद पर पदस्थापित किया गया है। विश्वनाथ शाह को पे मैट्रिक्स लेवल 15 में प्रोन्नत करते हुए मुख्य वन संरक्षक, एफडीए, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। रवि रंजन को पे मैट्रिक्स लेवल 14 में प्रोन्नति देते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर में उत्क्रमित किया गया है।

## विवेकानंद को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** युवाओं के द्वारा उनकी जयंती पर याद किये गये विवेकानंद तीन दिवसीय विवेकानंद महोत्सव के तहत आज विवेकानंद जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित विवेकानंद चौक समिति के सदस्यों द्वारा उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जहां दर्जनों युवा वह विभिन्न संस्था से जुड़े लोगों ने विवेकानंद को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित किया। संध्या बेला में 501 दीप प्रज्वलित कर भव्य दीपोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम में दिव्यम फाउंडेशन और युवा सोच, रांची की संयुक्त भागीदारी रही, कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रजनन करते हुए किया गयोकार्यक्रम के शुरूआत में रामकृष्ण मिशन के स्वामी महाराज समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, सचिव सुमित कुमार, अमित गुप्ता, सतीश सिंह,आकाश सोनी, गुड्डू सिंह, अंकित सोनी, नीतीश सिंह आदि शामिल हुए। महोत्सव में रांची विधायक सीपी सिंह, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, अभय मिश्रा, मुनचुन रॉय, भैरव सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, कुमुद झा आदि मौजूद रहे।




## काउंसिल का कड़ा रुख, कोर्ट में एपियर होने वाले सीनियर एडवोकेट अनिल सिन्हा, निलेश अग्रवाल समेत सात की मांगी जानकारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोर्ट फीस वृद्धि को लेकर 6 जनवरी 2023 से राज्यभर के वकील न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर रहे है. न्यायिक कार्य बहिष्कार के खिलाफ जाकर अदालती कार्यवाही में शामिल होने वाले वकीलों के खिलाफ काउंसिल ने पत्र जारी किया है। उन वकीलों में झारखंड हाइकोर्ट के 7 वकील शामिल हैं। एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाइकोर्ट को लिखे गये इस पत्र में काउंसिल ने अदालती कार्यवाही के आदेश की कॉपी के आधार पर वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, अधिवक्ता निलेश कुमार, सरकारी अधिवक्ता आशुतोष आनंद, अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा, अधिवक्ता एनके गंझु एवं अधिवक्ता जितेंद्र कुमार पांडे के नामों पर पुष्टि की मांग की है। काउंसिल ने कहा है कि एसोसिएशन की पुष्टि के बाद सभी वकीलों पर कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि मंगलवार को काउंसिल की बैठक में निर्णय लिया गया था कि जो अधिवक्ता काउंसिल के निर्णय को नहीं मानेंगे, उन्हें काउंसिल से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर दिया जायेगा। काउंसिल ने जिला बार संघो को यह भी निर्देश दिया था कि कार्य बहिष्कार के आदेश को नहीं मानने वाले वकीलों को काउंसिल और जिला बार संघ से मिलने वाली सुविधाओं को खत्म कर दिया जाये। वहीं काउंसिल ने पूरे राज्य के वकीलों को बेल बांड भरने की छूट दी है ताकि जमानत के बाद भी जेल में बंद आरोपियों को रिहा कराने का कार्य सुचारु रूप से हो सके।

## मारवाड़ी भवन में 1 फरवरी को कलयुग के त्रिदेव का होगा त्रिशक्ति वंदना महोत्सव

# महोत्सव के लिए समिति ने की बैठक, हुआ विचार और निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के हरमूरोड स्थित मारवाड़ी भवन में आगामी 1 फरवरी को एक दिवसीय त्रिशक्ति वंदना महोत्सव का भव्य आयोजन म्हारा श्याम धनी दातार, रांची के द्वारा किया जा रहा है। म्हारा श्याम धनी दातार,रांची के आयोजन समिति की बैठक संध्या 6 बजे समिति कार्यालय मे रखी गयी बैठक में रांची के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, समाजसेवी, प्रबुद्धजन सहित कई गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत श्यामधनी दातार के सेवक आनंद गोयल ने किया। बैठक में आयोजन समिति के सेवक गुड्डु माटोलिया भी उपस्थित थे, उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी सेवक सदस्यो को प्रेरित किया। समिति के सेवक मनोज बजाज ने बैठक का संचालन कर महोत्सव की जानकारी रखी। उन्होंने बैठक में बताया की 1 फरवरी को खाटूधाम के पूज्य महंत मोहनदास जी महाराज, भजन जादूगर परम श्रद्धेय नंदुजी शर्मा (अहमदाबाद), भजन सम्राट श्री रवि बेरीवाल(कोलकत्ता), सुमधुर गायक जिम्मी शर्मा (कोलकत्ता), रवि रस्तोगी(दिल्ली) त्रिशक्ति वंदना महोत्सव में अपनी कोकिला कंठ एवं मधुरवाणी में भजनों की अमृतवर्षा बरसायेंगे, श्रोताओं को रसपान करायेगे। सेवक किशन गोयल ने कहा की कलयुग के त्रिदेव बालाजी महाराज, श्याम सरकार व रानीसती दादी का भव्य दरबार एवं अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा। सेवक प्रमोद सारस्वत ने बताया की अलौकिक एवं नयनाभिराम श्रृंगार कोलकत्ता के सुप्रसिद्ध मालाकारो द्वारा किया जा रहा है जो जोरशोर से दरबार की भव्यता के लिये संकल्पित है। सेवक संजय शर्मा एवं विकास सिंघानिया महोत्सव मे आयोजन स्थल, विशेष रूप से 35, एससीआइ चैनल से सीधा प्रसारण, साउंड सिस्टम, साजिन्दा एवम अन्य व्यवस्था के लिये जुटे हुए है। बैठक में विभिन्न विभागों की सेवा गठन के लिए विचार विमर्श किया गया। प्रभारी सेवक, वित्त, मुख्य यजमान, मंच संचालन-मंच ब्यवस्था, पंडाल व्यवस्था, साउंड, लाइट, एलइडी, फोटोग्राफी, आवास एवं अतिथ्य, भोजन-प्रसाद-पेयजल, चरण पादुका सेवा, विधि प्रशासनिक प्रभारी, प्रिंटिंग प्रचार प्रसार, पुष्प श्रृंगार व्यवस्था, यातायात, सुरक्षा ब्यवस्था, प्रेस मीडिया एवं प्रवक्ता उपरोक्त विभाग एवम आयोजन को सफल बनाने के लिए सेवक सदस्यों के सानिध्य मे अग्रवाल युवा सभा, रांची एवम जेसीआइ उड़ान के कुशल नेतृत्व व निगरानी मे कार्य संचालन होगा। दातार समिति के सेवक सदस्यों ने कहाकि भव्य आयोजन के लिए रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जायेगा। महोत्सव से संबंधित जानकारी के लिए अपर बाजार स्थित स्थाई कार्यालय में प्रतिदिन सांय बैठक आहूत की जा रही है। आयोजन समिति के सेवक कुणाल जालान ने बताया की आयोजन स्थल पर 20 हजार स्क्वायर फीट का वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनेगा। जिसमे 2000 से भी ज्यादा भक्तों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। पंडाल के अंदर लाइट की सुविधा के संग बड़े एल ई डी स्क्रीन की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। पेयजल व्यवस्था, चरण पादुका प्रसाद वितरण व्यवस्था के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी समिति के द्वारा रखा गया है। आयोजन समिति ने रांची के सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित सभी धर्म प्रेमियों से इस त्रिशक्ति महोत्सव में आकर अमृत भजनों का रसपान करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन शर्मा, विशाल सिंघानिया, दीपक अग्रवाल, जगदीश माटोलिया, प्रकाश अग्रवाल, दीपक सरवागी, मयंक जैन, राजेश गोयल, कन्हैया भरतिया, विशांत तोदी, नवीन गाड़ौदिया सहित काफी संख्या में सेवक जुड़े हुए हैं।




## पुलिस ने छापेमारी कर सात करोड़पति साइबर ठगों को दबोचा, चेन्नई और इंदौर के कारोबारी थे निशाने पर

**जामताड़ा ।** जामताड़ा साइबर थाने की पुलिस के हाथ सात शातिर करोड़पति साइबर ठग लगे हैं। मंगलवार देर रात तक चली पुलिस की छापेमारी के दौरान पुलिस की टीम ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले इन साइबर ठगों को दबोचा है। इन आरोपितों में से एक ग्राम प्रधान और एक सीएसपी संचालक है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों के नाम रजाउद्दीन अंसारी, अब्दुल कादिर और मुशरफ अंसारी सगे भाई हैं। जबकि, चौथा आरोपित जावेद अंसारी है, ये सभी सिंदरजोरी के रहने वाले हैं। जबकि, इमरान अंसारी अलगचुवां का रहने वाला, सीएसपी संचालक साहिर अंसारी नवाडीह का और शमसूल मियां देवडीह का रहने वाला ग्राम प्रधान है। इस मामले की जानकारी जामताड़ा एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बुधवार देर शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी।

# जुडिशरी में विविधता

केंद्र सरकार ने कानून और न्याय से जुड़ी संसदीय समिति को हाल ही में सूचित किया कि 2018 के बाद से अब तक हाईकोर्टों में नियुक्त किए गए जजों में से 79 फीसदी ऊंची जातियों से हैं। कानून मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि जजों की नियुक्ति का कलीजियम सिस्टम तीन दशकों में भी न्यायपालिका के ऊपरी हिस्सों में सामाजिक विविधता स्थापित नहीं कर पाया है। 10 जनवरी के अंक में हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस विषय पर संपादकीय प्रकाशित किया है, जिसमें इस स्थिति को कलीजियम सिस्टम की कमियों से जोड़ कर देखने का प्रयास किया गया है। संपादकीय कहता है कि कलीजियम सिस्टम की जिन कारणों से आलोचनाएं होती रही हैं, उनमें एक सार्वजनिक संस्थानों में दिखने वाले सामाजिक संयोजन से उसकी कथित उदासीनता भी है। संपादकीय इसी संदर्भ में न्यायिक नियुक्तियों में हो रहे भाई-भतीजावाद के आरोपों का जिक्र करता है और इस बात का भी उल्लेख करता है कि अमान्य घोषित किए जा चुके छह सदस्यीय राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के दो प्रतिष्ठित सदस्यों में से एक एससी, एसटी, ओबीसी, महिला या अल्पसंख्यक समुदाय से होते।इन सबसे ऐसा लगता है कि अगर न्यायपालिका के ऊपरी हिस्सों में सामाजिक विविधता का अभाव है तो इसके लिए पूरी तरह कलीजियम सिस्टम दोषी है। लेकिन यह सचाई नहीं है। सामाजिक विविधता के अभाव की यह स्थिति हमें अन्य क्षेत्रों और अन्य पेशों में भी दिखती है। उदाहरण के लिए, मीडिया में भी कोई बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। असल में यह भारतीय समाज के पारंपरिक पूर्वाग्रहों का विस्तार है और इस स्थिति को बदलने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। हालांकि विभिन्न क्षेत्रों में स्थितियां बदल भी रही हैं। उदाहरण के लिए, न्यायिक क्षेत्र की ही बात करें तो दो-तीन दशक पहले तक यह दलील चल जाती थी कि जो पूल उपलब्ध रहेगा उसी का अनुपात तो नियुक्तियों में दिखेगा। लेकिन अब लॉ की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स में समाज के हर तबके की अच्छी खासी संख्या नजर आती है। ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन की रिपोर्ट बताती है कि 2015-16 में एलएलबी कोर्स में महिलाओं का जो अनुपात 44 फीसदी था, वह 2019-20 में बढ़कर 53 फीसदी हो गया था। इसी तरह कुल एलएलबी एनरोलमेंट में एससी (अनुसूचित जाति) 13 फीसदी और ओबीसी 29 फीसदी हैं। जाहिर है, यह महत्वपूर्ण बदलाव है और इसकी झलक कायदे से न्यायिक नियुक्तियों में भी दिखनी चाहिए। लेकिन इस आधार पर कलीजियम सिस्टम को खारिज करने की जानी-अनजानी कोशिश ठीक नहीं है। ध्यान रहे, न्यायिक नियुक्ति की किसी व्यवस्था को चुनते या खारिज करते समय सबसे बड़ा कारक होता है न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित रहना। बहरहाल, न्यायपालिका में सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने का प्रयास अविलंब आगे बढ़ना चाहिए।

**ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन की रिपोर्ट बताती है कि 2015-16 में एलएलबी कोर्स में महिलाओं का जो अनुपात 44 फीसदी था, वह 2019-20 में बढ़कर 53 फीसदी हो गया था। इसी तरह कुल एलएलबी एनरोलमेंट में एससी (अनुसूचित जाति) 13 फीसदी और ओबीसी 29 फीसदी हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दरअसल, न केवल वित्तीय समावेशन, बल्कि डिजिटल वित्तीय समावेशन भी पिछले कुछ वर्षों से एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। जी-20 की विभिन्न रिपोर्ट व नीतिगत मार्गदर्शन गैर-सदस्य देशों को अपने यहां और ज्यादा वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहे हैं।**

# भारत जी-20: डिजिटल वित्तीय समावेशन का वैश्वीकरण

**वी. अनंत नागेश्वरन और चंचल सी. सरकार**




वित्तीय समावेशन को लंबे समय से आर्थिक वृद्धि और विकास के प्रमुख क्षमता-प्रदाता के रूप में मान्यता दी जाती है। यह गरीबी को कम करने व उत्पादक अर्थव्यवस्था के दायरे में लोगों को सशक्त बनाने और आपस में संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार, सत्रह सतत विकास लक्ष्यों में से सात के लिए, वित्तीय समावेशन की क्षमता-प्रदाता के रूप में पहचान की गयी है।

वैश्विक वित्तीय संकट की पृष्ठभूमि में, 2010 के अंत में, जी-20 राजनेताओं ने वित्तीय समावेशन को वैश्विक विकास एजेंडे के मुख्य स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता दी। उन्होंने वित्तीय समावेशन कार्य योजना (एफआईएपी) का अनुमोदन किया और इसे जी-20 देशों एवं अन्य देशों में लागू करने के लिए वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक भागीदारी (जीपीएफआई) की स्थापना की। इस प्रकार, जीपीएफआई उन देशों के लिए काम करती है, जो जी-20 में शामिल नहीं हैं।

तब से, जीपीएफआई द्वारा वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने की दिशा में काफी काम किए गए हैं। इसने कई उपयोगी नीति दस्तावेज तैयार किए हैं और उन्हें लागू किया है, जिनमें डिजिटल वित्तीय समावेशन के लिए जी-20 उच्च-स्तरीय सिद्धांत शामिल हैं। इसने धन-प्रेषण की लागत को कम किया है और सतत औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच व उपयोग में वृद्धि की है, जिनके माध्यम से वित्तीय सुविधाओं से वंचित व्यक्तियों, परिवारों और उद्यमों के लिए अवसरों का विस्तार हुआ है।

**पिछले एक दशक में विकासशील देशों में अपना खाता रखने वालों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 71 प्रतिशत हो गई है।**

पिछले एक दशक में विकासशील देशों में अपना खाता रखने वालों की संख्या लगभग दोगुनी होकर 71 प्रतिशत हो गई है जो कि मुख्यतः तकनीकी नवाचार के साथ-साथ स्मार्टफोन, फिनटेक और हाई-स्पीड इंटरनेट के माध्यम से वित्त में डिजिटल नवाचार को अपनाने की बदौलत ही संभव हो पाया है (https://www.worldbank.org/en/publication/globalfindex)। इस अहम बदलाव को जी-20 ने भी नोट किया है। दरअसल, न केवल वित्तीय समावेशन, बल्कि डिजिटल वित्तीय समावेशन भी पिछले कुछ वर्षों से एक प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है।

जी-20 की विभिन्न रिपोर्ट व नीतिगत मार्गदर्शन गैर-सदस्य देशों को अपने यहां और ज्यादा वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार और डिजिटलीकरण का लाभ उठाने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहे हैं। हालांकि, एक अहम सवाल यह है कि इस दिशा में व्यापक प्रगति होने के बावजूद पूरी दुनिया को वित्तीय समावेशन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों की पूरी क्षमता का सदुपयोग करने से आखिरकार क्या चीज रोक रही है? इसके साथ ही एक सवाल यह भी है कि वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय तेजी लाने के लिहाज से किसी और को नहीं, बल्कि भारत को ही वैश्विक स्तर पर आशा की किरण क्यों माना जाता है?

पूरी दुनिया की लगभग 31 प्रतिशत आबादी, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, गरीब और कम शिक्षित वयस्क शामिल हैं, के अभी भी औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर रहने को देखते हुए अब डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम पर नए सिरे से विचार करने और डिजिटल वित्तीय समावेशन के लिए इस दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात करने के तरीके तलाशने का समय अब आ गया है।

इंडिया स्टैक शायद वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के हमारे देश के प्रयासों का सबसे बढ़िया उदाहरण है। स्टैक नीति निमार्ताओं, नियामकों, निजी क्षेत्र और उपयोगकताओं जैसे डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम के विभिन्न हितधारकों को एकजुट करता है और पहचान, भुगतान प्रणाली, डेटाबेस, खुले नेटवर्क और खुले इंटरफेस (एपीआई) जैसे घटकों को एक दूसरे के पूरक बनने हेतु एक एकीकृत मंच के रूप में परिवर्तित करता है। इकोसिस्टम से संबंधित इस तरह के दृष्टिकोण ने विकास की गति को एक लंबी छलांग दी है क्योंकि यह दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए नियामकों को विनियमित करने और निजी क्षेत्र को नवाचार करने के अनुकूल माहौल को बढ़ावा देता है। अपने नाम के बावजूद, इंडिया स्टैक सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है और इस प्रकार वह दूसरों देशों को मदद और सुविधा प्रदान कर सकता है। इसकी दृष्टि और महत्वाकांक्षाएं हमारी राष्ट्रीय सीमाओं से बहुत आगे तक जाती हैं। स्टैक के मूलभूत स्वरूप (टेम्पलेट) को अन्य देशों- चाहे वे विकसित हों या उभर रहे हों- की उनकी अनूठी जरूरतों के अनुरूप वहां की उपलब्ध परिस्थितियों में भी लागू किया जा सकता है (https://indiastack.org/index.html)। इस अनूठे स्वरूप के कारण, पिछले दशक के दौरान, भारत ने 12 लाख करोड़ से अधिक के मासिक यूपीआई भुगतान को संभव बनाते हुए 1.3 बिलियन आधार पंजीकरण का आंकड़ा हासिल किया है (https://www.npci.org.in/what-we-do/upi/product-statistics)। और जन धन, आधार एवं मोबाइल (जेएएम) की त्रिमूर्ति के तहत 470 मिलियन से अधिक लाभार्थी हैं, जिनमें से 55 प्रतिशत महिलाएं हैं तथा 67 प्रतिशत लाभार्थी ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहते हैं (https://pmjdy.gov.in/account)। अब जबकि हमारे सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सिर्फ सात वर्षों का समय बचा है, एक विश्वव्यापी क्रांति के रूप में डिजिटल वित्तीय समावेशन की शुरूआत करने के लिए वित्तीय सेवाओं की इसी गति, मात्रा और गुणवत्ता को आगे बनाए रखने की जरूरत है।

ऐसे वक्त में जब कोलकाता जी-20 की भारतीय अध्यक्षता के अंतर्गत पहली जीपीएफआई बैठक की मेजबानी करने के लिए तैयार हो रहा है, तब प्रमुख मसलों में से एक होगा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर वित्तीय समावेशन की चुनौतियों को दूर करना ताकि वित्तीय सेवाओं की पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता, लोगों के जीवन को बदलने तथा अर्थव्यवस्था में उत्पादकता में वृद्धि करने के तिहरे उद्देश्यों को हासिल किया जा सके।

इस बैठक के साथ-साथ स्कूली बच्चों के बीच वित्तीय साक्षरता और जागरूकता के निर्माण को समर्पित पहल भी होगी। ये आयोजन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और उपक्रमों द्वारा वित्त में ऐसे विभिन्न डिजिटल नवाचारों का प्रदर्शन भी देखेगा, जिन्होंने अंतिम छोर तक पहुंचने में भारत की उत्कृष्ट सफलता में योगदान दिया है। दुनिया भर के प्रमुख वक्ता इस विषय पर अपने बहुमूल्य विचार रखेंगे कि वित्तीय समावेशन और उत्पादकता में आगे बढ़ने के लिए कैसे दुनिया के देश अपनी तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठा सकते हैं। कोलकाता में जीपीएफआई कार्यकारी समूह की पहली बैठक वैश्विक स्तर पर डिजिटल वित्तीय समावेशन में आगे बढ़ने को लेकर भारत के रुख की एक लंबी और समृद्ध यात्रा शुरू कर सकती है।

**(वी. अनंत नागेश्वरन और चंचल सी. सरकार वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में क्रमशः मुख्य आर्थिक सलाहकार और आर्थिक सलाहकार हैं। ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# बेरहमी से पीटकर बेटे-बहू ने ली वृद्ध मां की जान, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सरायकेला के आदित्यपुर थानाक्षेत्र में वृद्ध महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। जिससे महिला की मौत हो गयी। मृतका का नाम कमला देवी है। घटना को अंजाम उसके बेटे और बहू ने मिलकर दिया था। आरोपी बेटे का नाम प्रीतम कुमार है। वहीं बहू का नाम रेणु है। मृतिका की बेटी के बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बेटा प्रीतम कुमार केनरा बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी पत्नि रेनू गृहणी है। दोनों ने मिलकर कमला देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद दोनों मौके से फरार हो गये। मृतका की बेटी ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को जानकारी मिली कि प्रीतम और रेणू टीएमएच के पास है। पुलिस तुरंत वहां पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट की निशानी की पुष्टि हुई है। उसके बाद पुलिस हरकत में आई। दोनों को गिरफ्तार के इस मामले में कमला देवी को मदद कर रही जदयू नेता शारदा देवी और पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी ने पुलिस की कार्रवाई पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि प्रीतम ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर बेरहमी से अपनी मां की पिटाई की जिसके बाद उनकी मौत हो गयी।

**मृतिका की बेटी के बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।**

# दो दिन में जारी होगा झारखंड तकनीकी विवि के बीटेक फोर्थ सेम का रिजल्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट दो दिन के अंदर जारी हो जायेगा। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ विप्लव पांडे ने उनसे मिलने गये टेक्निकल छात्र संघ के अभिषेक बनर्जी को दी। उन्होंने अभिषेक के आग्रह पर रिजल्ट को जल्द ही विश्वविद्यालय की साइट पर भी डालने का आश्वासन भी दिया। अभिषेक ने इससे पूर्व डॉ विजय पांडे को पुनः प्रभारी कुलपति नियुक्त किये जाने पर उन्हें टेक्निकल छात्र संघ की ओर से गुलाब देकर बधाई दी।
अभिषेक ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ विप्लव किशोर पांडेय को भी गुलाब सौंप कर उन्हें बधाई दी एवं उनसे बीटेक के फर्स्ट, सेकेंड एवं फोर्थ सेमेस्टरों के रिजल्ट के संबंध में जानकारी ली। श्री पांडे ने कहा कहा फोर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट 2 दिन के अंदर जारी कर दिया जायेगा।

# जिला परिषद कार्यालय में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** साकची स्थित जिला परिषद कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा को पुष्पगुच्छ देकर संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। विगत दिनों भूख हड़ताल पर बैठी मुखिया, उप मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य को भूख हड़ताल स्थल पर जाकर उनकी मांगों से अवगत हुए अवगत होने के पश्चात एसडीओ से मिले। एसडीओ से मिलने के पश्चात भूमि उप समाहर्ता रविंद्र गगराई एवं अंचल पदाधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव को धरने स्थल पर लाकर लिखित रूप से समझौता करवा कर भूख हड़ताल तोडवाने का कार्य किया। जिसके कारण पंचायत प्रतिनिधियों ने दोनों को संयुक्त रुप से सम्मानित किया। इस मौके पर उत्तरी करनडीह पंचायत की मुखिया सीनी सोरेन, पंचायत समिति सदस्य संगीता पात्रो, सुनील गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजू पात्रो, समाजसेवी कन्हैया तिवारी, सोमनाथ उपस्थित थे।

# संस्कार, संघर्ष, संकल्प, सहनशीलता, सहानुभूति, श्रम और वैचारिक दृढ़ता के बल पर युवा परिवर्तन के वाहक होते हैं: काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नमन के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। नमन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में साकची मेन गोलचक्कर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर सरदार इंद्रजीत सिंह ने कहा राष्ट्रनिर्माण के लिए स्वामी जी ने अपने विचारों से युवाओं को राष्ट्रवाद, अध्यात्म एवं कर्तव्यपरायणता के लिए प्रेरित किया। श्रीश्री 108 संतोष महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति व भारतीय अध्यात्म परंपरा को वैश्विक क्षितिज पर पुनर्स्थापित करने वाले महान संन्यासी स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श है। श्री कृष्ण सिन्हा संस्थान से आरसी वल्लभ ने कहा कि आज इस मौके पर सभी युवा अपनी ऊर्जा का सकरात्मक उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपना रचनात्मक योगदान देने का संकल्प लें। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अभय सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद यदि अपने जीवन में कुछ अनुकरणीय करने का मन है तो विवेकानंद जी के सिद्धांत और विचारों का चिंतन करना चाहिये। इस अवसर पर काले ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि- स्वामी विवेकानंद जी ज्ञान और संकल्प की प्रतिमूर्ति थे जिन्होंने भारतवर्ष की संस्कृति और ज्ञान का डंका पूरे विश्व में बजाया आज उन्हीं महापुरुष की जयंती है ।इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह, सैंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक के शैलेन्द्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह, युपी संघ के रामकेवल मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष राजपति देवी सहित अन्य वरिय महानुभावों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन धनुर्धर त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन जूगुन पांडे ने किया। इस मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, चमकता आईना के संपादक बृजभूषण सिंह, न्यू इस्पात मेल के सम्पादक जयप्रकाश राय, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, वरिष्ठ नेत्री डॉ सुनीता सोरेन, आरक्षी- उपाधीक्षक कन्हैया उपाध्याय, टाटा मोटर्स युनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आर के सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंद्र (नट्टू) झा, वरिय नेत्री विमला बडोडकर, सैंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष भगवान सिंह, पूर्व सैनिक परिषद के वरुण कुमार, जितेन्द्र यादव, विनय यादव, वरिय समाजसेवी कुलविंदर सिंह पन्नू, एस जी पी सी के हरदयाल सिंह, लता सिन्हा, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष राजू मारवाह, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष नीरू सिंह, जंबो अखाड़ा के बंटी सिंह, जोगिंदर सिंह जोगी, सुखविंदर सिंह निक्कू, कराटे एसोसिएशन के सरजू राम, पीएन पांडे, बिपिन झा, राजेश सिंह बम, बलबीर मंडल सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं युवा उपस्थित थे।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व
# रंगारंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा मकर संक्रांति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। मकर संक्रांति तथा टुसू पर्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहायक प्राध्यापक संगीता महतो ने कहा कि झारखंड की पहचान खनिज के साथ कृषि को लेकर भी है. टुसू मां को हम अपनी बेटी की तरह मानते हैं और उन्हें हम अगहन संक्रांति के दिन घर लाते हैं। मकर संक्रांति के दिन विसर्जन करते है और इस अवसर को हम एक उत्सव की तरह मनाते हैं। डीएलएड की छात्रा कविता महतो ने टुसू पर्व के अवसर पर गाये जाने वाली संगीत की प्रस्तुति दी। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने देशभर में मकर संक्रांति को अलग-अलग हिस्से में जिन परिधानों के साथ मनाया जाता है. उन परिधानों में जोड़े में आकर रैंप वॉक किया। छात्र मोहित सिंह ने पावर पॉइंट के द्वारा देशभर में मनाए जाने वाले पर्व मकर संक्रांति को अलग-अलग तरीके से मनाने की प्रथा को प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गुरुदेव महतो ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने इस अवसर पर काफी मेहनत किया है और वे सभी बधाई के पात्र हैं। साथ ही उन्होंने मकर संक्रांति के ऊपर विस्तृत चर्चा किया. इस अवसर पर कुलपति डॉ गोविंद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश साधु-संतों का देश है। जहां प्रकृति साधु-संतों तथा देवी देवताओं की पूजा होती है। अनुग्रहण और विसर्जन हमारी संस्कृति रही है, उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि मकर संक्रांति पर्व एक ऐसा पर्व है जो पूरे भारतवर्ष में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। जिससे पता चलता है कि भारत में कितनी विविधता हैं। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक शंभू महतो, कुलसचिव डॉ भाव्या भूषण, श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सभी विभाग के सहायक प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आरके पब्लिक स्कूल में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल असेंबली में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनका व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात व अनुसरण करके हम सभी अपने जीवन को सुखी व समृद्ध बना सकते हैं। स्वामी विवेकानंद ने 1893 ईस्वी में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करके देश का मान बढ़ाया वह सभी देशवासियों के लिए गौरव की बात है। ' उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए।' उनका यह विचार आज भी करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर स्कूल में चित्रांकन, भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन छात्र-छात्राओं के बीच कराया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में कक्षा 6 ए से सीमरण गुप्ता, 6 बी से नवीन पाल, कक्षा 6 सी से आफरीन प्रवीण, कक्षा 6 डी से उत्सव गुप्ता एवं कक्षा 7 ए से पूजा कुमारी, कक्षा 7 बी से प्रत्यूष, कक्षा 7 सी से रागिनी कुमारी व कक्षा 7 डी से सुहानी कुमारी को उनके कक्षावार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 7 ए से अभिराज अर्णव, कक्षा 6 ए की मानसी कुमारी एवं कक्षा 7 ए से कुणाल राज को और भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 8 से खुशी कुमारी, विवेक कुमार एवं अमन गुप्ता को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन अनुप कुमार पांडेय के द्वारा किया गया।

### सोशल इनोवेशन ग्रुप एवं दुर्गा मंदिर समिति ने स्वामी विवेकानन्द जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप एवं दुर्गा मंदिर समिति टाउनशिप के द्वारा संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानन्द जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण में मनाया गया। मंदिर स्थित स्वामी विवेकानन्द पार्क में स्थापित प्रतिमा पर सी.आई.सी.एफ कमांडेंट मधुसूदन महेश्वरी, मंदिर के सचिव शिवपूजन यादव, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ बउआ भैया, उपाध्यक्ष यशवंत चौबे , सोशल इनोवेशन ग्रुप के सचिव सत्यम पांडेय एवं कोषाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलित करने के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सोशल इनोवेशन ग्रुप के सचिव सत्यम पांडेय एवं कोषाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने सभी सदस्यों के साथ उपस्थित गणमान्य लोगों को स्वामी विवेकानन्द से संबंधित पुस्तक दिया। मौके कमांडेंट मधुसूदन महेश्वरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हं अगर युवाओं को सही दिशा दी जाए तो वो देश को एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। मौके पर सी.आई.सी.एफ के सब इंस्पेक्टर जी.एल. सिंह, दिपक द्विवेदी, संस्था के संस्थापक सदस्य उत्सव उमंग, प्रभात सिंह, राजूरंजन चंद्रवंशी, बबलू कुमार, अश्विनी सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री के निधन पर टीडीएम कॉलेज में शोक सभा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** ठाकुर दयाल देव मनिकराज इंटर महाविद्यालय शासी निकाय के सदस्य पूर्व मंत्री सह विधायक भानु प्रताप शाही के पिता पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन पर टीडीएम इंटर कॉलेज एवं शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में टीडीएम कॉलेज परिसर में शोक सभा की गयी। प्राचार्य धनंजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिवार को अपर दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई। मौके पर प्राचार्य धनन्जय सिंह ने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए बड़ी क्षति है। श्रद्धेय शासी निकाय के सदस्य का दुःख कॉलेज का दुःख है। हम सब मिलकर इस दुःख से उबरने में सफल होंगे। शोक सभा में शारदा महेश शर्मिष्ठा देव के प्राचार्य प्रशांत कुमार सहाय, टीडीएम इंटर कॉलेज के शिक्षक वरुण पांडेय, उमेश सिंह, अमरेश कुमार यादव, कमलेश कुमार, विवेक कुमार सिंह, रजनीश कुमार, बेबी कुमारी, जूही कुमारी, दिलीप कुमार गुप्ता, राजीव रंजन प्रताप देव, प्रणय देव, शैलेन्द्र प्रताप देव, आशीष शुक्ल, नवनीत सिंह, अमित सिंह, भीष्म नारायण सिंह, राहुल कुमार, ममता सोनी, रामपवन, निशांत कुमार देव, प्रवीण पासवान, विनेश पाल सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**निरीक्षण :** इंटर मिनिस्ट्रियल सेंट्रल टीम ने जिले के तीन पंचायतों में लिया सुखाड़ का जायजा

# सुखाड़ के कारण गढ़वा जिले की स्थिति बहुत खराब है : असीम रंजन

**किसानों को खरीफ फसल में काफी नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी केंद्र को दी जाएगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित इंटर मिनिस्ट्रियल सेंट्रल टीम (आईएमसीटी) समिति के द्वारा सुखाड़ का आकलन करने हेतु झारखंड परिभ्रमण के दौरान गढ़वा पहुंची। जिले के तीन पंचायत गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर, लोटो एवं मेराल प्रखंड अंतर्गत तीसरटेटूका पंचायत के कोटाम का निरीक्षण किया। सुखाड़ का आकलन करने पहुंची केंद्रीय टीम ने किसानों से बात कर सुखाड़ के नुकसान का जायजा लिया। उपरोक्त स्थलों पर पहुंचकर किसानों से वातार्लाप करते हुए खरीफ फसल के उत्पादन में पिछले वर्ष एवं वर्तमान वर्ष के बारे में पूछा। कृषकों ने बताया कि अल्पवृष्टि के कारण इस वर्ष सूखा का सामना करना पड़ा है। स्थिति खराब हो गई है। कृषक सुखाड़ से निपटने के लिए चिंतित हैं। निरीक्षण के दौरान टीम ने किसानों द्वारा की जा रही खेती के तौर-तरीकों को समझा एवं उनकी समस्याओं को जाना। उक्त टीम में प्रमोद नारायण डायरेक्टर सीडब्ल्यूसी रांची, महेश कुमार डिप्टी डायरेक्टर एवं बृजमोहन सिंह असिस्टेंट डायरेक्टर (एस एंड आर) सेंट्रल ग्रीन एनालाइसीस लैबोरेट्री, केन्द्रीय स्तर के जबकि राज्य स्तर से दो सदस्य असीम रंजन एक्का, उप निदेशक कृषि यांत्रिकी एवं मुकेश गागराई, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण उपस्थित थे। स्थिति का आकलन करते हुए टीम में शामिल असीम रंजन एक्का ने बताया कि सुखाड़ के कारण गढ़वा जिले की स्थिति बहुत खराब है। कृषि विभाग गढ़वा एवं जिले के कृषकों द्वारा दी गयी जानकारी सत्य है। किसानों के खरीफ फसल में काफी नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी केंद्र को दी जाएगी।

मौके पर निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, जिला उद्यान पदाधिकारी शिव शंकर, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, आत्मा से योगेंद्र कुमार सिंह, सहायक अभियंता, भूमि संरक्षण विभाग, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी गढ़वा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेराल समेत काफी संख्या में कृषक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रभातफेरी निकाली गयी



**जिला खेल कार्यालय की तरफ से टी-शर्ट वितरण कर किया गया युवाओं को प्रोत्साहित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार, खेलकूद निदेशालय रांची द्वारा निर्देशित 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रभातफेरी निकाली गयी। विदित हो कि पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार एवं जिला खेल कार्यालय गढ़वा की ओर से आयोजित इस युवा दिवस कार्यक्रम 2023 के उपलक्ष्य में मझियांव मोड़ से टाउन हॉल के मैदान तक प्रभात फेरी निकाली गयी। इस रैली में खेल विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के एथलेटिक्स कुश्ती वॉलीबॉल के सभी बालक बालिका प्रशिक्षु खिलाड़ी सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए, जिन्हें प्रोत्साहन देने हेतु जिला खेल कार्यालय की तरफ से टी-शर्ट वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ी मझियांव मोड़ से रैली के साथ रंका मोड़ होते हुए टाउन हॉल के मैदान पहुंचे। टाउन हॉल के मैदान में पहुंचकर बच्चों को रिफ्रेसमेंट उपलब्ध कराया गया, तत्पश्चात प्रभात फेरी की समाप्ति की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विभागीय प्रशिक्षक अरविंद दुबे, प्रभात रंजन तिवारी, कुश्ती संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह, बॉक्सिंग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी, राइफल संघ के सचिव सत्येंद्र प्रसाद यादव, साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि खेल ओम प्रकाश गुप्ता, खेल विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर ललन कुमार, कुश कुमार इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उक्त जानकारी जिला खेल कार्यालय गढ़वा के द्वारा दी गई।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेराल प्रखंड में कई कार्यक्रम आयोजित

**बंकेश्वर नाथ उवि में शिक्षा समाज संस्कृति नामक स्वयंसेवी संस्था ने भाषण, संगीत, चित्रकारी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** स्वामी विवेकानंद की 159वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रखंड भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में जहां भाषण प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं बंकेश्वर नाथ उच्च विद्यालय के प्रांगण में शिक्षा समाज संस्कृति नामक स्वयंसेवी संस्था के सौजन्य से भाषण, संगीत, चित्रकारी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा फूल मनाएं चढ़ाकर की गयी। प्रतियोगिता में श्री बंकेश्वर नाथ उच्च विद्यालय एवं राजकीय उच्च विद्यालय के 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों के बीच अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर अपने संबोधन में बीडीसी प्रतिनिधि उमेश यादव ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उन्हीं की प्रेरणा से शिक्षा समाज संस्कृति नामक सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठन बनाया गया है, जो विद्यार्थी समाज एवं संस्कृति को सभ्य बनाने के लिए कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य रणधीर कुमार, रमेश शर्मा, अजीत विश्वकर्मा, हरिनंदन त्रिपाठी, अनिल, रविन्द्र, सत्यप्रकाश, अमित, अनिल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल थे।

## मोटरसाइकिल लूट कांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने कैलान बरडीहा मार्ग के जंगल में हुई मोटरसाइकिल लूटकांड का उद्भेदन करते हुए लूटकांड में संलिप्त दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लूट की मोटरसाइकल को बरामद किया है। भवनाथपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीते 14 नवम्बर को कैलान जंगल में एक मोटरसाईकिल लुट की घटना घटित हुई थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के द्वारा काण्ड का अनुसंधान हेतु एक टीम का गठन किया गया था। उक्त काण्ड का अनुसंधान हेतु गठित टीम के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी। 11जनवरी को उंटारी रोड थाना के पुलिस पदाधिकारी के सहयोग से गठित टीम के द्वारा छापामारी कर काण्ड में लूटी मोटरसाइकिल बरामद करने के साथ लूटकांड के दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम बंदला थाना पाण्डू जिला पलामू के 21 वर्षीय ज्ञानेन्द्र शर्मा उर्फ छोटू पिता दिनेश शर्मा एवं ग्राम करमडीह, थाना मझिआंव, जिला गढ़वा के 19 वर्षीय अनिकेत कुमार पिता अधेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपर्द किया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक चन्दन कुमार सिंह, एसआई सहदेव कुमार साव, रामप्रसाद इंदवार, अशोक कुमार महतो, उंटारी रोड थाना पलामू एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह, भवनाथपुर के सशस्त्र बल शामिल थे।

## अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडे से भेड़िया को मार डाला



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया-रमकंडा सड़क सालों टोंगरी गांव के पास बुधवार की शाम में अज्ञात लोगों ने जंगली भेड़िया को लाठी-डंडे से पीट कर मार डाला। सूचना के बाद वन विभाग की टीम भेड़िए के शव को बरामद कर भंडारिया रेंज ऑफिस ले आयी। वन विभाग ने भेड़िया के शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया रेंज अफसर कन्हैया राम ने कहा कि सालों टोंगरी गांव के बाजार के पास तेंदुआ होने की सूचना दी गई थी, परंतु जब वहां वन विभाग की टीम पहुंची तब तक अज्ञात लोगों ने तेंदुआ कहकर भेड़िया को मार दिया था।

## राष्ट्रीय युवा दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन

**वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल प्रसाद की सुपुत्री सौम्या को सीए बनने पर किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विवेकानंद की जयंती पर सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडेय ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनसे सीख लेकर सामाजिक जीवन में आगे बढ़ने की बात कही। वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल प्रसाद की सुपुत्री सौम्या को सीए बनने पर शॉल देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर पतंजलि योग पीठ के झारखंड रासबिहारी तिवारी, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद, अनिरुद्ध सरन, जोखू प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रवींद्र जयसवाल, दीपक तिवारी ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती का चित्र भेंटकर सौम्या को सम्मानित किया। इस अवसर पर सौम्या के माता-पिता नंदलाल प्रसाद एवं अंजू देवी विशेष रूप से उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–42/2022–23 PR 286151 (District) 22-23*D के सहपठित ज्ञापांक 1914 दिनांक 26.12.2022 द्वारा निकाले गये निविदा के क्र0सं0 –4 (पंचायत चेपाकला के ग्राम जुगरा से पंदनवाटांड तक पथ का निर्माण) को अपरिहार्य कारणवश निकाले गये निविदा अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 287425 District(22-23)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग।

पत्रांकः– 26 हजारीबाग/दिनांकः– 12/01/2023

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 1341 दिनांक 20.12.2022 द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सुचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/F2-22/2022-23 जिसका प्रकाशन PR No. 285538 Minor Irrigation( 22-23).D को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR 287381 Minor Irrigation(22-23)D


**कार्यक्रम :** भाजयुमो ने स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

# उत्कृष्ट प्रतिभागियों को भगवा वस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर किया सम्मानित

**युवाओं में प्रथम मोहीत उरांव, द्वितीय विकी चौधरी एवं तृतीय पुरस्कार अजीत चौधरी ने प्राप्त किया**

**बच्चों में प्रथम दिव्या कश्यप, द्वितीय मंजित चंद्रवंशी एवं तृतीय पुरस्कार आदर्श कुमार ने प्राप्त किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर इंडिया कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता हुर झुरा गांव के बीच में बाईपास फोर लेन पर आयोजित की गयी। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के युवाओं और बच्चों को अलग-अलग श्रेणी में भगवा वस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने स्वामी विवेकानंद अमर रहें.. स्वामी विवेकानंद का क्या संदेश.. सक्षम सुंदर भारत देश.. जैसे अनेकों नारे लगाए गए।

मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं के बीच से प्रथम मोहीत उरांव, द्वितीय विकी चौधरी एवं तृतीय पुरस्कार अजीत चौधरी ने प्राप्त किया। वहीं बच्चों के प्रतिभागी में प्रथम स्थान दिव्या कश्यप, द्वितीय मंजित चंद्रवंशी एवं तृतीय श्रेणी का पुरस्कार आदर्श कुमार ने प्राप्त किया। दौड़ में शामिल मुख्य रूप से अनिल तिवारी को अच्छे धावक के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। उनके पदचिन्हों पर चलकर भारत विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के विश्व धर्म संसद में भारत की सनातन संस्कृति कला हिन्दू धर्म के बारे में लोगों को बताया था। पूरी दुनिया में भारत का डंका बजा कर स्वामी विवेकानंद ने भारत को विश्व गुरु बनाया था। कार्यक्रम को भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, प्रिंस तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, बिपिन तिवारी, प्रियरंजन तिवारी, रवि राऊत, रंजीत कुमार, पियुष तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, आलोक तिवारी, शनि कुमार, अंजनी तिवारी, काजु कुमार, रितेश कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।


## Office of Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag

### Very Short Tender e- Procurement Notice
### (2nd Call)

**Tender reference:- DWSD/HZB/UNTIED/10/2022-23 (2nd Call) Date :- 10.01.2023**

| Sl. No | Particulars | Details: Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost of BOQ (in rupees) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200 x 150 mm dia x 190 Mtr. deep HYDT with installation of IM-II hand pump under Untied Fund in DIFFERENT places under D.W.& S. Division in the District of Hazaribagh for the Year 2022-23 | 13,76,590/- | 28,000/- | 2,500/- | 03 Months |
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 12.01.2023 up to 02:00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 19.01.2023 upto 05.00 PM | | | |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 20.01.2023 upto 03.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 21.01.2023 at 11.00 AM | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8 | Contact no of e-procurement office | 06546-262291; 06546-270154 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

Executive Engineer
D.W. & S. Division,Hazaribag

PR 287402 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## तमाड़ से वांछित नक्सली गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के कीताडीह गांव में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर एक वांछित नक्सली को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान ड़ोका मुण्डा उर्फ ड़िकी उर्फ ड़ोका पाहन के रूप में हुई है। उस पर कीताडीह गांव में पूर्व में नक्सली कार्यवाही में संलिप्त होने का आरोप है। जिसे 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के आपरेशन कमांडर अनुराग सिंह और उप सेना नायक की अगुवाई में एक टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया। इस कार्य में तमाड़ थाने की पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से मदद की।

## 15 को टुसू मेले के आयोजन को लेकर बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के मरधान में गुरुवार को गामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता ठाकुराइन सह ग्राम प्रधान कमला देवी ने की। बैठक में इस वर्ष भी परंपरागत टुसू मेला 15 जनवरी को मरधान स्कूल मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी नेताओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक आयोजन कमेटी का भी गठन किया गया, जिसके संयोजक गोविंद महतो अधिवक्ता बनाये गये हैं। मेला में चौडल को पुरस्कृत किया जाएगा। टुसू में प्रथम पुरस्कार 7001 और दितीय पुरस्कार 5001 व तृतीय पुरस्कार के रूप में 3001 रुपये दिया जाएगा । मुर्गा लडाई में भी पुरस्कार रखे गये है। आयोजक समिति में गौरांग सिंह मुंडा, अश्विनी कुमार महतो, राधा गोविंद सिंह मुंडा आदि होंगे। इसका आयोजन मरधान पंचायत टुसू मेला समिति और संचालन शारदा नव युवक क्लब जादोडीह है।

## तमाड़ पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, 15 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के कुंदला गांव में पुलिस की ओर से एसएसबी डूंगरडीह के सहयोग से करीब 15 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की इस इलाके में अफीम की खेती की गयी है। जिसके बाद पुलिस ने पहुंच कर अफीम खेती को नष्ट कर दिया।

## स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल का मना स्थापना दिवस



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल पतराटोली आदर्श नगर बुंडू का 25वां वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसका उद्घाटन शिक्षाविद असीत कुंडू और पूर्व प्रिंसिपल पूर्ण चंद्र कसेरा ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अनिथियों ने नमन किया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए राह पर चलने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके बाद उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि, समाजसेवी चौधरी महतो, प्रिंसिपल शुभेंदु प्रमाणिक, सुनील प्रमाणिक, विजय ठाकुर, प्रशांत हालदार ,अनुज महतो, ममता देवी, दिनेश ठाकुर, सविता प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## अनुराग के शतक से सोनेट बुंडू ने दर्ज की जीत





**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची में खेले जा रहे अंडर-14 वेंचर स्किल अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को सोनेट बुंडू ने रेलवे यूथ रांची को 73 रनों से हरा दिया। सोनेट बुंडू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 211 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गयी। जिसमें अनुराग कुमार ने शानदार 109 रन बनाए। वहीं, तानिश ने 20 रन बनाया। रेलवे यूथ के तरफ से अमन और आनंद ने 3/3 विकेट लिया। दूसरी पारी खेलने उतरी रेलवे यूथ 30 ओवर में 138 रन ही बना सकी और पूरी टीम पैवेलियन लौट गई। इसमें अभिजीत ने 36 रन और अनमोल ने 20 रनों की पारी खेली। जिसमें सोनेट बुंडू के तरफ से प्रिंस कुमार ने 4 विकेट और अनुराग ने दो विकेट लिया।

## टुसू पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजारों में उमड़ रही लोगों की भीड़



**बुंडू/तमाड (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र के प्रसिद्ध टुसू पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के हॉट बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। 15 जनवरी से टुसू मेले का आगाज होगा जो सप्ताह भर चलेगा। इस अवसर पर जगह-जगह मेले का आयोजन होता है। बुंडू, तमाड़, सोनाहातू, अड़की और राहें के साथ ही सिल्ली और मुरी में भी धूमधाम से टुसू पर्व को मनाया जाता है। खासकर महतो समुदाय में इस पर्व का बड़ा ही महत्व है। पर्व के पहले ही टुसू मां की स्तापना की जाती है। खासकर कुंवारी लड़कियां व्रत रखकर पारंपरिक तरीके से इस त्योहार को मनाती हैं। इस पर्व में गुड और चावल से गुड़ पीठा बनाया जाता है। मकर सक्रांति के दिन लोग नहा धोकर पूजा पाठ कर गुड पीठा का सेवन करते हैं इसके बाद 15 दिनों तक गुड पीठा को लेकर गोतियारी किया जाता है। बड़े बुजुर्ग नौजवान बच्चे बच्चियां नए-नए वस्त्रो से सज धज कर चौडल(टुसू) लेकर नाचते गाते मेला स्थल पहुंचते है फिर विसर्जन किया जाता है। इसकी शुरूआत सतीघाट मेले से हुई। टूसूमनी नाम की एक लड़की राजा के दरबान से अपनी आबरू बचाने के लिए सती हो गई थी। इसलिए प्रत्येक वर्ष सतीघाट में मेला लगाया जाता है। टुसूमनी को लेकर माताएं और बहनें भाइयों के नगाड़े की ताल पर नाचते गाते नदी तक पहुंचती हैं। पांच परगना के चौक चौराहों होटलों गाड़ियों बाजारों में टुसू गीत बजने शुरू हो गए हैं। गांव-गांव में टुसू(चौडल) बनाने का काम शुरू हो गए है। एक हजार से 50 हजार तक के चौड़ोलों की बुकिंग शुरू हो गई है। टुसू मेले में इन अच्छे चौडल को मेला समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इस त्यौहार के रंग में एक सप्ताह तक लोग खुशी और आनंद में मतवाले रहते हैं।

### विधायक ने किया पैक हाउस सह प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

# वैज्ञानिक तकनीक से खेती कर आत्मनिर्भर बनें किसान, तभी होगा देश का विकास : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधायक कोचे मुंडा ने गुरुवार को तोरपा प्रखंड के गुफू गांव में नवनिर्मित पैक हाउस सह प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जब तक किसान स्वावलंबी नहीं होंगे, तब तक देश आग नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के हित में लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने किसानों का आह्वान किया था कि सभी किसान अपना संगठन बनाएं। विधायक ने कहा कि किसानों खासकर महिला किसानों को केंद्र सरकार द्वारा हर संभव सहायता दी जा रही है।



पैक हाउस के उद्घाटन के मौके पर संबोधित करते विधायक कोचे मुंडा।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संस्था प्रदान के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपना उत्पाद सिर्फ देश में ही नहीं, विदेशों में भी भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री हमेशा किसानों के लिए हर समय कुछ नया करने की सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह 1947 का भारत नहीं, अब देश काफी विकास कर चुका है। अब देश के किसान और मजदूर स्वावलंबी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती करें और आत्मनिर्भर होकर देश को आगे बढ़ाएं। प्रदान के रवि रंजन ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। तोरपा कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति की अध्यक्ष एतवारी देवी ने बताया कि इस कोऑपरेटिव से तीन हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं। केंद्र सरकार द्वारा अब तक लाखों रुपये की सहायता मिल चुकी है। 20 लाख रुपये और मिलेंगे। उन्होंने कहा कि किसान जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। मौके पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जितेंद्र मिंज, भाजपा के मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, महावीर साहू, प्रिय रंजन, अर्पण मंडल, ऋषभ कुमार घोष, शशि सिंह, जैक्सन इंजन, एफपीओ के किसान उपस्थित थे।

## तुमांग पंचायत को मैक्लुस्कीगंज थाना में शामिल नहीं करने के लिए मंत्री मिथिलेश को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** तुमांग पंचायत को मैक्लुस्कीगंज थाना में शामिल नहीं किए जाने की मांग को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर के अलावा राज्यसभा सांसद महुआ माजी को भी ज्ञापन सौंपा गया है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिला । झामुमो नेता अनिल पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की कैबिनेट में तुमांग को मैकलुस्कीगंज थाना के अधीन करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसकी जानकारी मिलने के बाद से तमांग पंचायत के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में हड़कंप मचा, क्योंकि तुमांग पंचायत में अति संवेदनशील विभिन्न ग्राम है और इसकी सीमा से तीन जिला लातेहार, चतरा और रांची से सटा हुआ है। जिस कारण यहां सन 1990 के



दशक में धमधमिया पुलिस पिकेट का निर्माण कराया गया था जो खलारी थाना से लगभग 4 से 5 किलोमीटर दूर है। फिर भी तुमांग पंचायत को खलारी थाना से मैक्लुस्कीगंज थाना में परिवर्तित करना समझ से परे है। तुमांग पंचायत से मैक्लुस्कीगंज थाना पहुंचने का मार्ग अति संवेदनशील इलाकों से गुजरता है इसमें आए दिन अपराधिक घटनाएं घटती रहती है जिस कारण से उन रास्ते में आवागमन काफी कम होता है। इसलिए तुमांग पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के हित लाभ एवं ज्यादा सुरक्षा प्रदान करने हेतु तुमांग पंचायत को मैक्लुस्कीगंज थाना में परिवर्तित करने का प्रस्ताव की स्वीकृति को निरस्त करने का आदेश पारित कराएं और धमधमिया में पिकेट को थाना बनाया जाए। जब तक धमधमिया पिकेट को थाना नहीं बनाया जाता है तब तक तुमांग पंचायत को खलारी थाना में ही रखा जाए। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, राजेश प्रसाद सुभाष प्रजापति, राजकुमार भोगता, विशाल पासवान आदि थे।

## तुमांग पंचायत को खलारी थाना क्षेत्र में ही रखने का पारित किया गया प्रस्ताव

**खलारी।** तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान गणेश मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इ दौरान पिछले ग्राम सभा में आये प्रस्ताव की संपुष्टि की गई और सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही ग्राम सभा में चर्चा करते हुए तुमांग पंचायत को खलारी थाना से हटाकर मैक्लुस्कीगंज थाना में शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किए जाने पर पंचायत के ग्रामीणों में काफी रोष देखा गया। ग्रामीणों ने कहा कि तुमांग पंचायत के ग्रामीण नहीं चाहते कि मैक्लुस्कीगंज थाने में शामिल किया जाए। अंत में प्रस्ताव पारित किया गया कि तुमांग पंचायत के ग्रामीण खलारी पंचायत में ही रहेंगे। बैठक में अमर साव, छोटू राम, कयूम अंसारी, बबलू राम, प्रकाश, सुनीता कुमारी, सीमा आदि थे।

## स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चल कर आगे बढ़ें: शालिग्राम

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिक्षक चंद्रभूषण सिंह ने उपस्थित बच्चों को विवेकानंद जी की जीवनी व उनके आदर्श के बारे में जानकारी दी। उन्हीं की तरह बनने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका पूनम पाठक में कहा कि सीख लेना है तो स्वामी विवेकानंद के जीवन से लेना चाहिए। वहीं कक्षा चतुर्थ से द्वादश के बच्चों जिनमें निकिता, नियति, निखिल, राजवीर, प्रियांशु, राधिका, रमण, राज, नीलू, छोटी, अदिति, श्रेया, मोनिका आदि ने स्वामी विवेकानन्द की जीवनी पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : प्राचार्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर गुरुवार को छात्र-छात्राओं द्वारा विशाल प्रभातफेरी निकाली गई। जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं संदेश देते हुए वापस कॉलेज आकर समाप्त हुई। कॉलेज के बहूद्देशिया भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के सौजन्य से संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रभारी प्रचार्या जी के किड़ो ने किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। शिक्षकों और छात्रों ने भी स्वामीजी के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ पुष्पा सुरीन, राज कुमार गुप्ता, डा मंजुषा पूर्ति, राजन कुमार, डॉ एसएसएन हैदर, संगीता सांगा, जय भारती कुजूर डॉ प्रियंका आदि उपस्थित थे। इधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले बिरसा कॉलेज प्रांगण में भारतीय युवा दिवस मनाया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य जे किड़ो ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की सबसे अहम भूमिका होती है। युवा नेताओं के कारण ही भारत ने



## स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत: स्वामी निर्मलानंद



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में गुरुवार को राजस्थान भवन में विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें भागलपुर के स्वामी निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युगनिमार्ता, समद्रष्टा, उत्प्रेरक, राष्ट्र प्रेमी परम संत के रूप में अवतरित हुए। उनके जीवन का हर पहलू मानव के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका व्यक्तित्व देश के विकास में नौजवानों को सदा अनुशासित जीवन के साथा दृढसंकल्पित लक्ष्य साधकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। स्वामी भेदभाव और छुआछूत के हमेशा विरोधी थे। स्वामी जी ने कहा था कि सभी को एक समझना चाहिए। संतों के मार्ग पर चलकर मानव सर्वशक्तिमान बन सकता है। संतों की शरण में रहने से जीवन में बिषमताएं समाप्त हो जाती है। स्वामी लक्ष्मण महाराज ने कहा कि संतो के मार्ग पर चलने से अर्थ, धर्म, काम औ मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्वामी अखिलेशानंद ने कहा कि मानव संत सद्गुरु रूपी पारस के स्पर्श से तपकर सोने की तरह निखर जाता है। अखिलेश ब्रह्चारी, मुरलीधर ब्रह्मचारी ,योगेन्द्र पोद्दार ने भी संतों के गुणों की चर्चा की।

अंग्रेजों से आजादी पाई और अब युवाओं के बूते ही देश विकास की राह पर है। मौके पर प्रो नाथू गाड़ी, राजकुमार गुप्ता, रूबी किरण, अल्पना कुमारी, निशांत झा, सौरभ कुमार, प्रकाश टूटी, अशोक टूटी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र, प्रमानंद, शिव कुमार, सुदर्शन सिंह, पंकज, कुलदीप सहिंद्र आदि उपस्थित थे।

## स्वामीजी के विचार युवाओं के लिए प्रासंगिक : सकलदीप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। संस्थान के निदेशक और शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सत्य, ज्ञान और शिक्षा के प्रतिमान रूप थे। हमें शास्त्रों की गहराई में उतरने का साहस करना चाहिए। यदि यह संभव नहीं है तो हमें स्वयं और अपनी संस्कृति को समझने के लिए स्वामी विवेकानंद के दर्शन को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। छात्रों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के दर्शन और उनके विचार युवाओं के लिए हर युग में प्रासंगिक हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एसडीओ ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का निरीक्षण

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने गुरुवार को कर्रा में धान अधिप्राप्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मौके पर कर्रा बीडीओ निशा कुमारी सिंह और सीओ बैद्यनाथ कामती भी मौजूद थे। निरीक्षण क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी प्रशांत एक्का, लैम्प्स सचिव लालू महतो और कम्प्यूटर ऑपरेटर हर्षित केशरी को कार्य करते देख संतोष व्यक्त किया। कहा कि और अधिक मेहनत से काम करें, ताकि अधिक से अधिक किसान लभाविंत हों। सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि 41 किसानों से 1146 क्विंटल 55 किलो धान की खरीदारी हो चुकी हैं। खरीदे गए धान को जल्द मिल मे पहुंचा कर गोदाम को खाली कर नए किसानों से धान की खरीदारी की जाएगी।

### डालसा और प्रखंड प्रशासन ने दिव्यांग को दी ट्राइसाइकिल व आर्थिक सहायता



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशन पर व खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में गुरुवार को कर्रा प्रखंड के सोनमेर शिखर टोली गांव के दिव्यांग बिरसा हेरेंज को उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए ट्राई साइकिल प्रदान की गई। साथ ही पांच हजार रुपये की सहायता राशि का चेक भी दिया गया। उसके लाल राशन कार्ड को पीला कार्ड में भी परिवर्तित किया गया। बिरसा हेरेंज को अब हर महीने 35 किलो अनाज मिलेगा। ज्ञात हो कि बिरसा हेरेंज अपनी मां के साथ रहता है और सोनमेर मंदिर के आसपास की दुकानों में काम कर जीवन बसर करता है। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने दी।

### डीएवी बचरा में युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में देश की महान विभूति और अपने ओजस्वी भाषण से भारत की संस्कृति और ज्ञान से दुनिया को रुबरु कराने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस मौके पर बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद एवं अन्य शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कक्षा 10वीं की छात्रा निहारिका यादव ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक सत्य प्रकाश तिवारी ने भी स्वामी जी के जीवन एवं शिकागो के अभूतपूर्व भाषण की चर्चा की। उन्होंने छात्रों को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अध्यात्म और विज्ञान के समागम को शामिल कर आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

### गुंजन सिंह ने बच्चों के बीच स्वेटर बांटा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा उतरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले हैसाबार आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चो के बीच स्वेटर और गर्भवती महिलाओ के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र के कुल 42 बच्चों के बीच स्वेटर बांटा और गर्भवती महिलाओं के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया। गुंजन सिंह ने कहा कि ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को स्वेटर (गर्म वस्त्र) का वितरण किया जा रहा है। कहा कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों को मिलने वाले हर योजना का लाभ बच्चों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बच्चों से भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका किरण देवी, सहायिका सुनीता देवी, दिनेश करमाली, मनोज करमाली, कुलदीप महतो, नीता देवी आदि मौजूद थीं।

### हम सभी को स्वामी विवेकानंद की दी गयी शिक्षाओं पर चलने की जरूरत : बीपी रॉय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्कूल खलारी में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्राचार्य बीपी रॉय ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद बहुत अच्छे शिक्षक और लेखक थे। मनुष्य अपने भाग्य का निमार्ता स्वयं है विवेकानंद ने अपने देश और धर्म को संपूर्ण विश्व में एक पहचान दिलाई। उन्होंने संपूर्ण विश्व में भारत के ज्ञान और संस्कृति का प्रचार प्रसार किया। प्राचार्य ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। वहीं विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने भी कहा कि स्वामी विवेकानंद जी एक युग निमार्ता थे। उन्होंने देश के युवाओं को एक नई दिशा दी। स्वामी जी ने युवाओं को आह्वान किया कि उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 11वीं की छात्रा मनाली मिश्रा ने हिंदी और श्वेता कुमारी ने अंग्रेजी में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं तनु एवं समूह ने ज्ञान की निर्मल धारा, वैदिक धर्म हमारा गीत प्रस्तुत किया। कक्षा छठी के मानस बर्नवाल ने स्वामी विवेकानंद का रूप धारण कर काफी प्रशंसा बटोरी। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन लक्षिता कश्यप, काशफा निगर, नीलू कुमारी और रिया कुमारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मृतक के परिवार को अब्दुल्ला ने की आर्थिक मदद

**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने चूरी मध्य पंचायत के मोहन नगर धोबी टोला निवासी उबनी देवी के परिवार वालों को आर्थिक मदद करते हुए खाद्य सामग्री दिया। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व बिमारी से उबनी देवी की मौत हो गयी थी। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी मृतक के परिवार वालों से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए मदद किया। इस मौके पर सुनील सिंह, सोनू पाण्डेय, फिरोज अंसारी मौजूद थे।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो द्वारा दीप प्रज्वलन व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वाद-विवाद, निबंध, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिसमें प्रथम स्थान पर मानषी कुमारी, आयुष, कुमारी दीपशिखा, प्रिया राज, आयान मुख्तार आदि रहे। सभी को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन आदर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी ने अल्प आयु में ही पूरे विश्व में भारत की सभ्यता, संस्कृति को प्रचारित कर गौरवान्वित किया। स्वामी जी युवाओं के लिए मार्गदर्शक थे। उनके जीवन आर्दश एवं लक्ष्य को आत्मसात कर युवा आगे बढ़ सकते हैं। मौके पर शिक्षक उमेश मंडल, आनंद प्रसाद, सुरेश, सुंमत, भुनेश्वर, घासीराम, सुदीप, शिक्षिका पुतूल, गायत्री, संध्या, मधु, ममता, कुसुम, नेहा, कल्याणी आदि मौजूद थे। संचालन छात्रा अंतरा मंडल व महिमा कुपर ने किया।

## गदाधर अभ्युदय प्रकल्प कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची की ओर से गुरुवार को महेशपुर शिवटोली में गदाधर अभ्युदय प्रकल्प कोचिंग सेंटर का शुभारंभ हुआ। इसका उदघाटन सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुण्डा एवं ग्रामप्रधान सौभाग्य मुण्डा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बताया गया कि इस कोचिंग सेंटर में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को अन्य सुविधाओं के अलावा मध्याह्न भोजन एवं नास्ता भी उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर मुखिया रोशन लाल मुण्डा ने कहा कि यह कोचिंग सेंटर क्षेत्र के गरीब बच्चों के लिए एक सौगात की तरह है। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिशन के कार्यों की सराहना की। मौके पर वार्ड मेंबर परवेज खान, विजय मुण्डा, प्रणव महतो, फलिन्द्र महतो, मिशन के सहयोगी प्रशिक्षणार्थी राजेन्द्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## शरारती तत्वों नें जंगल में लगायी आग, लाखों के पौधे जले

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** हेसल मौजा के मिलन चैक बाहेया रोड के समीप वन विभाग द्वारा सात हेक्टेयर मे हजारों की संख्या में रोपण किये गये कीमती पौधे जलकर नष्ट हो गये। बताया गया कि बीती रात कुछ अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा इस पौध बीज उद्यान में आग लगा दी गई थी। मालूम हो कि दो साल पहले इस पौध बीज उद्यान में सखुआ, करंज, जामुन, शीशम, सगवान, करम, गम्हार, बांस, बैर आदि के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया था। बेहतर रख-रखाव व देखरेख के अभाव में इस उद्यान में बड़े-बड़े घांस व झाड़ी उग आये थे। बताया गया कि इस उद्यान में शाम होते ही असमाजिक तत्वों व नशेड़ियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। आशंका है कि इन्हीं लोगों के द्वारा आग लगाई गई है। आसपास के ग्रामीणों का आरोप है कि वन कर्मियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण यह घटना हुई है। इससे पहले भी एक बार इस उद्यान में लगाई गई थी। सामाजिक कार्यकर्ता सखीचंद महतो, गबेश्वर महतो, हरीलाल महतो, धनंजय महतो, राजू महतो आदि ने इस घटना की कड़ी निंदा की है तथा सीएम से मामले की जांच कराकर लापरवाह वनकर्मियों के विरुद्ध कारवाई की मांग की है।

## पाली टीम बनी ग्रामीण खेल प्रतिभा फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन

**रातू (आजाद सिपाही)** नवीन स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से सीएनराज हाई स्कूल मैदान में आयोजित 8 दिवसीय ग्रामीण प्रतिभा खेल महोत्सव गुरुवार की शाम समाप्त हो गया। स्कूल मैदान में खेले जा रहे फाइनल मैच में पाली की टीम ने बाजपुर की टीम को सीधे मुकाबले में हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम कर लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में फाइनल मैच के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री अमर बाउरी, हटिया विधायक नवीन जयसवाल व आदित्य प्रसाद ने विजेता पाली की टीम को 51 हजार रुपये का चेक व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। वहीं दूसरे स्थान पर रहे बाजपुर की टीम को 31 हजार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा तीसरे स्थान में रहे बनापीडी की टीम को 21 हजार व चौथे स्थान पर रहे बिजुलिया की टीम को 11 हजार रुपया देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की सफलता में जेम्स बांड खलखो, रूपेश गोप, कृष्णा भगत, इमरान खान, मुकेश भगत, संजय राय, ईश्वर गोप, कृष्णा उरांव, राहुल सिंह, सुबोध साहू, हजारी प्रसाद, शिवपूजन, राजेश सिंह, अमित गोप, जीवन मिर्धा, चन्द्रनाथ महतो आदि लोगो ने सराहनीय योगदान दिया।

## नीरजा सहाय डीएवी में विवेकानंद जयंती मनी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किए गये। विद्यार्थियों ने स्वामी जी के जीवन चरित, उपलब्धियों, शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन आदि पर कविता, अभिभाषण, नृत्य आदि के माध्यम से अपने विचार प्रेषित किये। 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये' विषय को प्राचार्य ने विशेष अभिभाषण से बच्चों का आह्वान किया। युवा देश होने के नाते भारतीयों को अपने युवा होने का एहसास पूरे विश्व को करवाना है, के संदेश को प्राचार्य ने जोड़ा। मौके पर समस्त शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थी एवं अभिभावक ऑनलाइन मध्यम से कार्यक्रम से जुड़े थे।

## फतेहपुर देवी मंदिर में शिवलिंग खंडित करने के विरोध में ग्रामीणों ने निकाली आक्रोश रैली



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के फतेहपुर में देवीगुड़ी शिव मंदिर में स्थापित शिव लिंग को अज्ञात व्यक्ति द्वारा खंडित किये जाने के विरोध में आज जन आक्रोश रैली हिन्दूवादी संगठन के द्वारा निकाली गई। इस मौके पर लापुंग के बाजार समेत गोविंदपुर बाजार स्वेच्छा से बंद रहे। लम्बी दूरी की बसें नहीं चलीं। लगभग 100 मोटरसाइकिलों के साथ सैकड़ों लोग लापुंग प्रखंड मंदिर परिसर से महूगांव, लापुंग, लालगंज दोलैचा, ककरिया होते हुए पुनः फतेहपुर देवी मंदिर पहुंच कर रैली खत्म हुई। आक्रोश रैली के दौरान थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया। मूर्ति को तोड़फोड़ करने वाले अपराधी को अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की गयी। जनाक्रोश रैली में जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो भी शामिल हुईं। उन्होंने 24 घण्टे में अपराधियों को गिरप्तार करने की मांग थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम से की। विहिप खूंटी जिला मंत्री मुखिया सविता उरांव ने कहा कि आपसी समरसता को तोड़ने की साजिश रची गई है। यह देवी गुड़ी आस्था सरना सनातन से जुड़ा हुआ है। साल में दो बाद इस देवीगुड़ी में बकरा की बलि गांव के पहान द्वारा चढ़ायी जाती है। मौके पर विहिप खूंटी जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी थाना प्रभारी से मिलकर घटना की निंदा की व अपराधी को गिरफ्तार करने की मांग की।

**कार्यक्रम :** बोंगईबेड़ा के गुंगानाला ठुठंगाजीरा में युवा दिवस मेला सह वन रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित

# अतिथियों ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांध कर जंगल बचाने का दिया संदेश

**मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता





पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधते रामकुमार पहान व जैलेन्द्र कुमार तथा विधायक राजेश कच्छप को सम्मानित करते मेला समिति के लोग।

**अनगड़ा।** युवा दिवस के अवसर पर बोंगईबेड़ा पंचायत के गुंगानाला स्थित ठुठंगाजीरा में गुरुवार को युवा दिवस मेला सह वन रक्षा बंधन सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, पंसस संज्योति देवी, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, कुरमी नेता रामपोदो महतो आदि ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर जंगल बचाने का संदेश दिया। इस मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में लोगों का उत्साह चरम पर था। हर तरफ लोग नाच-गाकर मेला की खुशियां मना रहे थे। इस अवसर पर मजबुल महेशपुरी सहित अन्य कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। लोग नागपुरिया गीतों पर खूब झुमे-नाचे। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान से जुड़ी है। यह हमारे बिरासत की धरोहर है जिसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि मेला संस्कृति समाजिक समरस्ता को बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी लोगों से जाति धर्म की भावना से उपर उठकर एक साथ मिल-जुलकर मेला की खुशियां बांटने तथा जंगल बचाने का संकल्प लेते हुए जागरूक होने का आहवान किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि मेला हमें एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहने तथा खुशहाली का संदेश देता है। मेला में उमड़ी भीड़ यह दर्शाती है कि हम अपनी संस्कृति के प्रति कितने सजग हैं। उन्होंने वन रक्षा सूत्र कार्यक्रम के माध्यम से जंगल बचाने के ग्रामीणों के इस संकल्प को अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरक बताया। मौके पर बनमाली महतो, जगेश्वर महतो, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, सोहन मुण्डा, विजय महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, सोहन करमाली, रिझना करमाली, कुलेश्वर मुण्डा आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय मुण्डा, धनीराम महतो, छोटेलाल महतो, जगेश्वर महतो, मुकेश महतो, जगेश्वर महतो, लालमोहन मुण्डा, श्रवण कु महतो, कपिल महतो, धर्मा महतो, सोनालाल भोगता, अमित महतो, अजीत महतो, अजीत करमाली आदि का योगदान रहा।

# नगड़ी में तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला शुरू

**पहले दिन स्वामी विवेकानंद और विश्व गुरु की राह में बढ़ता भारत विषय पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के नगड़ी स्थित झारखंड की जीवनदायिनी नदी रानी चुआं के समीप मेला टिकरा में आयोजित तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव सह मकर संक्रांति मेला का शुभारंभ विवेकानन्द जयंती सह विश्व युवा दिवस से किया गया। युगांतर भारती, स्वामी विवेकानंद ग्रामीण विकास संस्था एवं स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गयी। मौके पर क्षेत्र के कई विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद और विश्व गुरु की राह में बढ़ता भारत विषय पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर एक से बढ़कर एक जीवनी पर भाषण दिया। मौके पर चयन समिति के दारा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इमारत पब्लिक स्कूल की सदिका प्रवीण, द्वितीय पुरस्कार विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल की खुशी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार राजकीयकृत उच्च विद्यालय नगड़ी के मोहित राज को मिला। साथ ही पांच बच्चों को जिनमें संत जगत ज्ञान की भूमिका लकड़ा, इंडियन पब्लिक स्कूल के कृष केसरी, विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के खुशी कुमारी, शिवम शाही और राजकीयकृत उच्च विद्यालय प्लस टू के छात्र दुर्गेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि स्वामी जी के आदर्शों और बताए मार्गों पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। उन्होंने समिति को आशान्वित किया कि मेला की जमीन की नापी हो गयी है रिपोर्ट जल्दी ही मिल जाएगी। समारोह को विशिष्ट अतिथि नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री शोभा यादव ने भी संबोधित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, कुंदन सिंह, जितेंद्र तिवारी ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष तपेश्वर केशरी, संचालन प्रकाश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री चुड़ामणि महतो ने किया। महोत्सव के दूसरे दिवस पर शुक्रवार को कृषि विभाग के द्वारा कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर बजरंग महतो, सुरेश साहू, प्रेम सागर महतो, अजय कुमार, मनीष केशरी, इमरान अंसारी, कृजीवन महतो, प्रदीप कुमार, केशव कुमार भगत, दौलतराम केशरी, प्रकाश साहू, कमलेश केशरी, अब्दुल गफ्फार सहित लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खुखरा पंचायत को पुनः बेड़ो थाना में जोड़ने से ग्रामीणों में हर्ष

**ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर का किया भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा पंचायत को नरकोपी थाना क्षेत्र से हटाकर पुनः बेड़ो थाना क्षेत्र में शामिल करने से खुखरा पंचायत के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वहीं नरकोपी थाना की दूरी अधिक होने से आमजनों की समस्याओं को देखते हुए खुखरा पंचायत को पुनः बेड़ो थाना क्षेत्र में शामिल किए जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी। इधर ग्रामीणों ने गुरुवार को पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर का गांव में पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत व आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने अपने कार्यकाल के दौरान अपने अथक प्रयास से पुलिस प्रशासन के डीजीपी से लेकर गृह सचिव और मुख्य सचिव तक लगातार पत्राचार किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में विधानसभा सत्र में 25 अगस्त 2019 को मानसून सत्र के शून्य काल के दौरान बेड़ो प्रखंड के खुखरा पंचायत को जनहित में जनता की मांग पर नरकोपी थाना से पुनः बेड़ो थाना में शामिल किए जाने की मांग की थी। वहीं पूर्व विधायक ने पंचायत के पांडेपारा, नवाटोली, बगीचा टोली, खोरा टोली, चरका टंगरा, चनकोपी व खुखरा गांव का दौरा कर उनकी समस्याओं को जाना। उनकी जो भी समस्या है उसे समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं मौके पर नरकोपी भाजपा मंडल के अध्यक्ष सुखदेव उरांव, रामचंद्र साहू, एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य भीखा उरांव, तेजू दास, मुखिया जतरु उरांव, प्रकाश साहू, भोगेन सोरेन व खेदुवा उरांव समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**निरीक्षण :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के केंद्रीय अधिकारियों की टीम ने किया कांके प्रखंड का दौरा

# सीएचसी प्रभारी ने अच्छी व्यवस्था का दिखाया सब्जबाग

**रंग रोगन में लाखों रुपये खर्च कर तीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सहित सीएचसी कांके का किया कायाकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांके।** झारखंड की राजधानी से सटे कांके प्रखंड का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के केंद्रीय अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को दौरा किया। टीम ने दौरा के क्रम में कोकदोरो गांव स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर गए। अधिकारियों ने इस वैलनेस सेंटर में जाकर 15 मिनट तक लगभग निरीक्षण किया और सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके के चिकित्सा प्रभारी डॉ अजीत कुमार सहित यहां कार्यरत सीएचओ, एएनएम से जानकारी हासिल की। अधिकारी और कर्मचारियों ने टीम को इस वैलनेस सेंटर के बारे में बेहतर बताया और इन्हें सब्जबाग दिखाया कि यह वैलनेस सेंटर की तरह ही पूरे प्रखंड में चल रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अच्छी स्थिति में चल रहे हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि जबकि वस्तु स्थिति यह थी कि कांके प्रखंड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बोड़या, पिठोरिया और कोकदोरो को लाखों रुपए खर्च कर मजदूर लगाकर दो दिनों के अंदर बेहतर बनाने का प्रयास किया गया। बेहतर बनाने के लिए लगभग 5 से 6 लाख खर्च किये जाने का अनुमान है। क्योंकि अभी तक इन केंद्रों में कार्य करने वाले मजदूर, ठेकेदार जिसने इन जगहों का रंग रोगन किया। उनके द्वारा बिल की राशि जमा नहीं की गई है। इन सभी कार्यों को ब्लॉक अकाउंट मैनेजर अनुबंध में कार्यरत प्रियंका कुमारी सिंह द्वारा अपने चेहते लोगों से कराया गया है। केंद्रीय टीम के निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों के साथ डिस्ट्रिक प्रोग्राम मैनेजर समरेश सिंह, बीएएम प्रियंका कुमारी सिंह, वीडीएम संतोष श्रीवास्तव साथ में थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य साहू ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के सौजन्य से चुटूपालू पंचायत के कुरूम गांव में गरीब, जरूरतमंद व असहायों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, मुखिया वीरेंद्र मुंडा, उप मुखिया राज किशोर साहू, उपाध्यक्ष सुनील महतो, महामंत्री अलखनाथ महतो, बालक महतो, राम किशोर महतो, चंद्र मोहन महतो, कलावती देवी, वार्ड सदस्य रमेश महतो, दिलीप नायक आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## बनो और बनाओ मंच ने विवेकानंद की जयंती मनायी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बनो और बनाओ मंच के द्वारा गुरुवार को सदाबहार चौक दुर्गा मंदिर के समीप स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मगुरु स्वामी दिव्यानंद जी महराज व विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, रितेश उरांव, प्रकाश लकड़ा, प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों एवं मंच के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मंच के संस्थापक रामाधार सिंह एवं सचिव अखिलेश यादव ने संयुक्त रुप से कहा कि मानवता को बचाने के लिये आज प्रत्येक भारतवासी को अध्यात्म एवं मानव प्रेम का प्रचार के दायित्व को अपने कंधों पर उठाना होगा और बनो और बनाओ मंत्र को अपनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में गरीब एवं जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर उन्हें भोजन कराया गया। इस मौके पर अनिल यादव, बिहारी साहू, श्रीकांत सिंह, नीरज कुमार, मनोज गोप, मनोज ठाकुर, अजय यादव, अरुण यादव, अनंत नारायण, रामकिशन महतो, रामावतार साहू, रंजीत पात्रा, कौशल सिंह, प्रभाकर चौबे, शैलेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में विवेकानंद जयंती मनायी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद स्मृति मंच नामकुम के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती मनायी गयी। करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम में युवाओं ने अपने विचार रखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मनोज सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिये प्रेरणा श्रोत हैं। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलकर ही समाज का विकास किया जा सकता है। मानवाधिकार संघ झारखंड के अध्यक्ष दिनेश कुमार किनु ने कहा कि धन से ज्यादा ज्ञान की आवश्यकता है। कार्यक्रम को मुखिया अनिता तिर्की, प्राचार्य ज्योति देवी, नेहा कुमारी, सुनिता देवी, नीलम सुधा ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन स्मृति मंच के प्रभाष झा ने किया। मौके पर उप मुखिया सुबोध सिंह टनटन, अरुण झा, संतोष कुमार, दमयंती देवी, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, पुष्पा देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सीआइटी में युवा दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के स्वामी विवेकानंद स्प्रिचुअल सेंटर में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं लोगों को स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अल्पायु में ही अपने सिद्धांतों से विश्व भर में भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया। जिसके लिए राष्ट्र उनका कृतज्ञ है। मौके पर अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इसके पूर्व स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के तत्वावधान में किया गया। मौके पर सीआईटी के एडवाइजर डॉ एम बंधोपाधाय, डॉ विजय शंकर सिंह, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसांक मणि, डॉ रणवीर कुमार, प्रो.रोहित कुमार, प्रो. जियाउल हक, प्रो अरशद उस्मानी, प्रो. अनवर आलम आदि लोग उपस्थित थे।

## वाइबीएन बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस मना

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन व एनएसएस इकाई की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में वाईबीएन के बीएड कॉलेज परिसर में धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर इंजीनियर कौशल किशोर, मिस स्वाति कुमारी, एनएसएस सदस्य डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ मिस्फिका हसन एवं बी-एड कॉलेज के शिक्षक डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ कैलाश नाथ सिंह, मिस संगीता गोपी, संदीप आनंद, प्रियंका कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस सदस्य सुमन कुमारी ने किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही एक जागरूकता रैली निकाली गयी। प्रतियोगिता में कविता कुमारी प्रथम स्थान पर रही। महेश देवलोक द्वितीय एवं चमन प्रताप धनवार तीसरे स्थान पर रहे। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा ने उन्हें आधुनिक भारत के साथ विश्व का अध्यात्म गुरु बताया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर इंजीनियर कौशल किशोर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुभाषचंद्र बोस, रविंद्र नाथ टैगोर, महात्मा गांधी व जमशेद जी टाटा के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

## शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाइक ने जन्मदिन पर अनाथ बच्चों संग बांटी खुशियां

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने अपने 51वें जन्मदिन के अवसर पर महर्षि बाल्मीकि अनाथालय के बच्चों संग खुशियां बांटी। जन्मदिन के अवसर पर अनाथ नन्हे मुन्ने छोटे बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, बिस्किट, चॉकलेट व खेल सामग्री का वितरण किया। केक काटकर बच्चों को अपने हाथों से खिलाया। इस अवसर पर छोटे-छोटे अनाथ बच्चों की देखभाल करने वालों से कहा कि अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। इस कार्य से मुझे आत्म संतुष्टि मिली है। बच्चे शिक्षण सामग्री एवं खेल के सामान पाकर काफी खुश थे। इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता सह सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, युवा मोर्चा के महामंत्री आनंद महतो, युवा समाजसेवी शाशि मेहता, कुलदीप तिवारी, पवन साह सहित कई लोग शिक्षक सतीश बड़ाईक के साथ थे।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में मनायी गयी विवेकानंद की जयंती



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद जी के फोटो पर माल्यार्पण कर किया। साथ ही सभी सहायक प्रोफेसर ने स्वामी विवेकानंद जी को पुष्पांजलि दी और प्राचार्या डां अनुपमा गुप्ता ने उनके शिक्षा दर्शन पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वामी जी के अनुसार शिक्षा का प्रथम उद्देश्य अंतर्निहित पूर्णता को प्राप्त करना है। उनके अनुसार लौकिक तथा आध्यात्मिक सभी ज्ञान मनुष्य के मन में पहले से ही विद्यमान होता है। विवेकानंद जी के अनुसार शिक्षा का दूसरा उद्देश्य बालक का शारीरिक एवं मानसिक विकास करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय में अविनाश सिन्हा, वीना तिवारी,अंजना दुबे,आकांक्षा तिवारी, माया त्रिपाठी, रेखा सिंह, प्रिया सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया कब्रिस्तान के चारदीवारी का शिलान्यास



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के करमा गांव में बुधवार को पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता ने कब्रिस्तान के चार दिवारी का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास के लिए पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान डां मेहता ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र में पुल,पुलिया, नली, गली, चारदीवारी आदि जो भी काम बच गया है उसे पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहा हूं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो,डाल्टेनगंज विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा,जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, संदीप यादव,मो. मुमताज, समाजसेवी जुम्मन मियां, अजय उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्वर्णकार संघ ने मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का किया आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष के अवसर पर विश्रामपुर स्वर्णकार संघ ने रजगुरूवा पहाड़ की तलहटी में मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संत नरहरी महाराज के चित्र पर पूजा-अर्चना कर के किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी व संचालन शिव सोनी ने किया। संघ के अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी ने कहा कि एक जुट होकर समाज मे फैली कुरीतियों को दूर किया जायेगा। अवधेश सोनी ने कहा कि राजनीत में स्वर्णकार समाज को समुचित हिस्सेदारी नही मिली है। सभी क्षेत्र में समुचित हिस्सेदारी के लिये संघर्ष करने की जरूरत है। स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के सदस्य सपरिवार शामिल हुये थे। सभी ने बेहतरीन ब्यनजन का लुफ्त उठाया। मौके पर सीताराम साव,उमेश सोनी,रघुनाथ सोनी,रामचंद्र सोनी,उमेश सोनी,राकेश सोनी,गोपाल सोनी,ललन सोनी,सत्यम सोनी,धर्मेंद्र सोनी,राजकुमार सोनी,सरजू सोनी,नेपाली सोनी सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

## गरीब के बेटों को डॉक्टर बनाने का मेरा सपना हुआ साकार : रामचंद्र चंद्रवंशी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एमबीबीएस के नये शैक्षणिक स्त्र 2022-27 का गुरुवार को औपचारिक रूप से शुरू हुआ। इस अवसर पर नूतन छात्र-छात्रओं को मंगल टीका लगाकर अभिनंदन किया गया। इसके अलावा सभी छात्र छात्रओं को महर्षि चरक शपथ भी दिलाया गया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मैं गरीबी में पला बढा हूँ। गरीबो का दर्द खुद समझता हूं। पैसे के अभाव में गरीब बेटे डॉक्टर नही बन पाते थे। गरीबो के दर्द को दूर करने हेतु ही मैन मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प लिया था। सभी के सहयोग से मेरा संकल्प पुरा भी हुआ। गरीब के बेटों को डॉक्टर बनाने का मेरा सपना अब मूर्त रूप ले चुका है। गरीब के लड़के डॉक्टर बनकर लोगो को स्वास्थ्य सेवा देंगे। मौके पर वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,डॉ मकबूल अंसारी,डॉ ओपी भारती,डॉ अजय कुमार,डॉ नित्यानंद कुमार,डॉ आर के श्रीवास्तव,गौरव कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी इंदू सिंह ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरित



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम वार्ड नंबर 16 निवासी समाजसेवी इंदू सिंह ने जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। मालूम हो कि पलामू का पारा काफी नीचे आ गया है और यहाँ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में गरीब लोगों का जीना मुहाल हो गया है। गरीब लोगों की मदद के लिए कड़ाके की ठंड से थोड़ी राहत देने की सोच के साथ गुरुवार को समाजसेवी इंदू सिंह ने 150 कंबल जरुरतमंदों के बीच वितरित किया। इस अवसर पर सोनू सिंह ने कहा के वार्ड नंबर 16 के सभी लोगों को उचित मान सम्मान देते हुए उनकी भावनाओं का ख्याल रखा जायेगा। वार्ड 16 की जनता के सुख दुख में हमेशा सहयोग के लिए वो सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी,समाजसेवी खुदी सिंह,बब्लू सिंह,बब्लू पांडेय,सतीश तिवारी व यशविन्द्र सिंह सहित वार्ड के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पीसीआर वैन ने युवक को कुचला, हुई मौत




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज के समीप बुधवार की रात 10 बजे पीसीआर वैन की चपेट में आने से स्कूटी सवार शहर थाना क्षेत्र के कचरवा गांव निवासी 45 वर्षीय संजय प्रजापति जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साए परिजनों ने पीसीआर वाहन चालक को गिरफ्तार करने, मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी, 30 लाख रुपए मुआवजा एवं बच्चों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने की मांग करते हुए गुरुवार के सुबह आठ बजे से सवा बारह बजे दिन तक शव के साथ रेड़मा चौक जाम कर दिया। जाम की सूचना पाकर मजिस्ट्रेट सह सदर सीओ मौके पर पहुंच कर समझाने का काफी प्रयास किया पर जामकर्ताओ ने उनकी एक भी नहीं सुनी। बाद में मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी गयी। सुचना पाते ही एसडीएम राजेश शाह एवं एसडीपीओ ऋसभ गर्ग जामकताओं को समझाते हुए मृतक के आश्रितों को सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित मुआवजा एवं बच्चों के भविष्य के लिए सावित्रीबाई योजना के तहत लाभ दिलवाने का आश्वासन देते हुए जाम हटवाया। परिजनों को 20 हजार रुपए नगद दिया गया साथी आश्वासन दिया गया कि 5 दिन के अंदर में मृतक के परिजन को एक लाख रुपये मुआवजे की राशि दी जाएगी। शहर थाना पुलिस की उपस्थिति में मृतक के शव को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 के वार्ड पार्षद मनोज पंडित ने बताया कि मृतक रेड़मा चौक के समीप संगीत इलेक्ट्रॉनिक दुकान में इलेक्ट्रिक मिस्त्री के रूप में काम करता था। प्रत्येक दिन की भांति 9 से 10 बजे रात में दुकान बंद कर घर जा रहा था। उसी क्रम में पीसीआर वैन नम्बर तीन तेज गति से आते हुए स्कूटी सवार संजय प्रजापति को धक्का मारते हुए भाग गया। जिससे वह जख्मी हो गया। 10:15 बजे रात को स्थानीय लोग घटना सूचना पाते ही अन्य लोगों के सहयोग से उसे मेदिनीनगर एमआरएमसीएच अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक घर में अकेला कमाने वाला व्यक्ति था। उसकी मां, पत्नी सहित चार नाबालिग बच्चे हैं। जाम करने वालों में मृतक के परिजन सहित कई सामाजिक संस्था के लोग शामिल थे।

# शहर के मुख्य मार्ग पर चलेगी महिला पिंक सिटी बस : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने स्थाई समिति के सदस्यों एवं सहायक आयुक्त परितोष जी के साथ बैठक कर महिला सिटी बस संचालन का रूट तय करते हुए कहा प्रथम फेज में सिटी बस निगम के सभी मुख्य मार्ग पर चलेगा और कुछ दिन देखने के बाद जहां जहां बस सुलभ तरीका से चली जाएगी वहां भी चलाया जयेगा। महापौर ने कहा मेरा प्रयास है माताएं, बहने,6 साल तक के बच्चे और कॉलेज आने जाने वाली लड़कियों को कम खर्च में सेफ्टी के साथ अपने गंतव्य तक पहुंचाना। महापौर अरुणा शंकर ने बताया दो बस आ चुकी है और दो आने वाली है। जिसका परमिट लेने की दिशा में कार्य चल रहा। जैसे ही परमिट प्राप्त हो जाएगा एक सप्ताह के अंदर महिला पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। महापौर ने बताया जो बसे चलेंगे उसमें सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल चार्जर, जीपीएस तथा महिला कंडक्टर एवं महिला सहयोगी युक्त होगी। बस का टिकट इलेक्ट्रॉनिक बिल द्वारा बस में चल रही महिला कंडक्टर द्वारा दिया जाएगा और यह बस सुबह 7:00 से शाम 7:00 तक चलेगी। महापौर ने कहा कि निगम की इस बस सेवा से प्रतिदिन आने-जाने वाली महिलाओं का महीने में अगर मैं 5 से 700 रुपये तक बचा सकी तो मैं अपने आप को सफल मानूंगी क्योंकि एक कामकाजी महिला के लिए 500 रुपये का बचत मायने रखता है। बैठक में स्थाई समिति सदस्य प्रमिला देवी, मधु ओझा, गोल्डी शुक्ला, अनूप सिंह, सुमित तिवारी तथा महापौर कार्यालय प्रधान अशोक सिंह उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद ने भारत की संस्कृति को पूरे विश्व में समृद्ध किया : अरविंद गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता




**छतरपुर(पलामू)।** राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर नगर पँचायत मुख्यालय में स्थित छतरपुर विकास मंच के हेल्पलाइन सेंटर में पुष्पांजलि समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष सह हेल्पलाइन सेंटर के संस्थापक अरविंद गुप्ता चुनमुन ने की। इस मौके पर स्वामी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर स्वामी जी के किये अनुकरणीय कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अरविंद गुप्ता ने का कि स्वामी जी के कार्य युवाओं के लिए आज भी प्रेरणा है, उन्होंने भारत की गरिमामयी संस्कृति और उसकी सभ्यता को अपने ज्ञान से विश्व के पटल पर अधिष्ठापित किया। यही कारण है कि आज भी विदेशियों में भारत की संस्कृति के प्रति आकर्षण बना हुआ रहता है। उन्होंने कहा कि छतरपुर को भी उनके दिखाए गए राह पर चल कर ही समृद्ध किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अमित ठाकुर दीपू पांडे, पियूष मिश्रा. प्रकाश कुमार, पप्पू यादव, मनोज यादव अमित गुप्ता, सुनील गुप्ता, सोनू गुप्ता, राहुल यादव, रजनीश देव, अनूप ठाकुर, राजेंद्र जयसवाल, मुन्ना चंद्रा, अशोक प्रसाद, रामजी प्रसाद, दीपक यदुवंशी, रिशु गुप्ता सहित दर्जनों युवा उपस्थित रहे।

# विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है आज: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रांगण में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम शुरूआत सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा सहित अन्य शिक्षकों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। स्कूल के संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय के नेतृत्व में बच्चो द्वारा मन में ताकत, दिल में हिम्मत तेरे नाम से ही मिले गीत प्रस्तुत कर स्वामी विवेकानंद को समर्पित किया गया । अपने संबोधन में स्कूल के चेयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार अविनाश देव ने कहा कि जन्म से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देते हुए कहा था कि उठो जागो और तब तक मत रुको जबतक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। कोलकता के कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में जन्म लेने के बाद प्रारंभिक दौर में ही वे अध्यात्म से काफी प्रभावित होकर उसकी ओर झुकते चले गये। उन्होंने 1893 के शिकागो के विश्व धर्म संसद में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विवेकानन्द ने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप में हिंदू दर्शन के सिद्धान्तों का प्रसार किया और कई सार्वजनिक और निजी व्याख्यान प्रस्तुत किया । अपने अल्प समय के जीवन में इन्होने अनेक कीर्तिमान हासिल किया। भारत में विवेकानन्द को एक देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है और उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उक्त मौके पर स्कूल में ₹राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका₹विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे अंग्रेजी में प्रथम स्थान खुशबू सोनी 9बी,द्वितीय रहमत 10। हिंदी में प्रथम अंश दुबे 7बी। द्वितीय रोशनी 8डी ने सफलता प्राप्त किया।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, 15 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने गुरुवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 15 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले सभी 15 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी पकड़े गए लोगों पर 6 लाख 75 हजार रुपये का बकाया और जुमार्ना भी साथ मे लगाया गया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी भी शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बिजली का वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।इस अभियान में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, मो0 उबैद, कमलेश कुमार सिंह आदि शामिल थे ।

## जिला परिषद सदस्यों की हुई बैठक



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में होने वाले जाम से निदान के लिए दिन गुरुवार को प्रखंड सभागार में एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य मीना देवी एवं संचालन प्रमुख प्रतिनिधि सिंटू सिंह के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अपना अपना सुझाव दिया। मौके पर उपस्थित समाजसेवी भाई गोविंद सिंह ने कहा पांडू में जाम का मुख्य कारण है मोटरसाइकिल का जहां-तहां लगा देना, मोटरसाइकिल के लिए जगह -जगह पर पार्किंग की व्यवस्था करणी अति आवश्यक है, पांडू बाजार में गरीब गुरवे लोग सब्जी बेचने आते हैं बीच का ऐसा रास्ता निकले जिससे किसी का रोजगार भी ना छीने और लोगों को परेशानी भी ना हो। प्रखंड वासियों के हित में निर्णय लिया जाएगा। वहीं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं सम्मानित उपस्थित लोगों की बातों को सुनते हुए यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एक सप्ताह के अंदर कोर कमेटी का गठन कर उचित स्थान का चयन कर सब्जी बाजार को उसमें सिफ्ट किया जाएगा एंव जगह-जगह पर पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, समाज सेवी सिंटू सिंह, पांडू आत्मा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह,संतोष राम, विनोद राम, अरविंद जहरीला, इरफान अंसारी, रामबाबू, प्रमोद पासवान, श्याम सुंदर सिंह,मदन राम बीरा सिंह,के साथ-साथ अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : प्राचार्य



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय ए के सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने निर्धारित विषय स्वामी विवेकानन्द : व्यक्तित्व एवं विचार₹ पर अपना-अपना व्याख्यान दिया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह तथा संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन स्वरूप अपने विचारों से सदन को संबोधित किया, उन्होंने कहा कि आज विवेकानन्द के विचारों का अनुपालन आवश्यक हो गया है। हमें उनके विचारों को, उनके साहित्य को पढ़ना चाहिए और स्वयं में विकासात्मक परिवर्तन लाना चाहिए। प्रो डॉ अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विवेकानन्द के विचारों के माध्यम से उत्साहित किया। स्वयंसेवकों में सुप्रिया कुमारी, दिव्या कुमारी, शुभम भारती, रिंकी कुमारी ने उक्त विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया।मौके पर ए.सी.एस. प्रो0 डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रो राजेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो नरेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में विज्ञापित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :-44/2022-23 PR 286265 District (22-23):D के सहपठित ज्ञापांक 1953 दिनांक 29.12.2022 द्वारा निकाले गये निविदा को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत तिथि आगे बढ़ाई जाती है। शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 16.01.2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 17.01.23 से 24.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 25.01.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 27.01.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 287432 (District) 22-23 (D)


# स्पोर्ट्स




आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के जरिए भविष्य के सितारों को देखने के लिए रोमांचित हैं हीली और सुने लुस

# तीन दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सीएमपीडीआई के रबीन्द्र भवन में आयोजित तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी ब्रिज टूर्नामेंट के समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने डब्ल्यूसीएल की टीम को विजेता एवं सीएमपीडीआई की टीम को उप-विजेता का खिताब प्रदान किया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/ ईएस) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार एवं वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सुपर लीग मुकाबले में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-नागपुर की टीम 41.07 अंक, मेजबान सीएमपीडीआई- रांची की टीम 33.65 अंक, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) - सम्बलपुर की टीम 32.55 अंक जबकि होल्डिंग कम्पनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)-कोलकाता की टीम ने 12.73 अंक हासिल किया। तीसरे व अंतिम दिन खेल गए मैच में आज मैच प्वाइंट पेयर का खिताब सीएमपीडीआई के श्री सम्राट दासगुप्ता एवं कुणाल दास की जोड़ी ने जीता। सम्राट दासगुप्ता- कुणाल दास की जोड़ी ने 139 अंक, अर्नब कुमार घोष-श्री सुदर्शन दत्ता की जोड़ी ने 136 अंक, सुशांत कुमार साहु-योगेश राय की जोड़ी ने 130 अंक, श्री शैलेश कुमार सिंह, एम बनर्जी की जोड़ी ने 125 अंक वहीं जीवन विश्वास, अपूर्वा दास की जोड़ी ने 121 अंक प्राप्त किया।


**अभिहित अधिकारी -सह- अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**
**(खाद्य सुरक्षा शाखा)**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सभी खाद्य कारोबारियों को लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करना दण्डनीय अपराध है जिसमें 6 (छः) मास का कारावास एवं 5 (पांच) लाख रू0 तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। सभी खाद्य कारोबारियों को पुनः सूचित किया जाता है कि दिनांक- 30.01.2023 को प्रखण्ड सभागार, भरनो में एक दिवसीय शिविर License/Registration Camp का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जा रहा है। इस शिविर में खाद्य कारोबारकर्त्ता अपने प्रतिष्ठान का अनुज्ञप्ति या निबंधन व्द जीमं चवज प्राप्त कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस हेतु निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उक्त शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस हेतु निम्नांकित दस्तावेजों के साथ उक्त शिविर में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

रजिस्ट्रेशन (जिसका सलाना टर्न ओवर 12 लाख तक) हेतु आवश्यक दस्तावेज :-

- आधार कार्ड
- रंगीन फोटोग्राफ
- अवस्थित दुकान संबंधित कागजात यथा Rent Agreement/बिजली बिल
- रजिस्ट्रेशन शुल्क - 100/year

लाईसेंस (जिसका सलाना टर्न ओवर 12 लाख से अधिक) हेतु आवश्यक दस्तावेज :-

- खाद्य कारोबारकर्त्ता की संपूर्ण विवरणी।
- आवेदक/प्रोपराईटर का पहचान पत्र
- व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड/बिजली बिल/राजस्व रसीद/Rent Agreement आदि)
- प्रोपराईटर से संबंधित स्व घोषणा पत्र/पार्टनरशीप डीड/फोर्म ix
- मैन्यूफेक्चरिंग के लिए अतिरिक्त दस्तावेज
- मैन्यूफेक्चरिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित
- लाईसेंस हेतु शुल्क - 2000-5000/- रू0 प्रति वर्ष

नोट :- मीट, मछली एवं चिकन दुकान वाले कारोबारकर्त्ता मुखिया या शहरी वार्ड द्वारा हस्ताक्षर किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने साथ लेकर आयेंगे।

अभिहित अधिकारी -सह-
अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला

PR 287414 District(22-23)D

**कार्रवाई :** धनसार थाना क्षेत्र की घटना, साली पर भी चाकू से किया था जानलेवा हमला

# साली से एक तरफा प्यार में पागल युवक ने कर दी पत्नी की हत्या, बोकारो से हुआ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनसार थाने में साली से एक तरफा प्यार में पागल एक युवक द्वारा अपनी पत्नी की चाकू मार कर हत्या करने वाले वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान अनिल डोम के रूप में हुई है। धनबाद पुलिस ने बोकारो से अनिल को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ने दी। इस दिन आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपित अनिल अपनी साली से एक तरफा प्यार करना था। जबकि पत्नी बार-बार अनिल पर उसकी बहन से दूर रहने और उसे वापस घर भेज देने का दबाव बना रही थी। जबकि अनिल साली को अपने ही घर में रखना चाहता था। इसी बात को लेकर विगत रविवार को पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि क्रोध में आकर अनिल ने धारदार चाकू से वार कर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। डीएसपी ने बताया कि घटना के बाद तुरंत धनसार थानेदार के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई। जिसने पूरे मामले का उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया है।


आरोपित की जानकारी देते डीएसपी (कानून व्यवस्था)अरविंद कुमार व अन्य।

## ये है पूरा मामला

धनसार थाना क्षेत्र के महावीर नगर में गत रविवार को नशे की हालत में अनिल डोम नामक युवक ने पत्नी और साली को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। जबकि आरोपित की साली खतरे के बाहर बताई जा रही।

# तेनुघाट में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पेड़ से लटका मिला क्षत-विक्षत शव

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट ओपी क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान पंकज कुमार गौतम (26) के रूप में हुई है। गुरुवार को शव तेनुघाट गेस्ट हाउस के पीछे दामोदर नदी किनारे पलास पेड़ की डाली से झूलता हुआ बरामद हुआ। शव क्षत-विक्षत हो चुका था। इसकी जानकारी तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शव के पास पेड़ में टंगे हुए लाल रंग का एक पिट्ठू बैग भी बरामद हुआ है, जिसमें मैट्रिक का सर्टिफिकेट, पासपोर्ट व एक महिला की तस्वीर के अलावा अन्य सामान पाया गया। जिससे पंकज की पहचान हुई। जांच में पता चला कि बालिस्टर प्रसाद 2014 से पहले



तेनुघाट जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षक के पद पर पदस्थापित थे। पंकज कुमार गौतम की प्रारंभिक शिक्षा भी तेनुघाट से ही हुई थी। वर्तमान में बलिस्टर प्रसाद बिहार के कैमूर जिला में पदस्थापित है। उनके आने के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा। उधर, ओपी प्रभारी ने बताया कि मवेशियों को जंगल में चराने गई कुछ महिलाओं ने पलास के पेड़ से शव को लटकते देखा। उन लोगों ने तुरंत अपने घर और गांव वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने ओपी प्रभारी को इसकी सूचना दी। ओपी प्रभारी सुनील कुमार और प्रशांत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पेड़ से लटक रहे शव को उतार कर अंत परीक्षण के लिए तेनुघाट अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। वहीं, गोमिया के अंचल निरीक्षक विनोद गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली थी जंगल में पेड़ से युवक का शव लटक रहा है। मौके पर पहुंच कर जांच की गई, तो सच्चाई का पता चला। उन्होंने बताया कि मृतक के बैग से बरामद महिला की तस्वीर की भी पहचान करने की कोशिश कर रही है, ताकि सच्चाई का पचा लगा सके।

## पानी भरने को लेकर सेंद्रा में दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट, कई लोग घायल



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सेंद्रा दस नंबर में गुरुवार को पानी भरने के सवाल पर दो पडोसियों के बीच मारपीट हो गई।दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडा पत्थरबाजी और तलवार चला। कौशल्या देवी के आवास पर इंट और तलवार से हमला हुआ। जिससे आवास का एसबेस्टर शीट टूट गया तथा चदरा का दरवाजा फट गया।घर के आंगन में भारी मात्रा ईट का टुकड़ा पड़ा हुआ है। इस घटना में एक पक्ष के विरेंद्र पासवान तथा दुसरे पक्ष के कृष्णा भुइंया का सर फट गया।शंभू भुइंया और दोनों पक्षों के एक एक महिलाओं के हल्की चोटें आई है। दोनो का इलाज लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल में किया गया।कौशल्या देवी के आवास के सामने नल है। आसपास के लोग वहीं पर पानी भरते हैं। कौशल्या देवी ने श्याम सुंदर पासवान विरेंद्र पासवान अमरजीत पासवान सुनील पासवान करन पासवान रतन पासवान बुधन पासवान निर्मला देवी के खिलाफ थाने में दी लिखित शिकायत है जिसमें एकमत और नाजयज मजमा बना कर हमला करने आवास पर पत्थरबाजी करने महिला के साथ बदसलूकी करने मारपीट करने तथा गले का सोने का चैन छीन लेने का आरोप लगाया है। दुसरा पक्ष के विरेंद्र पासवान ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में कृष्णा भुइंया शंकर रविदास चमेली देवी बब्ली देवी गुडिया कुमारी रानी कुमारी सुरज रविदास खिरु रविदास बिट्टू रविदास तुलसी रविदास पर आरोप लगाया कि उसकी भवो पानी गई तो बब्ली देवी से उसकी कहा सुनी हो गई इस पर उक्त लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट किया। उसे वह बचाने गया तो उक्त लोगों ने उसकी पिटाई कर दी जिससे उसका सर फट गया। इस मामले समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच-पड़ताल के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

## युवा दिवस पर ग्रीन लायब्रेरी का उद्घाटन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामाजिक संस्था वर्ल्ड ग्रीन लाइन के ओर से लेट्स चेंज अर्बन एनवायरमेंट के तहत चास के वार्ड नं 15 बड़कुल्ही में पुस्तकालय का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी अरुण किशोर ने किया। पुस्तकालय का नाम ग्रीन लाइब्रेरी रखा गया। समाजसेवी अमृत बाउरी ने कहा कि चास एवं बोकारो के लोगों की ओर से दान किये गए पुराने एवं नये किताबों से ही इस पुस्तकालय का संचालन किया जायेगा। आज के डिजिटल युग में बच्चें एवं युवा किताबों से दूर हो रहे हैं। बच्चो एवं सभी वर्गों के लोगों को किताबों में बंधे रहने के लिए ग्रीन पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मेथर मोदक, अदीप कुमार, रामदास दे, गोऊर बाउरी, कुमार राकेश, राजेश बाउरी, धरमबीर गुप्ता, प्रीतिरंजन, अमृत बाउरी और नंदलाल साव आदि उपस्थित थे।

## डीएवी 6 में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में गुरुवार की सुबह प्रार्थना सभा में स्वामी विवेकानंद का जन्म राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य एसके मिश्र सहित अन्य शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। स्वामी विवेकानंद वेदांत दर्शन के विख्याता और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। इनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी जी ने 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदांत दर्शन का अमेरिका और यूरोप के देशों में स्वामी विवेकानंद ने हिंदू दर्शन का प्रचार प्रसार किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। 25 वर्ष की अवस्था में ही घर परिवार से विमुख होकर सन्यासी बन गए। प्रार्थना सभा में विद्यालय की छात्रा यजूसी ने स्वामी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के दर्शन को अपने जीवन में आत्मसात करें। सफलता अवश्य मिलेगी।

# लोयाबाद के सेंद्रा में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेन्द्रा पंजाबी मोड़ बांसजोड़ा कांटा घर के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान बबलू कर्मकार उर्फ कल्लू (24) के रूप में हुई है। वह तेतुलमारी सुभाष चौक का रहने वाला था। वह बीसीसीएल के ठेकेदार के अंदर ओवरहेड बिजली मिस्त्री का काम करता था। उधर, मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने धनबाद-कतरास मुख्य सड़क जाम कर दिया। क्रोधित लोगों ने सड़क के बीचों बीच लकड़ी और टायर रख उसमें आग लगाकर प्रदर्शन करने लगे। तब तक शव सड़क पर ही पड़ा रहा। इसके बाद घटना की सूचना पाकर लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामिणों का नेतृत्व कर रहे मुखिया अशोक ठाकुर, भाजपा नेता अजय सिंह, इसराफिल लाला से वार्ता की। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। जाम समाप्त होते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता खेमचंद कर्मकार ने बताया कि गुरुवार अपराह्न करीब चार बजे बबलू बाइक से घर लौट रहा था, तभी किसी वाहन ने कुचल दिया।



मुआवजे के बाद सड़क जाम समाप्त हुआ : थाना प्रभारी विकास यादव


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)

### इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (पचास बेड क्षमता) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक– **20/01/2023** को पूर्वाह्न/अपराह्न 01:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक– **20/01/2023** को 03:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
कोडरमा

PR 287427 Social Welfare,Women and Child Development (22-23)_D


# मैराथन दौड़ व जागरूकता रैली सहित कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# कोयलांचल धनबाद में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** स्वामी विवेकानंद की जयंती की गुरुवार को धनबाद कोयलांचल में दर्जनों स्थानों पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। धनबाद, झरिया, बाघमारा, कतरास, सिंदरी, पुटकी और निरसा के विभिन्न संस्थानों में स्वामी जी की तस्वीर और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक राज सिन्हा ने पार्क मार्केट स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर नामन किया। कहा कि वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। उनके द्वारा किये गए कार्य भारत की युवा पीढ़ी के लिए ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्रोत है। दूसरी ओर, जोरापोखर भागा रेलवे इंस्टिट्यूट में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। आजसू के केंद्रीय सचिव राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एकमात्र ऐसे पुरुष हुए जिन्होंने युवाओं को सत्कर्म पर चलने की प्रेरणा दी। उनके आदर्शों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र निषाद ने कहा कि पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाले युवा आइकॉन स्वामी विवेकानंद जी एक मात्र ऐसे आध्यात्मिक और गुणवान पुरुष थे जिन्हें आज पूरी दुनिया ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वीकार किया। मौके पर आजसू के झरिया नगर अध्यक्ष धीरज सिन्हा, गुरुदास, रवि प्रसाद, राणा कुमार, गणेश महतो, रमेश गुप्ता, मधु सेन, मनोज सिंह, उत्तम सेन, जितेंद्र तुरी, राजू राजवंशी, संदीप व बलविंदर सिंह आदि थे।











## भाजयुमो ने किया यंग इंडिया रन मैराथन का आयोजन

स्वामी विवेकानंद जयंती पर भाजयुमो की ओर से जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में यंग इंडिया रन मैराथन का आयोजन किया गया। यह दौड़ धनबाद गोल्फ ग्राउंड से प्रारंभ होकर पार्क मार्केट हीरापुर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा जाकर संपन्न हुआ। अमलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे पथ प्रदर्शक व आदर्श हैं। मैराथन रन के बाद सभी युवाओं ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाजयुमो झारखंड प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा, सुमित प्रामाणिक, संजय शर्मा, विकास चौरसिया, हालदार महतो, उत्तम मंडल, मनोज भवानी, अशोक बारीक, सिकन्दर मुर्मू, मुक्तेश्वर महतो, सुजीत महतो, मुल्लू सरदार, रवि कोरंगा, मंटू महतो आदि थे।

## महुदा में निकाली गयी जागरूकता रैली

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महुदा में जागरूकता रैली निकाली गई, जो लालबंगला होते हुए वापस कॉलेज प्रांगण में पहुंच कर समाप्त हुआ। रैली के माध्यम राष्ट्र निर्माण में युवाओं के महत्व पर संदेश प्रेषित किया। कॉलेज के सचिव सिकंदर हुसैन ने कहा कि देश का विकास युवाओं के हाथ में है। युवा ही देश को विश्वगुरु बना सकते हैं। मौके पर जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, हाथूडीह पंचायत मुखिया प्रतिनीधी संपद घोषाल, मुखिया नंदनी कुमारी, पंसस मो सनाउल्लाह अंसारी, महानंद रवानी, उप मुखिया संजय सिंह, सचिव मो सिकंदर हुसैन, प्राचार्य एस कुमार, उपप्राचार्य प्रेमचंद रवानी, बीबीएम कॉलेज प्राचार्य उत्तम महतो आदि थे।

वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बौद्धिक विभाग की ओर से आजादी के अमृत उत्सव के तहत स्वामी विवेकानंद जयंती सहित राजमाता जीजाबाई, भारत रत्न स्वतंत्रता सेनानी भगवान दास, महान महिला क्रांतिकारी नेली सेन गुप्ता, स्वतंत्रता आंदोलन के पुरोधा उमा शंकर दीक्षित, स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी सूर्यसेन, भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ बद्री प्रसाद, अध्यात्म वादी महर्षि महेश योगी के पावन जन्म जयंती को हर्षोल्लास के साथ तिलाटांड में मनाया गया। उक्त मौके पर धनबाद महानगर कार्यवाह पंकज सिंह ने कहा कि 12 जनवरी हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के दिन भारत मां के अनेक सपूतों ने इस धरती पर जन्म लिया और अपने जीवन का सर्वस्व समर्पण भारत माता के श्री चरणों में अर्पित कर दिया। वहीं, बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 के **रामकनाली** कोलियरी के यूनियन कार्यालय में स्वामी विवेकानन्द जयंती झामुमो सह सीटू के झारखंड राज्य सचिव राजेन्द्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में मनाई गई। सर्वप्रथम स्वामी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद इप्टा के कलाकार बिष्णु कुमार और अर्जुन कुमार ने देश भक्ति गीत गायें। मौके पर पूर्व थाना प्रभारी सुभाष चंद्र वासन, अधिवक्ता अमित भगत एवं भैरवनाथ महतो, संजय महतो, विभूति राजवार, संदीप बाउरी, अमर बाउरी, हरीष बाउरी, अमृत महतो आदि थे।

## संत मैथ्यूज हाई स्कूल में मनायी गयी जयंती

राजगंज के संत मैथ्यूज हाई स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक सह निर्देशक रविंद्र चंद्र दे,प्राचार्य राहुल कुमार दे, उप प्राचार्य जगदीश प्रसाद द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। शिक्षक अनिरुद्ध तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के पहलुओं को शिक्षक और छात्रों के बीच रखकर मंच संचालन किए। प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षक दिलीप कुमार, माधव स्वर्णकार, वासुदेव आनंद, प्रताप, सृष्टिधर, रामकृष्ण, मंजू, गौतम, अंजलि रानी, निशा, सुमन तिवारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


पत्रांक–1048 दिनांक 12.01.2023

## कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग

### नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के लिए सत्र 2022–23 में जिन बालिकाओं का छठे वर्ग में नामांकन हेतु चयन हुआ है उनका प्रवेश परीक्षा क्रमांक निम्नांकित है–

| नामांकन की तिथि | प्रवेश परीक्षा क्रमांक |
|---|---|
| 21.02.2023 (मंगलवार) | 2031391, 2131280, 2161914, 2202171,2061383, 2061386, 2091934, 2201946, 2061388, 2131281, 2082108, 2061387, 2031012, 2082095, 2131457, 2131404, 2082099, 2082104, 2091717, 2082112, 2082110, 2082113, 2082097, 2202131, 2091939, 2081784, 2212796, 2082106, 2201925, 2161910, 2201933, 2092352, 2092262, 2131238, 2202128, 2131033, 2093201, 2042022, 2201136, 2093298, 2161544, 2072524, 2072677, 2152399, 2201965, 2091744, 2093300, 2151697, 2132186, 2082167, 2032313, 2061050, 2132169, 2072811, 2021100, 2071081, 2091613, 2082575, 2152369, 2091331, 2151509, 2132179, 2132422, 2152355, 2072814, 2081791, 2032040, 2152377, 2193107, 2192945, 2091394, 2081027, 2133071, 2082456, 2082929, 2081065 (Seventy Six). |

नामांकन की तिथि 21.02.2023 (मंगलवार) निर्धारित की गयी है। अभिभावक अपनी पुत्री को नामांकन की तिथि को पूर्वाह्न 9.00 बजे प्रमाण पत्रों, कागजातों एवं ई–चालान को लेकर विद्यालय में उपस्थित होने का कष्ट करें।

1. छात्रा का प्रवेश पत्र (झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा प्रदत्त)।
2. शारीरिक जाँच प्रपत्र।
3. जन्म प्रमाण पत्र– जन्म पंजीयन अधिनियम 1969 के तहत निर्गत जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति की अभिप्रमाणित प्रति जमा करें।
4. विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र– जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित मुहर सहित विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की मूल प्रति जिसमें छात्रा की जन्म तिथि अवश्य अंकित होनी चाहिए।
5. आवासीय प्रमाण पत्र की (अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत) मूल प्रति।
6. जाति प्रमाण पत्र (अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत) की मूल प्रति तथा छायाप्रति।
   (नोट– यदि आप पिछड़ा वर्ग या अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के हैं, तो BC-I, BC II, MBC मूल जाति प्रमाण पत्र में अवश्य अंकित होना चाहिए)।
7. आय प्रमाण पत्र–
   a. यदि नौकरी/व्यवसाय से आय है, तो अवर प्रमण्डल शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से समस्त स्त्रोतों से मासिक आय से संबंधित आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
   b. यदि कृषि से आय है, तो अंचलाधिकारी एवं अवर प्रमण्डल शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से समस्त स्त्रोतों से मासिक आय से संबंधित आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
8. आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति (दो प्रतियों में)।
9. खाता संख्या,बैंक का नाम, ब्रांच, IFSC Code सहित की छायाप्रति।
10. चिकित्सक द्वारा प्रदत्त छात्रा के ब्लड ग्रुप तथा हीमोग्लोबीन से संबंधित मूल प्रमाण पत्र।
11. छात्रा का पासपोर्ट साइज का फोटो–दो (राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित किया हुआ)।
12. माता एवं पिता किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अपना फोटो एवं अपना हस्ताक्षर अभिप्रमाणित कराकर मुहर सहित अपने साथ अवश्य लायें तथा माता पिता के अतिरिक्त अधिकत्तम दो व्यक्तियों का जिनसे छात्रा को आप मिलने एवं ग्रीष्मावकाश तथा शीतावकाश में घर जाने की अनुमति देना चाहते हैं, उनका फोटो, हस्ताक्षर एवं पूरा पता अभ्यावेदन में अंकित कर नामांकन के समय अनिवार्य रूप से जमा करें।
13. 2400.00 रू० (दो हजार चार सौ रू०) मात्र के e-challan बैंक में जमा की गयी पावती रसीद की दो प्रति।
    नोटः– राशि **E-GRAS** में जाकर निम्न हेड में जमा करना है –
    58-SCHOOL EDUCATION AND LITERACY DEPARTMENT
    (SECONDARY EDUCATION DIVISION)
    MAJOR CODE- 0202 शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति सामान्य– 020201600010101
    Office Name- HZBEDN137 PRINCIPAL IGBV HZB
    RECEIPTS TYPE:- 0101-RECEIPT
14. नामांकन के समय 200.00 रू० (दो सौ रू०) नगद अवधान शुल्क लगेगा तथा नगद पाकेट मनी न्यूनतम 500.00 रू० तथा अधिकतम 1000.00 रू० मात्र जमा करना होगा।
    (नोट–छात्राओं के लिए अध्ययन सामग्री, दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुयें, दवा, चश्मा, फार्म भरने हेतु)।
15. विद्यालय कार्यालय द्वारा आपको नामांकन संबंधी आवेदन प्रपत्र (फॉर्म), विद्यालय नियमावली तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य आवेदन प्रपत्र भेजा जायेगा। जिसे भर कर तथा हस्ताक्षरित करने के उपरान्त आप पुत्री का नामांकन करा लेंगे।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्या
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय
हजारीबाग

PR 287435 School Education and Literacy (22-23)_D

## जोशीमठ में होटल मलारी इन गिराने की कार्रवाई शुरू

# बारिश और बर्फबारी से काम प्रभावित अमित शाह ने ली हाइलेवल मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोशीमठ।** उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने के घटना के बीच अब प्रभावित क्षेत्र के होटलों को गिराने का काम शुरू हो गया है। इस बीच यहां बारिश और बर्फबारी भी शुरू हो गई है। इससे ऑपरेशन प्रभावित हो रहा है। हालांकि होटल गिराने का काम जारी है। गुरुवार शाम को रऊफ़्रःने होटल मलारी इन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास के रास्तों को बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों को भी हटाया गया है। यह होटल पीछे की ओर पूरी तरह झुक गया है। एक अन्य होटल माउंट व्यू को भी जल्द हटाया जायेगा। इधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर जोशीमठ को लेकर हाइलेवल मीटिंग हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, आरके सिंह, भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद रहे। मीटिंग में जोशीमठ में लैंडस्लाइड के बाद सड़क, पावर सप्लाइ, पीने के पानी की कमी और इनवायरमेंट की स्थिति को लेकर बातचीत की गई। 40 मिनट चली मीटिंग में होम सेक्रेटरी अजय भल्ला भी मौजूद थे।

### आर्मी बेस की 25-28 इमारतों में मामूली दरारें

इधर, जोशीमठ में जमीन खिसकने का असर सेना पर भी हुआ है। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को बताया की- आर्मी बेस की 25-28 इमारतों में मामूली दरारें आयी हैं। सैनिकों को अस्थायी रूप से औली शिफ्ट कर दिया गया है। जरूरत पड़ी तो उनकी तैनाती स्थायी कर दी जायेगी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिकों की टीम को भी जोशीमठ भेजा गया है।

### सीएम धामी बोले- जोशीमठ खत्म होने का माहौल न बनायें

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी जोशीमठ पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और एक्सपर्ट्स के साथ बैठक की। धामी ने कहा- जोशीमठ के सिर्फ 25% घरों में दरारें हैं, ऐसे घरों को खाली करवा लिया गया है। ऐसा माहौल न बनाएं कि जोशीमठ खत्म हो रहा है।

### सीएम ने कहा: डर के माहौल से पर्यटक नहीं आयेंगे

सीएम धामी ने कहा कि जोशीमठ की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर है। 4 महीने बाद चार धाम की यात्रा भी है। डर का माहौल बनाने से पर्यटक नहीं आयेंगे। प्रभावितों के खाते में शाम तक फौरी तौर पर 1.5 लाख रुपये की मदद पहुंच जायेगी। बाद में प्रभावितों को और मदद दी जायेगी। हमने सरकार और जनप्रतिनिधियों की कमेटी बना दी है, जो मुआवजे के बारे में बात कर रही है।

### अब तक 589 लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया

उत्तराखंड डिजास्टर मैनेजमेंट सेक्रेटरी रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि जोशीमठ में आपदा राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ की 8 टीमें तैनात हैं। एनडीआरएफ दो टीमें भी लगाई गई हैं। अब तक 3 परिवारों को 4000 रुपये मकान किराया दिया गया है। अब तक 169 परिवारों के 589 लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। 73 परिवारों को सामान्य खर्च के लिए 5-5 हजार रुपये दिये गये हैं। एनडीआरएफ के प्रावधानों के अनुसार अब तक 10 परिवारों को 1.30 लाख रुपये प्रति परिवार दिये गये हैं।

### पिछले 24 घंटे में 50 अन्य घरों में दरारें आयी

पिछले 24 घंटों में जोशीमठ में 50 से ज्यादा अन्य घरों में दरारें देखी गईं। पहले यह आंकड़ा 723 था। उधर, लोगों का कहना है कि मुआवजा तय हुए बिना वे अपनी संपत्ति कैसे छोड़ दें। कुछ लोगों को होटलों में शिफ्ट किया गया, लेकिन वहां भी दरारें थीं। इससे लोग नाराज हो गए। इनका कहना था कि जब मरना ही है तो हम अपने घरों में ही मरना पसंद करेंगे। इस बीच जोशीमठ में घर के सर्वों को लेकर असमंजस बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि सब कुछ वैसा नहीं है, जैसा दिख रहा है। एक कमरे में तीन-तीन परिवार रह रहे हैं। छोटे बच्चों वाले परिवारों के लिए सर्द रातें किसी बुरे सपने के समान साबित हो रही हैं। सुबह होने पर इनमें से ज्यादतर परिवार अपने घरों के बरामदों में आकर बैठ जाते हैं। सिंहद्वार के रमेश सिंह नेगी ने कहा कि मंगलवार को सर्वे करने वाली टीम ने उनके मकान को सुरक्षित बताया था। रमेश बुधवार को काम पर चले गये। दोपहर में उनकी पत्नी ने फोन कर बताया कि सर्वे टीम आई है और कह रही है कि आधे घंटे में मकान खाली कर दो। रमेश तुरंत घर पहुंचे तो पत्नी बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। आधे घंटे में मकान कैसे खाली करेंगे।

### अब शुरू होगा 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान'

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत ब्लॉक स्तर तक लोगों से संपर्क करेगी। कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो यात्रा' और राहुल गांधी के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए आगामी 26 जनवरी से पूरे देश में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान आरंभ करने का फैसला किया है। यह अभियान दो महीने तक चलेगा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता अनिल भारद्वाज ने कहा, ह्यह्यभारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान देश में लोगों के बीच नफरत खत्म करने के लिए है।

# जागृति महिला मंडल ने किया बेडशीट पिलो कवर और तिल के लड्डू का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**सबंलपुर।** मकर संक्रान्ति पर्व को देखते हुए जागृति महिला मंडल की सदस्यो ने बुर्ला स्थित चइनी पड़ा के 20 लोगों को बेडशीट, पिलो कवर, तिल के लड्डु, साग सब्जियाँ एवं खानेपीने के सामग्री वितरित की। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता पटेल एवं उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा के मार्ग दर्शन में जागृति महिला मंडल की सदस्यों ने समर्पण परियोजना के तहत बुर्ला स्थित चइनी पड़ा में वितरण की गई। इस नेक कार्य में महिला मंडल की कार्यकर्ता एवं सदस्य भी उपस्थित थे।

# वेदांता झारसुगुड़ा ने ओड़िशा में आयोजित होने वाले हॉकी विश्व कप से पहले खेल प्रेमियों के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा में आयोजित होने वाले पुरुषों के एफआइएच हॉकी विश्व कप 2023 से पहले खेल प्रेमियों के लिए मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंटों की आयोजन करने के लिए झारसुगुड़ा जिला प्रशासन के साथ साझेदारी की है। झारसुगुड़ा जिला प्रशासन द्वारा लोगों की मांग पर वेदांता मीडोज क्रिकेट ग्राउंड में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन राहुल जैन पुलिस अधीक्षक (झारसुगुड़ा), अलोमनी सेठी परियोजना निदेशक (आर एंड आर), जीवन महांती अध्यक्ष ओड़िशा हॉकी एसोसिएशन, सुशील कुमार मिश्र जिला खेल अधिकारी और कोलाबीरा और बड़मल ब्लॉक के प्रभारी निरीक्षक द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 4 टीमों के बीच 12 ओवर के तीन मैच खेले गये - प्रशासन 11 (जिला प्रशासन), पुलिस एकादस (पुलिस प्रशासन), मीडिया 11 (झारसुगुड़ा के मीडिया हाउस) और 'कॉपोरेंट 11 वेदांत झारसुगुड़ा, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के कर्मचारी, ओड़िशा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन, और टीआरएल क्रोसाकी रेफ्रेक्ट्रीज लिमिटेड)। फाइनल मैच कॉपोरेट 11 और पुलिस एकदस के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस एकदस विजयी रही। ग्रैंड फिनाले में बोलते हुए सुनील गुप्ता सीइओ वेदांता लिमिटेड झारसुगुड़ा ने कहा खेल में लोगों को एक साथ लाने और खेल भावना, टीम बंधन और भाईचारे की भावना को प्रेरित करने की शक्ति है।

# एमसीएल ने राउरकेला में हवा को साफ रखने के लिए 4 फॉगिंग मशीन तैनात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने राउरकेला में हवा में स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिए चार मोबाइल 'फॉग कैनन' मशीन तैनात की है। राउरकेला शहर में एफआईएच ओडिशा हॉकी विश्व कप -2023 के 15वें संस्करण की मेजबानी करने की तैयारी जोरों पर है। ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुरोध पर 29 जनवरी, 2023 तक चार ट्रक-माउंटेड मोबाइल 'फॉग कैनन' और दो मैकेनिकल रोड स्वीपर को तैनात किया गया है। फॉग कैनन, जिसे मिस्ट कैनन के रूप में भी जाना जाता है, का उपयोग एमसीएल द्वारा धूल को दबाने और कोयला क्षेत्रों में परिवेशी वायु की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

# पुरी स्टेशन पुनर्विकास कार्य के लिए टिकट बुकिंग प्रणाली को स्थानांतरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** स्टेशन भवन के पुनर्विकास कार्य के लिए पुरी रेलवे स्टेशन की टिकट बुकिंग प्रणाली को स्थानांतरित किया गया। पुरी रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और यात्रियों के अनुकूल सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है । पुरी रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित पुनर्विकास कार्य की देखरेख के लिए कैंप कार्यालय को हाल ही में चालू किया गया है। चल रहे पुनर्विकास कार्य को देखते हुए, पुरी रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग प्रणाली को एक नए स्थान पर अर्थात रेल सुरक्षा बल और सरकारी रेल पुलिस बल कार्यालय के पास स्थानांतरित कर दिया गया है। पुरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल सुरक्षा बल और सरकारी रेल पुलिस बल कार्यालय में अस्थायी टिकट बुकिंग प्रणाली में पांच टिकट बुकिंग काउंटर, तीन यात्री आरक्षण काउंटर, एक पूछताछ काउंटर और पांच स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) शामिल हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओड़िशा में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और नियमित रूप से विकास कार्यों की निगरानी भी कर रहे हैं। पुरी रेलवे स्टेशन वैष्णव की फोकस परियोजनाओं में से एक है।

# दो दिवसीय वार्षिक खेल कार्यक्रम संपन्न



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित जैक एन जिल स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक खेल कार्यक्रम 9 और 10 जनवरी 2023 को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन/संबलपुर मंडल की उपाध्यक्ष रुचिका सिंह और अन्य सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**